# वार्षिक रिपोर्ट 2016-17

वार्षिक रिपोर्ट 2016-17

राष्ट्रीय महिला आयोग

# वार्षिक रिपोर्ट
# 2016-2017

राष्ट्रीय महिला आयोग
प्लॉट नं. 21, जसोला इंस्टीट्यूशनल एरिया–110025
http://www.ncw.nic.in

# विषय सूची


| | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| **प्राक्कथन** | | (i-iii) |
| **अध्याय–1** | प्रस्तावना | 1-4 |
| **अध्याय–2** | शिकायत एवं अन्वेषण (सी एण्ड आई) प्रकोष्ठ | 5-14 |
| **अध्याय–3** | नीति, कार्यक्रम, मानीटरिंग, अनुसंधान एवं समन्वय (पीपीएमआरसी) प्रकोष्ठ | 15-52 |
| **अध्याय–4** | अनिवासी प्रकोष्ठ एन.आर.आई. भारतीय | 53-56 |
| **अध्याय–5** | पूर्वोत्तर प्रकोष्ठ | 57-65 |
| **अध्याय–6** | विधिक प्रकोष्ठ | 66-76 |
| **अध्याय–7** | स्वप्रेरणा प्रकोष्ठ | 77-82 |
| **अध्याय–8** | मीडिया और पहुंच कार्यक्रम | 83-84 |
| **अध्याय–9** | सूचना का अधिकार | 85-86 |
| **अध्याय–10** | सरकारी कार्य में हिन्दी का प्रयोग | 87 |
| **अध्याय–11** | सूचना संचार प्रौद्योगिकी का प्रयोग | 88 |
| **अध्याय–12** | लैंगिक उत्पीड़न की शिकायतों पर कार्यवाही करने की प्रक्रिया | 89 |
| **अध्याय–13** | वार्षिक लेखे 2016–17 | 91-136 |
| **अध्याय–14** | लेखा परीक्षा रिपोर्ट 2016–17 | 137-144 |
| **अध्याय–15** | वर्ष 2016–17 की लेखापरीक्षा रिपोर्ट की मुख्य बातें और उन पर की गई कार्रवाई | 145-147 |

**उपाबंध**

| | | |
|---|---|---|
| **उपाबंध** -I | आयोग की संरचना | 150 |
| **उपाबंध** -II | आयोग का संगठनात्मक चार्ट | 151 |
| **उपाबंध** -III | आयोग द्वारा विचार किए गए विषय | 152-157 |

Rekha Sharma
Member & Chairperson (IC)
Tel. : 011-26944808
Fax : 011-26944771

भारत सरकार
राष्ट्रीय महिला आयोग
प्लाट नं. 21,जसोला इंस्टीट्यूशनल एरिया
एफ. सी. 33, नई दिल्ली-110 025
GOVERNMENT OF INDIA
NATIONAL COMMISSION FOR WOMEN
PLOT NO. 21, FC-33, JASOLA
INSTITUTIONAL AREA, NEW DELHI-110 025
Website : www.ncw.nic.in
E-mail : chairperson-ncw@nic.in
sharma.rekha@gov.in

# प्राक्कथन

राष्ट्रीय महिला आयोग अब पच्चीस वर्षों से अस्तित्व में हैं। यह आयोग राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 (1990 का 20) के 31 जनवरी, 1992 से लागू होने के बाद ही क्रियान्वित हो गया था। वार्षिकोत्सव हमें रूककर आकलन और चिन्तन करने का मौका प्रदान करते हैं कि हम क्या कर पाए और क्या नहीं कर सके। इस संदर्भ में आयोग की 25वीं जयंती हमें आत्मनिरीक्षण करने, सुधार करने, आयोग के लिए नए आयाम निर्धारित करने और स्वयं को उस लक्ष्य के लिए जो आयोग के अस्तित्व का मूल उद्देश्य है, पुनः समर्पित करने का अवसर प्रदान करती है।

पच्चीस वर्ष के सफर में कई सकारात्मकताएं है साथ ही साथ यह महिलाओं की स्थिति में सुधार करने और उन्हें अधिक गरिमामय जीवनयापन करने के लिए समर्थ बनाने और अवसरों की प्राप्ति में व्यवस्थागत और संरचनात्मक कमियों और बाधाओं को भी उजागर करता है। सकारात्मक पक्ष यह है कि इस अवधि के दौरान आयोग, सरकार के भीतर और सरकार के बाहर मुख्य साझेदारों तथा अन्तरराष्ट्रीय निकायों के साथ भागीदारी विकसित करने में समर्थ रहा है। कुल मिलाकर, इन 25 वर्षों के दौरान आयोग महिलाओं के सशक्तीकरण से संबंधित सभी क्रियाकलापों के लिए, स्वयं को सबसे आगे स्थापित कर पाने में भी सफल रहा।

वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान, आयोग महिलाओं के संवैधानिक और विधिक अधिकारों तथा हकदारियों को सुरक्षित करने और आगे बढ़ाने के लिए अधिदेश के निबंधनों के अनुसार ऐसा वातावरण सृजित करने के लिए कार्य करता रहा है जिसमें जीवन के सभी कार्यक्षेत्रों में महिलाएं अपनी पूर्ण सक्षमता की अनुभूति कर सके और प्रभावी रूप से राष्ट्र निर्माण में योगदान भी कर सके। आयोग ने, राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 में परिभाषित अपने अधिदेश के अनुसरण में, केवल एक छोटा ढांचा स्थापित किया है जिसमें मुख्य रूप से संविदा के आधार पर नियुक्त कर्मचारी हैं। इस छोटे ढांचे को लेकर आयोग ने केन्द्रीय सरकार के मंत्रालयों और विभागों, राज्य महिला आयोगों, राज्य सरकार के विभागों, शैक्षणिक संस्थाओं, गैर–सरकारी संगठनों और संयुक्त राष्ट्र संगठन के विभिन्न अभिकरणों के साथ सक्रिय सहयोग से अपने अधिदेश को चरितार्थ करने का प्रयास किया।

वर्ष 2016–17 के दौरान आयोग ने विभिन्न संगठनों के सहयोग से आयोजित अनेक सेमिनारों, कार्यशालाओं, कानूनी जागरुकता कार्यक्रमों, लिंग (जेंडर) संवेदीकरण कार्यक्रमों, आदि के माध्यम से सभी साझेदारों को ज्ञान और जानकारी सुलभ कराने के अपने क्रियाकलापों को जारी रखा। आयोग ने महिला कल्याण से संबंधित कार्य को और आगे बढ़ाने और नई विचार शैली विकसित करने के उद्देश्य से संबंधित विषयों पर कई अनुसंधान अध्ययन भी प्रायोजित किए। आयोग ने विधि प्रर्वतन अभिकरणों के लिए, महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए और ऐसे विषयों पर सावधानीपूर्वक कार्य करने और उन्हें संवेदनग्राही बनाने के लिए भी कई कार्यक्रम आयोजित किए। आयोग ने पूर्वोत्तर राज्यों में महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक सशक्तीकरण की स्थिति पर भी एक अध्ययन कराया जो अब पूरा हो गया है और अब सभी संबंधित अभिकरणों के साथ इसकी सिफारिशों का अनुशीलन किया जा रहा है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि जमीनी स्तर पर कार्रवाई हो और अपेक्षित परिणाम को पूर्ण रूप से सुनिश्चित किया जा सके। आयोग ने पंचायत स्तर पर निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देने के लिए एक मॉडयूल विकसित किया है और राजस्थान में इससे संबंधित मार्गदर्शी परियोजना पूरी हो गई है। तत्पश्चात, प्रारंभिक परियोजना भी झारखंड के तीन जिलों में शुरू कर दी गई है। आयोग की पहुंच को बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालयों/विधि विभागों/महाविद्यालयों और राष्ट्रीय, राज्य और जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों का सहयोग भी लिया गया।

आयोग को व्यथित महिलाओं से बड़ी संख्या में शिकायतें प्राप्त होती हैं। इन शिकायतों का संबंध ऐसी समस्याओं से होता है जिन्हें महिलाएं प्रतिदिन जीवन में अपने घर पर, कार्यस्थल पर और अन्य स्थानों पर झेलती हैं और इसके परिणामस्वरूप वे गरिमा के साथ अपना जीवन व्यतीत नहीं कर पाती है। आयोग ने शिकायतों को दर्ज करने, उनकी प्रक्रिया और समाधान के लिए ऑनलाइन पद्धति विकसित की है जो पूर्ण रूप से क्रियाशील है। आयोग, राज्यों के सभी संबंधित प्राधिकारियों और लोक तथा पब्लिक सेक्टर में नियोजकों के साथ उन सभी मामलों में, जहां महिलाओं के अधिकारों का अतिलंधन हुआ हो, सक्रिय रूप से उचित कार्यवाही करने की कोशिश करता रहा है। यह एक हर्ष का विषय है कि सभी संबंधित प्राधिकारियों के सहयोग से आयोग इतनी बड़ी संख्या में ऐसी शिकायतों का निवारण करने में समर्थ रहा है। आयोग द्वारा महिलाओं के साथ भेदभाव और अत्याचार के विनिर्दिष्ट मामलों का अन्वेषण करने के लिए कई क्षेत्रों के दौरे किए गए और जांच की गई।

आयोग बड़ी संख्या में ऐसी घटनाओं जिनमें महिलाओं के अधिकारों का वंचन और उनके विरूद्ध जघन्य अपराध भी शामिल हैं, का संज्ञान स्वप्ररेणा से भी ले रहा है। आयोग ने सभी मामलों पर शीघ्रतापूर्वक अन्वेषण कराया जिसके परिणामस्वरूप अपराधियों के विरूद्ध आरोपपत्र दाखिल किए और अभियोजन किया। आयोग अनिवासी भारतीय विवाहों से संबंधित विषयों को हल करने में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। आयोग ने विदेश मंत्रालय, विदेश में हमारे मिशन, भारत में और अन्य देशों के दूतावास, राज्य पुलिस प्राधिकारियों आदि

के समन्वय से इस प्रकार के कई मामलों को हल किया और अन्य मामलों में अन्वेषण में तीव्रता लाई।

आयोग ने पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो (बी.पी.आर. और डी.), गृह मंत्रालय के सहयोग से महिला पुलिस अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यशालाएं भी आयोजित कीं। इन कार्यशालाओं में महिलाओं से संबंधित अपराधों का अन्वेषण करने पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। महिला अंतवासियों की दशा का परीक्षण करने के लिए, आयोग के सदस्यों ने विभिन्न अभिरक्षा संस्थाओं जैसे जेल, सुधारगृह, आश्रयगृह आदि का दौरा किया और जहां कहीं आवश्यक समझा गया, संबंधित प्राधिकारियों को उपचारात्मक उपायों को अपनाने की सिफारिश की। राज्य महिला आयोगों की कार्यपद्धति में सुधार किए जाने को दृष्टि में रखते हुए राष्ट्रीय और राज्य आयोगों के प्रतिनिधियों के साथ कई संवाद बैठकें भी आयोजित की गई।

टाटा समाज विज्ञान संस्थान और दिल्ली पुलिस के साथ समझौता ज्ञापन के अनुसरण में ''हिंसा मुक्त घर–एक महिला का अधिकार'' परियोजना के विस्तार के लिए पुलिस थानों के भीतर महिलाओं के विरूद्ध अपराध प्रकोष्ठ (सी.ए.डब्ल्यू. सेल) में सामाजिक कार्यकर्ताओं और परामर्शदाताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है और यह कार्य बिना किसी बाधा के चल रहा है। इन क्रियाकलापों को कई अन्य जिलों में भी प्रारंभिक परियोजना के तौर पर समुचित बदलाव के बाद दोहराया जा रहा है। समय के सम्यक् अनुक्रम में इन प्रक्रियाओं में सुधार करके और भी राज्यों में पुनरावृत्ति किए जाने का प्रस्ताव है।

मैं इस अवसर पर आयोग की ओर से भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों तथा विभिन्न राज्य सरकारों और राज्य महिला आयोगों, मेरे सहयोगियों, आयोग के कर्मचारीवृन्दों जिनके सामूहिक प्रयासों और प्रतिबद्धता के बिना हम अपने लक्ष्य और सामूहिक उद्देश्यों को प्राप्त नहीं कर सकते थे, के द्वारा दिए गए समर्थन के लिए, विशेष आभार व्यक्त करती हूँ। मैं इस अवसर पर अपने सभी भागीदारों को गांधीजी के इस विचार को स्मरण कराना चाहती हूँ कि महिलाएं नैतिक शक्ति के आधार पर पुरूषों से बहुत अधिक उत्कृष्ट हैं, उनके पास बहुत अधिक अंर्तदृष्टि हैं, वे बहुत अधिक त्याग करने वाली, अत्यधिक धैर्यवान और साहसी हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए, आने वाले वर्षों में बड़ी संख्या में सम्पूर्ण मानवता के फायदे के लिए महिलाओं की पूर्ण सक्षमताओं को और अधिक उन्मुक्त करने के संबंध में कार्य करने की आवश्यकता है।

**(रेखा शर्मा)**
**सदस्य और अध्यक्ष (प्रभारी)**

अध्याय-1

# प्रस्तावना

1.1 सभी मनुष्यों की गरिमा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सिद्धांतों को भारत के संविधान के विभिन्न भागों में विस्तारपूर्वक परिभाषित और स्पष्ट रूप में व्यक्त किया गया है। संविधान की उद्देशिका से शुरु करके तत्वज्ञान के रूप में – सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता और प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने की घोषणा स्पष्ट रूप से की गई है। मूल अधिकारों की गारंटी और राज्य की नीति के निदेशक तत्वों का मार्गदर्शन इसे और मजबूत बनाता है। संविधान के विभिन्न उपबंध मिलकर देश के प्रत्येक नागरिक को अपनी भरपूर क्षमता की अनुभूति के लिए सशक्त बनाते हैं। इसमें ऐसा सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक वातावरण तैयार करने का भी उपबंध किया गया है, जो उनकी क्षमता की ऐसी अनुभूति में सहायक हो।

1.2 लैंगिक समानता और समान अवसर की उपलब्धता संविधान की अभिन्न और प्रमुख मूलभूत विशेषताएं हैं, जो भेदभाव, जिसके अंतर्गत लिंग के कारण भेदभाव भी शामिल है, को नकारती है। संविधान में दी गई गारंटी के होते हुए भी, अन्य देशों की तरह भारत में भी महिलाओं के साथ असमान व्यवहार होता रहा है। किसी भी देश की लगभग आधी जनसंख्या महिलाओं की होती है। देश के विकास के लिए सभी आर्थिक क्रियाकलापों में पुरुषों और महिलाओं की समान भागीदारी आवश्यक है। स्वामी विवेकानन्द ने इसे बड़े स्पष्ट शब्दों में व्यक्त किया है, "जैसे कोई पक्षी केवल एक पंख से नहीं उड़ सकता, उसी प्रकार कोई भी राष्ट्र महिलाओं को पीछे छोड़कर आगे नहीं बढ़ पाएगा।"

1.3 उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए और महिलाओं से संबंधित उत्तरवर्ती समितियों और आयोगों, जिनमें भारत सरकार द्वारा वर्ष 1974 में स्थापित महिलाओं की स्थिति से संबंधित समिति भी है, की सिफारिशों के आधार पर, संसद् द्वारा "राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 (1990 का 20)" अधिनियमित किया गया। यह अधिनियम 31 जनवरी, 1992 को प्रवृत्त हुआ। संक्षेप में, आयोग निम्नलिखित बातों के लिए उत्तरदायी है:–

(i) महिलाओं के लिए उपबंधित सांविधानिक और विधिक रक्षोपायों से संबंधित सभी विषयों का अध्ययन और अनुवीक्षण करना;

(ii) विद्यमान विधानों की समीक्षा करना और जहां आवश्यक हो, संशोधनों का सुझाव देना;

(iii) महिला अधिकारों के वंचन से संबंधित मामलों के बारे में शिकायतों की जांच पड़ताल और स्वप्रेरणा से संज्ञान लेना जिससे निःसहाय महिलाओं को कानूनी अथवा अन्य सहायता प्रदान की जा सके;

(iv) महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण के लिए अधिनियमित सभी विधानों के समुचित कार्यान्वयन का अनुवीक्षण करना, जिससे महिलाओं को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में समानता और राष्ट्र के विकास में समान भागीदारी प्राप्त करने में समर्थ बनाया जा सके; और

(v) संवर्धन और शैक्षिक अनुसंधान कराना और महिलाओं के सामाजिक–आर्थिक विकास की योजना संबंधी प्रक्रिया में भाग लेना/सलाह देना।

1.4 आयोग के कृत्यों का विस्तृत विवरण राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 10 में दिया गया है। इस धारा में आयोग के 14 भिन्न–भिन्न कृत्यों की सूची दी गई है। आयोग में एक अध्यक्ष, पांच सदस्य और एक सदस्य–सचिव शामिल है। आयोग की संरचना उपाबंध–I पर दी गई है। अध्यक्ष और सदस्यों की अधिकतम कार्यावधि तीन वर्ष तक हो सकती है। वर्तमान में, आयोग की सहायता के लिए एक छोटा सचिवालय और निम्नलिखित प्रकोष्ठ है:

(i) शिकायत और अन्वेषण (सी एंड आई) प्रकोष्ठ;

(ii) अनिवासी भारतीय (एन.आर.आई.) प्रकोष्ठ;

(iii) नीति, कार्यक्रम, मानिटरिंग, अनुसंधान और समन्वय (पी.पी.एम.आर.सी.) प्रकोष्ठ;

(iv) पूर्वोत्तर (एन.ई.) प्रकोष्ठ;

(v) विधिक प्रकोष्ठ;

(vi) सूचना का अधिकार(आर.टी.आई.) प्रकोष्ठ;

(vii) स्वप्रेरणा प्रकोष्ठ; और

(viii) लोक संपर्क(पी.आर.) प्रकोष्ठ;

1.5 प्रत्येक प्रकोष्ठ में युवा वृत्तिक रखे गए हैं, जिनमें से अधिकांश संविदागत आधार पर नियोजित हैं। आयोग का संगठनात्मक चार्ट उपाबंध–II में दिया गया है। आयोग की बैठकों और उसमें लिए गए प्रमुख निर्णयों का विवरण उपाबंध–III में दिया गया है।

1.6 आयोग, अपने आप और अन्य निकायों की सहभागिता से महिलाओं के लिए सुसंगत मुद्दों के संबंध में अध्ययन कराता है, जिसमें अनुसंधान भी शामिल है। आयोग महिलाओं के सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए योजनागत प्रक्रिया में सहभागिता करता है और सलाह देता है और इन क्षेत्रों में की गई प्रगति का मूल्यांकन करता है। वह,

कारागारों, रिमांड गृहों/आश्रय गृहों आदि स्थानों का निरीक्षण भी करता है और ऐसे निरीक्षणों और दौरों के दौरान पाई गई कमियों को दूर करने के लिए संबंधित प्राधिकारियों के समक्ष उपचारात्मक कार्रवाई करने के लिए मामलों को उठाता है।

1.7 आयोग ने रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने और उनके सशक्तीकरण के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं। आयोग के सदस्यों और अन्य पदाधिकारियों ने देश के विभिन्न भागों का दौरा किया और प्रायोगिक आधार पर निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के क्षमता–निर्माण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए रांची और हैदराबाद में 22 और 24 सितम्बर, 2016 को बैठकें आयोजित कीं। यह कार्यक्रम महिला प्रतिनिधियों को पंचायती राज संस्थाओं में सशक्त करने और ग्रामीण क्षेत्रों में विकासात्मक और कल्याणकारी कार्यक्रमों की योजना, कार्यान्वयन और निगरानी में उनकी भागीदारी सुकर बनाने की दृष्टि से आरंभ किया गया। आयोग के सदस्यों और अधिकारियों ने आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न सेमीनारों, कार्यशालाओं और कानूनी जागरुकता कार्यक्रमों आदि में भी सक्रिय रूप से भाग लिया। इनमें से अनेक क्रियाकलापों का आयोजन राज्य महिला आयोगों, सरकारी विभागों और अन्य संगठनों के सहयोग से किया गया।

1.8 विभिन्न राज्यों में महिलाओं के प्रति अपराधों से संबंधित मामलों का अन्वेषण करने के लिए महिला पुलिस अधिकारियों की क्षमता में वृद्धि करने के लिए क्षमता–निर्माण कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। गृह मंत्रालय के अधीन पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो (बी.पी.आर. और डी.) के सहयोग से आयोग ने वित्तीय वर्ष के दौरान भिन्न–भिन्न स्थानों पर महिला पुलिस अधिकारियों के लिए अनेक तीन–दिवसीय क्षमता–निर्माण और प्रशिक्षण कार्यशालाओं का संचालन किया। इन कार्यशालाओं में महिलाओं से संबंधित अपराधों का अन्वेषण करने के लिए उत्तरदायी अनेक पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया।

1.9 इस बात को ध्यान में रखते हुए कि बच्चे की देखरेख का उत्तरदायित्व माता और पिता दोनों को मिलकर उठाने की आवश्यकता है, आयोग ने केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए बाल देखरेख छुट्टी मंजूर करने के लिए लिंग–निरपेक्ष दृष्टिकोण के बारे में विचार–विमर्श करने के लिए ऐसी छुट्टी के विषय के पुनर्विलोकन के संबंध में 3 मार्च, 2017 को एक परामर्श बैठक का आयोजन किया। विभिन्न मंत्रालयों, जिनमें कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय, वित्त मंत्रालय, विधि और न्याय मंत्रालय, भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, रेल और दूरसंचार भी सम्मलित हैं, के प्रतिनिधियों, विधि विशेषज्ञों और सिविल सोसाइटी संगठनों ने इस परामर्श में भाग लिया।

1.10 आयोग ने, अपने अधिदेश के अनुसार, देश के विभिन्न भागों से प्राप्त महिलाओं की बहुत सारी शिकायतों से संबंधित मामलों का अन्वेषण किया है और देश भर में संबंधित प्राधिकारियों से उन शिकायतों पर अग्रिम कार्रवाई करने के लिए संपर्क करके अनेक मामलों में शिकायतों का निपटारा कराने में सहायता की है। आयोग ने अनेक मामलों में, विभिन्न मीडिया रिपोर्टों और महिलाओं के अधिकारों के वंचन से संबंधित शिकायतों और विधियों के अकार्यान्वयन के आधार पर और पीड़ितों को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराने के लिए स्वप्रेरणा से संज्ञान भी लिया। आयोग संबंधित प्राधिकारियों से ऐसे मामलों का अनुसरण करता है और उनसे की गई कार्रवाई की रिपोर्टें मंगाता है। गंभीर मामलों में, आयोग ने आयोग के सदस्यों की अध्यक्षता में जांच समितियों का गठन भी किया है। आयोग ने, आयोग में प्राप्त शिकायतों के प्रभावी निपटान के लिए देश के विभिन्न भागों में एक प्रायोगिक "महिला जनसुनवाई" कार्यक्रम आरंभ किया है।

1.11 ऐसी जनसुनवाइयों के दौरान, पुलिस और जनता की प्रतिक्रिया उत्साहवर्धक थी। पुलिस जनसुनवाइयों में, सुने गए 80 प्रतिशत मामले तय कर दिए गए या बन्द कर दिए गए या उनका अनुपालन किया गया। प्रथम जनसुनवाई का आयोजन वाराणसी में किया गया था जहां 111 मामले लिए गए थे और 91 मामलों का निपटारा कर दिया गया। महिला जनसुनवाई में, सभी 28 पक्षकारों के मामले तय/बन्द कर दिए गए थे/उनका अनुपालन किया गया। इन दौरों से देश के विभिन्न भागों में महिलाओं द्वारा झेली जा रही समस्याओं के बारे में प्रथमदृष्टया जानकारी एकत्र करने में भी सहायता मिली। इससे संबंधित प्राधिकारियों के परामर्श से उपचारात्मक उपायों को अंतिम रूप देने में भी सहायता प्राप्त हुई।

1.12 राष्ट्रीय महिला आयोग ने, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अनुसरण में आयोग के प्रशासन और अन्य विषयों में स्पष्टता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत प्रबंध किए हैं। इसके अंतर्गत अधिक से अधिक जानकारी को सार्वजनिक क्षेत्र में रखना और सूचना के अधिकार से संबंधित आवेदनों और अपीलों पर कार्यवाही करने के लिए एक समर्पित प्रकोष्ठ की स्थापना करना भी है।

******

अध्याय-2

# शिकायत और अन्वेषण प्रकोष्ठ

2.1 महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित करने और उनके अधिकारों के रक्षोपाय के लिए अधिनियमित कानूनों के अक्रियान्वयन से संबंधित परिवेदना और शिकायतों का निवारण करना आयोग द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण क्रियाकलापों में से एक है। आयोग के अन्य अधिदेशों की तुलना में, जिनका उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों और हकदारियों का, उनकी क्षमताओं को पूर्ण रूप से चरितार्थ कराने के लिए एक वातावरण सृजित करना है, यह क्रियाकलाप महिला अधिकार वंचना सम्बन्धी व्यक्तिगत समस्याओं व सरोकारो पर कार्रवाई करता है। कानून, अधिकार, हकदारी, योजनाएं, कार्यक्रम, परियोजनाएं आदि तभी अच्छी है, जब इनका क्रियान्वयन बेहतर हो। इसलिए संबंधित व्यक्ति की चिन्ता को दूर करना वास्तव में संवैधानिक और जमीनी स्तर पर महिलाओं के विधिक अधिकारों की पहुंच सुनिश्चित करता है।

2.2 इस उपबंध का अनुपालन करने के लिए आयोग ने महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित करने/कानूनों का अक्रियान्वयन आदि से संबंधित पूरे देश से प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही करने के लिए पूर्णांग शिकायत और अन्वेषण प्रकोष्ठ स्थापित किया है। ये शिकायतें मौखिक रूप से, लिखित में या इसकी वेबसाइट अर्थात् www.ncw.nic.in के माध्यम से प्राप्त होती हैं। इसके अतिरिक्त आयोग महिलाओं के साथ जघन्य अपराध कारित किए जाने से संबंधित शिकायतों का स्व–प्रेरणा से संज्ञान भी लेता है। आयोग इस प्रकोष्ठ में नियुक्त वृत्तिकों की सेवाओं का उपयोग करता है तथा विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञों जैसे, मनोवैज्ञानिकों, मनोचिकित्सक, विधिक परामर्शियों आदि की सेवाओं को पारिश्रमिक पर लेता है।

2.3 यह प्रकोष्ठ, शिकायतों पर कार्यवाही/प्रक्रिया करते समय राज्य पुलिस प्राधिकारियों, राज्य महिला आयोगों, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आदि से सहायता प्राप्त करने के लिए उनसे तालमेल बनाए रखता है। जहां आवश्यकता होती है वहां राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग आदि के साथ क्रियाकलापों का समन्वय भी करता है।

2.4 आयोग के अनुभव के आधार पर व्यापक रूप से शिकायतें निम्नलिखित वर्गों के अधीन की जाती है:

(i) पुलिस की उदासीनता/निष्क्रियता की शिकायतों को संबंधित प्राधिकारियों को मामले का समय पर और उचित अन्वेषण सुनिश्चित करने के लिए प्रेषित किया जाता

है। उनसे शिकायत के संबंध में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट (एटीआर) मंगायी जाती है और उसकी जांच पड़ताल की जाती है। आयोग वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों के साथ मामले के संबंध में फोन पर या लिखित में संपर्क बनाए रखता है और व्यक्तिगत शिकायतों की प्रगति को तब तक मानीटर करता है, जब तक उनका तर्कपूर्ण निष्कर्ष नहीं निकलता है;

(ii) पारिवारिक/वैवाहिक विवादों को, जहां तक संभव हो, परामर्श के माध्यम से हल किया जाता है। कुछ मामलों में आयोग पक्षकारों के काउन्सेल के माध्यम से कलह का हल करने का प्रयास करता है। बाहर के दम्पतियों/परिवारों की दशा में स्थानीय प्राधिकारियों/राज्य महिला आयोगों/एसएलएसए/डीएलएसए/संरक्षण अधिकारियों से सहायता ली जाती है। कई मामलों में जन सुनवाई के दौरान विचार किया जाता है।

(iii) गंभीर अपराधों की दशा में आयोग जांच समिति गठित करता है जो घटनास्थल पर जाकर जांच करती है, विभिन्न साक्षियों की परीक्षा करती है, साक्ष्य संगृहीत करती है और आयोग को सिफारिशों की रिपोर्ट प्रस्तुत करती है। ऐसे अन्वेषण से हिंसा और अत्याचार से पीड़ित महिलाओं को तुरन्त राहत और न्याय प्रदान करने में सहायता मिलती है। आयोग जांच समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन का अनुवीक्षण करता है और आरोपपत्र फाइल होने तक राज्य सरकारों/प्राधिकारियों के साथ अनुकरण करता रहता है।

(iv) कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों की बाबत, संबंधित संगठन/विभाग/प्राधिकरण को ऐसी शिकायतों की जांच करने के लिए महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के उपबंधों के अनुसार आन्तरिक शिकायत समिति (आईसीसी) का गठन करने की सलाह दी जाती है। ऐसे सभी संगठनों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे आईसीसी की रिपोर्ट की प्रति आयोग को उसके परिशीलन के लिए प्रस्तुत करें। आयोग मीडिया के माध्यम से अधिनियम के उपबंधों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सक्रिय कदम भी उठाता है।

(v) ऐसी शिकायतें जिनका प्रत्यक्ष रूप से महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित किए जाने से संबंध नहीं हैं उन्हें क्रमशः राज्य महिला आयोगों, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग तथा तत्संबंधी राज्य आयोगों को और उनके राज्य के प्रतिस्थानी को समुचित कार्रवाई आरम्भ करने के लिए प्रेषित की जाती हैं।

## ऑनलाइन शिकायत पंजीकरण प्रणाली

2.5 जहां तक सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग करने का संबंध है अभी तक आयोग इस क्षेत्र में पथ प्रदर्शक रहा है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने आयोग की वेबसाइट अर्थात् www.ncw.nic.in के माध्यम से शिकायतों के शीघ्र और सरल पंजीकरण के लिए वर्ष 2005 में ऑनलाइन शिकायत पंजीकरण प्रणाली का शुभारंभ किया। इस सॉफ्टवेयर को निरन्तर रूप से अपग्रेड किया जा रहा है जिससे कि वह परिवर्तित हो रही आवश्यकताओं को पूरा कर सके और उपयोक्ता अनुकुल हो। इस प्रणाली के परिणामस्वरूप शिकायतों के पंजीकरण और पावती जारी करने में तेजी आई है। कोई भी भारत/विश्व के किसी भी भूभाग से उक्त साइट पर लॉग इन करके अपनी शिकायत का पंजीकरण करा सकता/सकती है। उक्त शिकायत को पंजीकरण संख्या दी जाती है। तत्पश्चात् उस शिकायत का निपटान भी डाक द्वारा/दस्ती प्राप्त होने वाली शिकायतों आदि की तरह ही किया जाता है। यह प्रणाली शिकायतकर्ता को मामले की प्रगति की जानकारी प्राप्त करने के लिए आयोग की वेबसाइट पर शिकायत के पंजीकरण के समय उन्हें दी गई विशिष्ट प्रयोक्ता आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग करके मात्र लॉग इन करके सक्षम बनाती है।

2.6 विभिन्न प्रकार की शिकायतों पर पर्याप्त ध्यान दिया जा रहा है, यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से और अन्तर्ग्रस्त गंभीरता को ध्यान में रखते हुए आयोग ने शिकायतों पर कार्रवाई करने के लिए एक वैज्ञानिक प्रोटोकाल की योजना बनाई गई है। इसके भागरूप, इसने शिकायतों को ''गैर–अधिदेश'' और ''अधिदेश'' वर्गों में वर्गीकृत किया है।

2.7 सामान्यतः निम्नलिखित प्रकृति की शिकायतों/मामलों को ग्रहण नहीं किया जाता है, तथापि, ऐसे मामलों में जिनमें आयोग अधिकारों का अतिलंघन पाता है, उन मामलों को विधि और प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई के लिए संबंधित प्राधिकारियों को निर्दिष्ट किया जाता है।

(क) अपठनीय या अस्पष्ट, अनाम या छदम नाम वाली शिकायतें;

(ख) जब उठाया गया मुद्दा पक्षकारों के बीच संविदात्मक अधिकारों, बाध्यताओं आदि जैसे सिविल विवादों से संबंधित हो;

(ग) जब उठाए गए विवाद्यक महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित किए जाने से संबंधित न होकर सेवा संबंधी मामलों से जुड़े हों;

(घ) जब उठाया गया मुद्दा महिलाओं को अधिकारों से वंचित किए जाने से संबंधित न होकर श्रम संबंधी/औद्योगिक मुद्दे से जुड़ा हो;

(ङ) जब मामला न्यायाधीन हो;

(च) आयोग ऐसे किसी मामले की जांच नहीं करेगा जो किसी राज्य आयोग या तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन सम्यक् रूप से गठित किसी अन्य आयोग के समक्ष लंबित हो;

(छ) जब आयोग ने मामले में विनिश्चय पहले ही कर दिया हो;

(ज) जब मामला किसी अन्य आधार पर आयोग के कार्यक्षेत्र से बाहर हो;

(झ) जब उठाया गया विवाद्यक संपत्ति विवाद से संबंधित हो।

2.8 इस समय आयोग में प्राप्त और पंजीकृत होने वाली अधिदेश शिकायतों को मुख्यतः निम्नलिखित वर्गों में पंजीकृत किया जाता है:–

1. महिलाओं के विरूद्ध हिंसा:–
   (i) बलात्संग का प्रयास;
   (ii) बलात्संग;
   (iii) लैंगिक हमला; और
   (iv) तेजाब हमला;
2. लिंग चयनित गर्भपात मादा भ्रूण हत्या/गर्भवती महिला के गर्भाशय की जांच;
3. यौन उत्पीड़न जिसमें कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न भी शामिल है;
4. महिला अधिकारों के प्रति अपमानजनक परंपरागत प्रथाए अर्थात् सती प्रथा, देवदासी प्रथा, चुड़ैल हत्या;
5. स्त्री अशिष्ट रूपण;
6. दहेज उत्पीड़न/दहेज हत्या;
7. महिलाओं का दुर्व्यापार/वेश्यावृत्ति;
8. महिलाओं की लज्जा भंग करना;
9. पीछा करना/रतिदर्शन;
10. महिलाओं के विरूद्ध साइबर अपराध;
11. द्विविवाह/बहुविवाह;
12. विवाह में विकल्प देने का अधिकार;
13. सम्मान के साथ जीना जिसमें,
    (i) घरेलू हिंसा;

(ii) क्रूरता;

(iii) उत्पीड़न, भी शामिल है;

14. विवाह–विच्छेद की दशा में बच्चों की अभिरक्षा का महिलाओं का अधिकार;

15. शिक्षा एवं कार्य का समान अधिकार सहित लिंग (जेंडर) भेदभाव;

16. महिलाओं को मुफ्त कानूनी सहायता;

17. महिलाओं की निजता और इससे संबंधित अधिकार;

18. महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता;

19. महिलाओं का प्रजनन स्वास्थ्य का अधिकार;

2.9 वर्ष 2016–17 के दौरान अधिदेश के अन्तर्गत लगभग 17,290 शिकायतों/मामलों को शिकायत और अन्वेषण प्रकोष्ठ द्वारा पंजीकृत किया गया था। अप्रैल 2016–मार्च 2017 के दौरान आयोग द्वारा जिन शिकायतों को पंजीकृत किया गया था उनका प्रकृति–वार और राज्य–वार ब्यौरा निम्नलिखित है:

प्रकृति–वार शिकायतों के अभिलेखों का विश्लेषण करने पर यह पता चला है कि अधिकतर शिकायतों का संबंध गरिमा के साथ जीवनयापन के अधिकार और महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता है।

शिकायतों का वर्ग–वार वर्गीकरण जिसमें ऐसी शिकायतें नहीं हैं जो अधिदेश/पृष्ठांकन/किसी अनाम व्यक्ति द्वारा की गई हो।

**वर्ष 2016–2017 के दौरान प्राप्त शिकायतों की वर्ग–वार सूची**

| क्रम सं. | प्रकृति | कुल |
|---|---|---|
| 1. | द्विविवाह/बहुविवाह | 163 |
| 2. | महिलाओं के विरूद्ध साइबर अपराध | 325 |
| 3. | दहेज उत्पीड़न/दहेज हत्या | 2255 |
| 4. | महिलाओं को मुफ्त कानूनी सहायता | 185 |
| 5. | शिक्षा एवं कार्य का समान अधिकार सहित लिंग (जेंडर) भेदभाव | 60 |
| 6. | स्त्री अशिष्ट रूपण | 120 |
| 7. | महिलाओं की लज्जा भंग करना | 1125 |
| 8. | महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता | 4710 |
| 9. | महिलाओं की निजता और इससे संबंधित अधिकार | 148 |
| 10. | महिलाओं का प्रजनन स्वास्थ्य का अधिकार | 91 |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | विवाह में विकल्प देने का अधिकार | 434 |
| 12. | गरिमा के साथ जीवनयापन का अधिकार | 5504 |
| 13. | लिंग चयनित गर्भपात/मादा भ्रूण हत्या/गर्भवती महिला के गर्भाशय की जांच | 38 |
| 14. | लैंगिक उत्पीड़न जिसमें कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न भी शामिल है | 522 |
| 15. | पीछा करना/रतिदर्शन | 130 |
| 16. | महिला अधिकारों के प्रति अपमानजनक परंपरागत प्रथाए अर्थात् सती प्रथा, देवदासी प्रथा, चुड़ैल हत्या | 13 |
| 17. | महिलाओं का दुर्व्यापार/वेश्यावृत्ति | 124 |
| 18. | महिलाओं के विरूद्ध हिंसा | 1293 |
| 19. | विवाह–विच्छेद की दशा में बच्चों की अभिरक्षा का महिलाओं का अधिकार | 50 |
| | कुल | 17290 |

**वर्ग-वार शिकायतों का आरेखी प्रस्तुतीकरण**



**टिप्पणः इस सारणी में प्रकीर्ण/गैर-अधिदेश वर्गों की शिकायतें शामिल नहीं हैं।**

2.10 प्राप्त हुई शिकायतों के डाटा से यह पता चला है कि उत्तरी राज्यों से सबसे अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। अधिदेश वर्ग के अन्तर्गत आने वाली शिकायतों की राज्य–वार सूची निम्नलिखित सारणी और खड़ी लकीरों की आरेखी में निम्नलिखित हैः

**वर्ष 2016-2017 के दौरान प्राप्त शिकायतों की राज्य-वार सूची**

| क्रम सं. | राज्य | कुल |
|---|---|---|
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप | 2 |
| 2. | आन्ध्र प्रदेश | 107 |
| 3. | अरूणाचल प्रदेश | 1 |
| 4. | असम | 41 |
| 5. | बिहार | 572 |
| 6. | चंडीगढ़ | 42 |
| 7. | छत्तीसगढ़, | 74 |
| 8. | दादरा और नागर हवेली | 4 |
| 9. | दमन और दीव | 1 |
| 10. | दिल्ली | 1830 |
| 11. | गोवा | 5 |
| 12. | गुजरात | 108 |
| 13. | हरियाणा | 994 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 31 |
| 15. | जम्मू–कश्मीर | 35 |
| 16. | झारखंड | 186 |
| 17. | कर्नाटक | 256 |
| 18. | केरल | 110 |
| 19. | लक्षद्वीप | 1 |
| 20. | मध्य प्रदेश | 498 |
| 21. | महाराष्ट्र | 569 |
| 22. | मणिपुर | 1 |
| 23. | मिजोरम | 1 |
| 24. | नागालैंड | 1 |
| 25. | ओडिशा | 107 |
| 26. | पुडुचेरी | 18 |
| 27. | पंजाब | 283 |
| 28. | राजस्थान | 696 |

| | | |
|---|---|---|
| 29. | सिक्किम | 3 |
| 30. | तमिलनाडु | 334 |
| 31. | तेलंगाना | 127 |
| 32. | त्रिपुरा | 1 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 9756 |
| 34. | उत्तराखंड | 237 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 258 |
| | कुल | 17290 |

**शिकायतों का राज्य-वार आरेखी प्रस्तुतीकरण**




2.11 आयोग विभिन्न राज्यों में तेजाब हमले से संबंधित मामलों का भी अनुकरण कर रहा है और तुरन्त राहत प्रदान करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि तुरन्त ऐसे मामलों का अन्वेषण किया जाए तथा ऐसी कार्रवाई की जाए, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उचित आरोपों के लिए अभियुक्त का अभियोजन किया गया है, और इस बाबत संबंधित प्राधिकारियों के साथ संपर्क बनाए रखना चाहिए।

## आयोग द्वारा कुछ सफल हस्तक्षेप

2.12 तारीख 18 जनवरी, 2017 को हुई जघन्य घटना की बाबत की गई, शिकायत में

जिसमें नई दिल्ली में रहने वाली लड़की पर निर्दयतापूर्वक 12 बार चाकू से वार किए गए जिसके परिणामस्वरूप उसका गुर्दा और अन्य अंग क्षतिग्रस्त हुए थे। तारीख 30 जनवरी, 2017 को कारित की गई क्षतियों की वजह से लड़की की मृत्यु हो गई। इसके पश्चात् दिल्ली के पुलिस आयुक्त के समक्ष इस मामले को उठाया गया और आयुक्त के हस्तक्षेप करने पर एक उपयुक्त प्रथम इत्तिला रिपोर्ट फाइल की गई और सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

2.13 पश्चिम बंगाल राज्य में अभिकथित सामूहिक बलात्संग की शिकायत की जांच करने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग ने एक जांच समिति का गठन किया। जांच समिति ने घटनास्थल का दौरा किया और पीड़ित महिला और संबंधित पुलिस कर्मचारियों से पूछताछ की। जांच दल ने यह पाया कि नकाबपोश 200 बदमाशों का एक समूह ने पिस्तोल और तलवारों से लैस होकर एक धार्मिक जुलुस का विरोध करने पर स्थानीय सभी मकानों पर हमला किया। बदमाशों ने महिलाओं को उनके मकानों से बाहर घसीटा और यह अभिकथन किया गया है कि इस क्षेत्र की अधिकतर महिलाओं पर लैंगिक रूप से हमला किया गया था और एक शिकायतकर्ता ने यह अभिकथन किया है कि चार बदमाशों ने उसके साथ बलात्संग किया था। जांच समिति की रिपोर्ट को राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के साथ साझा किया गया और राज्य सरकार के समक्ष मामले को उठाया गया।

2.14 एक शिकायत में यह अभिकथन किया गया कि शिकायतकर्ता का भाई उसे मानसिक रूप अयोग्य घोषित करके पारिवारिक कारबार में हिस्से से वंचित करना चाहता है। आयोग ने इस मामले को पुलिस और अन्य प्राधिकारियों के सामने उठाया और उसकी चिकित्सीय परीक्षा कराई। शिकायतकर्ता का प्रथम और द्वितीय परीक्षण करने के पश्चात् चिकित्सा बोर्ड की रिपोर्ट में यह उपदर्शित किया गया कि शिकायतकर्ता मानसिक उन्माद मनोविकार से पीड़ित है किन्तु वह दिन प्रतिदिन के कार्य कर सकती है। आयोग, राज्य स्वास्थ्य विभाग और जिला मजिस्ट्रेट के प्रयासों के कारण इस महिला को संपत्ति में उसके अधिकार पुनःस्थापित हुए और उसका उचित उपचार भी हुआ।

2.15 आयोग ने कार्यस्थल पर लैंगिक हमले से संबंधित शिकायतों को भी ग्रहण किया और गर्भवती होने के आधार पर सेवा समाप्त की गई। पश्चात्वर्ती मामले में आयोग के हस्तक्षेप करने के पश्चात् शिकायतकर्ता को पुनःबहाल किया गया और उसे प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम, 1961 के अनुसार छुट्टियां और फायदे भी दिए गए।

2.16 आयोग ने बढ़ती हुई शिकायतों को ध्यान में रखते हुए, अगस्त 2016 में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य/जिला पुलिस प्राधिकारियों के सहयोग से ''महिला जन सुनवाई'' प्रायोगिक परियोजना आरंभ की है। वर्ष 2016–17 के दौरान आयोग ने सफलतापूर्वक देश के विभिन्न जिलों में 23 महिला जन सुनवाई आयोजित की। आयोग

के अध्यक्ष और सदस्यों ने मामलों का घटनास्थल पर जन सुनवाई आयोजित करके बड़ी संख्या में मामलों का निपटारा किया।

**महिला जन सुनवाइयों में निपटाए गए मामले**




**********

अध्याय-3

# नीति कार्यक्रम, निगरानी, अनुसंधान एवं समन्वय प्रकोष्ठ

3.1 गरीबी और अभाव को कम करने, चिरस्थायी विकास का संवर्धन करने, सुशासन के ऐसे ढांचे का निर्माण करने, जो इष्टतम समाधान प्रदान करने में समर्थ हो, और समस्त मनुष्यों की गरिमा सुनिश्चित करने संबंधी चुनौतियों में समाज के सभी वर्गों, महिलाओं और पुरुषों को अधिक मात्रा में नियोजित करना आवश्यक होता है। अतः, मनुष्य जाति के पूर्ण सामर्थ्य की अनुभूति केवल तभी संभव है यदि सामाजिक–आर्थिक क्रियाकलापों में महिलाओं के इष्टतम नियोजन के लिए सहायक स्थितियां सुनिश्चित की जा सकती हैं। नीति कार्यक्रम, निगरानी अनुसंधान एवं समन्वय प्रकोष्ठ इन क्रियाकलापों के सभी पहलुओं के लिए उत्तरदायी है।

3.2 उपर्युक्त उद्देश्य के अनुसरण में, राष्ट्रीय महिला आयोग को, अन्य बातों के साथ–साथ जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं के सम्यक् प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के तरीके विकसित करने और उन कारकों की पहचान करने के लिए, जो सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक क्षेत्रों में उनकी अभिवृद्धि और प्रभावी भागीदारी में अड़चन डालते हैं, संवर्धनात्मक और शैक्षिक अनुसंधान करने का अधिदेश दिया गया है। तदनुसार, आयोग महिलाओं के कठिन श्रम और उपजीविका–जन्य स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों के लिए उत्तरदायी कारणों का विश्लेषण करने और लैंगिक समानता और सशक्तीकरण सुनिश्चित करने के लिए नीति तैयार करने हेतु अनेक क्रियाकलापों का, जिसमें संगोष्ठी, कार्यशाला और अनुसंधान अध्ययन भी हैं, आयोजन कर रहा है। आयोग विशेष मुद्दों के संबंध में कार्यवाही करने के लिए समय–समय पर विशेषज्ञ समितियों का गठन भी करता है। ये क्रियाकलाप विभिन्न सरकारी और गैर–सरकारी संगठनों की सहभागिता से किए जाते हैं।

3.3 राष्ट्रीय महिला आयोग, दिल्ली पुलिस (एस.पी.यू.डब्ल्यू.ए.सी.), नई दिल्ली और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस(टी.आई.एस.एस.), मुम्बई के सहयोग से वर्ष 2008–09 से 'हिंसा मुक्त घर – महिलाओं का अधिकार' (महिला विशेष प्रकोष्ठ) परियोजना को कार्यान्वित कर रहा है। 'हिंसा मुक्त घर – महिलाओं का अधिकार' परियोजना का विस्तार किया गया है, जिससे उसके अंतर्गत दिल्ली के सभी जिले आ जाएं। यह परियोजना काफी सफल रही है और वर्ष 2016–17 के दौरान जारी रही है।

3.4 राष्ट्रीय महिला आयोग ने पंचायती राज के महिला प्रतिनिधियों को सशक्त करने के लिए माड्यूल तैयार किए थे। ये माड्यूल निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण

देने के लिए तैयार किए गए थे, जिससे कि उन्हें जानकारी और ज्ञान से सशक्त किया जा सके तथा उनकी क्षमताओं में वृद्धि की जा सके। इन माड्यूल के अंतर्गत विभिन्न मुद्दे आते हैं, जैसे कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करने के लिए विधिक उपबंध, ग्राम सभा और ग्राम पंचायत के ढांचे और कार्यकरण का बोध, भारत में विकास योजनाएं और कार्यक्रम, नेतृत्व और निर्णय करने की शक्ति, आदि। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रायोगिक आधार पर आरंभ कर दिए गए हैं इन्हें देश के और जिलों और राज्यों में आरंभ करने की योजना है।

3.5 वर्ष 2016–17 के दौरान पूरे किए गए अध्ययनों/संचालित सेमीनारों/कार्यशालाओं का संक्षिप्त विवरण, जिसके अंतर्गत उनकी प्रमुख सिफारिशें भी हैं, पश्चात्वर्ती पैराओं में दिया गया है ।

## अनुसंधान अध्ययनों की सिफारिशें

3.6 दिल्ली में विमुक्त और घुमन्तु (खानाबदोश) समुदायों की महिलाओं की सामाजिक–आर्थिक स्थिति के संबंध में सार्थक, नई दिल्ली द्वारा किए गए अनुसंधान अध्ययन से उद्भूत प्रमुख सिफारिशें निम्न प्रकार हैं:–

(i) अधिकांश घुमन्तु समुदाय शहरों और नगरों से बाहर छोटी–छोटी बस्तियों में रहते हैं और इसलिए उन्हें स्वास्थ्य देखरेख संबंधी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। राज्य सरकारों के स्वास्थ्य विभागों को घुमन्तु समुदायों की गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव–पूर्व और प्रसव–पश्चात् देखरेख उपलब्ध कराने के लिए चलत (मोबाइल) स्वास्थ्य देखरेख सुविधाएं आरंभ करनी चाहिएं;

(ii) इन जनजातियों की महिलाओं के अधिकांश प्रसव घरों में होते हैं और वे भी अप्रशिक्षित दाइयों द्वारा, जिसके परिणामस्वरूप अनेक मातृ–मृत्यु होती हैं। इससे सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराने की आवश्यकता को बल मिलता है;

(iii) इन समुदायों की अनेक लड़कियों को बहुत शीघ्र विद्यालय से निकाल लिया जाता है क्योंकि उनके परिवार बार–बार एक स्थान से दूसरे स्थान पर विस्थापित होने के लिए मजबूर हैं। इन समुदायों की लड़कियों को निःशुल्क और अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए विशेष आवासीय विद्यालय स्थापित किए जाने चाहिएं;

(iv) इन समुदायों को, परंपरा के नाम पर अपनी महिलाओं और लड़कियों के लैंगिक दुरुपयोग, शोषण और दुर्व्यापार से संरक्षा करने के लिए शिक्षित करने संबंधी जागरुकता अभियान चलाए जाने चाहिएं;

(v) उन लड़कियों को, जिन्हें भीख मांगने के लिए मजबूर होना पड़ा है, शिक्षा के दायरे में वापस लाने के लिए सर्व शिक्षा अभियान के अधीन समुदाय पर आधारित विशेष पहल आरंभ की जानी चाहिए;

(vi) चूंकि विमुक्त जनजातियों की महिलाएं हिंसा और दुर्व्यवहार की शिकार होती हैं इसलिए पुलिस और व्यापक रूप से समाज उनके प्रति पूर्वाग्रह रखता है। उन्हें समाज के इस वर्ग के प्रति संवेदनशील बनाया जाना चाहिए;

(vii) सरकार और प्राइवेट सेक्टर, दोनों को विमुक्त और घुमन्तु समुदायों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम आरंभ करने चाहिएं;

(viii) इन समुदायों की जीविका की प्रकृति/स्वरूप के कारण, इनके अनेक लोगों को कल्याणकारी स्कीमों का फायदा उपलब्ध नहीं है क्योंकि उनमें से अनेकों के पास जाति प्रमाणपत्र नहीं हैं। स्थानीय प्राधिकारी उन्हें जाति प्रमाणपत्र देने से इनकार करते हैं क्योंकि वे विभिन्न राज्यों में विभिन्न जातियों के रूप में जाने जाते हैं। इस समस्या के निवारण के लिए विभिन्न राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय अपेक्षित है;

(ix) विमुक्त और घुमन्तु समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के दस्तावेजीकरण, संरक्षण और परिरक्षण के लिए एक नई स्कीम आरंभ की जा सकती है;

(x) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय और सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय इन समुदायों की महिलाओं के लिए विशेष आय उत्पादन स्कीमें आरंभ कर सकते हैं;

(xi) उनके घरों के निर्माण के लिए कम ब्याज पर सब्सिडी सहित लंबी अवधि के उधार देने के लिए विशेष स्कीमें आरंभ की जानी चाहिएं;

(xii) इन समुदायों की महिलाओं के पारंपरिक कौशल और हस्तकला के विकास के लिए उनकी प्राकृतिक प्रतिभा का उपयोग करने के लिए विशेष योजनाएं आरंभ की जा सकती हैं;

(xiii) सरकारी अभिकरणों, जैसे खादी और ग्राम उद्योग आयोग को घुमन्तु जनजातियों की महिलाओं से अधिक उत्पादों का क्रय करना चाहिए;

(xiv) इन समुदायों के कठपुतली चलाने वालों, कलाबाजों और नुक्कड़ जादूगरों को नुक्कड़ प्रदर्शन करने और अपनी सांस्कृतिक विरासत का प्रचार करने के लिए अनुज्ञात किया जाना चाहिए;

(xv) विमुक्त और घुमन्तु समुदायों की कला और संस्कृति के प्रचार–प्रसार के लिए विशेष स्कीम लाने से उस समृद्ध कला और संस्कृति को, जो शताब्दियों से विकसित हुई है, जीवित रखने में सहायता मिलेगी;

(xvi) भारत के खानाबदोशों की समृद्ध संस्कृति को दर्शाने के लिए राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर समारोह आयोजित किए जा सकते हैं, जो कि पर्यटकों को आकर्षित

करने और इन समुदायों को चिरस्थायी जीविका का स्रोत प्रदान करने में सहायक होंगे;

(xvii) महत्वपूर्ण मुद्दों, जैसे स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा का स्तर, प्राकृतवास, जीविका की पद्धति, मूलभूत सेवाओं तक पहुंच और अन्य लिंग संबंधी मुद्दों के बारे में जानकारी एकत्र की जानी चाहिए;

3.7 सामाजिक कार्य विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) द्वारा "पूर्वी उत्तर प्रदेश की जेलों में महिला बंदी और उनके बालक" विषय पर कराए गए अनुसंधान अध्ययन से उद्भूत प्रमुख सिफारिशें निम्न प्रकार हैं:–

(i) अधिकांश जेलों के भवन काफी पुराने हैं और उनमें बंदियों की संख्या काफी अधिक है। नए भवनों का सन्निर्माण यथाशीघ्र किया जाना चाहिए और उन्हें अधिक संसाधन और निधियां उपलब्ध कराई जानी चाहिएं;

(ii) जेल में गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिला और उसके शिशु को स्वास्थ्य, मनोरंजन, आवास–सुविधा और पोषण संबंधी मूलभूत न्यूनतम सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिएं। बच्चों के लिए भोजन के स्थान पर युक्तियुक्त मात्रा में दूध, फल, मिठाइयां, शिशु खाद्य और अन्य पोषणीय संघटक उपलब्ध कराए जाने चाहिएं;

(iii) कुछ निधियां विनिर्दिष्ट रूप से महिला बन्दियों और महिला बन्दियों के बाल–बच्चों के कल्याण के लिए निर्धारित की जानी चाहिएं;

(iv) कैदियों का चिकित्सीय, आपराधिक और सामाजिक निर्धारण किए जाने की आवश्यकता है। यह कैदियों के विशेषीकृत और पृथक्–पृथक् मामले के संबंध में व्यवहार करने, नियोजन, प्रशिक्षण, शिक्षा और पुनर्वास के लिए आधार के रूप में काम आएगा;

(v) कैदियों को नियमित चिकित्सीय, नैदानिक और देखरेख संबंधी सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए;

(vi) कारागार में परामर्शदाता, अर्हताप्राप्त सामाजिक कार्यकर्ता या मनोविज्ञान का ज्ञान रखने वाले अर्हताप्राप्त वृत्तिक अवश्य होने चाहिएं;

(vii) महिला बंदियों के साथ आने वाले पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों को कारागार के मुख्य भवन के बाहर विशेष रूप से सुव्यवस्थित शिशु–गृहों में रखने की अनुज्ञा दी जा सकती है;

(viii) कारागार में रहने के हालात को मानवीय और स्वच्छ बनाया जाना चाहिए;

(ix) उच्चतर शिक्षा के लिए उन्नत सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए;

(x) खानपान की गुणवत्ता में सुधार किया जाना चाहिए। विचारणाधीन महिला बंदियों को उचित वस्त्र दिए जाने चाहिएं। समुचित चिकित्सीय सुविधाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए और एक महिला डाक्टर को जेल में जाना चाहिए। बंदियों को त्वचा रोगों के फैलने से रोकने के लिए पर्याप्त मात्रा में साबुन दिया जाना चाहिए;

(xi) बैरेकों में अधिक बंदी नहीं होने चाहिएं और महिला बंदियों के बालकों के पास ठहरने और घूमने–फिरने के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए;

(xii) जेल स्टाफ को परिवर्तनों से निपटने के लिए प्रशिक्षण और निर्देशन दिया जाना चाहिए;

(xiii) जेल प्रशासन को महिला बंदियों के बीच व्यावसायिक और शैक्षिक क्रियाकलापों के प्रचार–प्रसार और नियोजन अवसरों का संवर्धन करने के लिए स्थानीय और ख्यातिप्राप्त गैर–सरकारी संगठनों को अंतर्वलित करना चाहिए;

(xiv) गैर–सरकारी संगठनों को न्यायालय के मामलों के लिए वकील नियुक्त करने में महिला अपराधियों की सहायता करनी चाहिए;

(xv) गैर–सरकारी संगठन महिला बंदियों और उनके बालक/बालिका के लिए मनोरंजन कार्यक्रमों की भी व्यवस्था कर सकते हैं, जैसे पिकनिक, फिल्म–प्रदर्शन, खेलकूद, क्रियाकलाप, चित्रकला, गीत और नृत्य प्रतियोगिता आदि।

3.8 कार्वे इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस, पुणे द्वारा "उस भूमिका की परीक्षा करना, जो पी.आर.आई. के निर्वाचित महिला प्रतिनिधि लिंग–आधारित हिंसा को रोकने में निभाते हैं: पश्चिमी महाराष्ट्र का अनुभव" विषय पर संचालित अध्ययन की मुख्य सिफारिशें निम्न प्रकार हैं:–

(i) कार्यक्रम के संघटकों, क्षमता–निर्माण रणनीतियों और किए गए कार्यक्रमों और अनुसंधान में लिंग–आधारित हिंसा को एक प्रमुख मुद्दे के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए और उचित संवेदीकरण कार्यक्रमों के माध्यम से हिंसा मुक्त समाज को बढ़ावा देने के लिए निधियां आबंटित की जानी चाहिएं;

(ii) न्यायमूर्ति वर्मा समिति की सिफारिशों और दंड विधि संशोधन अधिनियम, 2013 को सभी सरकारी पदाधिकारियों के प्रशिक्षण का भाग गठित करना चाहिए;

(iii) उस भूमिका को स्वीकार करने की आवश्यकता है जो निर्वाचित महिला प्रतिनिधि लिंग–आधारित हिंसा के निवारण और हस्तक्षेप में निभा सकते हैं;

(iv) निर्वाचित महिला प्रतिनिधि, लिंग आधारित हिंसा के मुद्दे पर विचार करने की इच्छा के माध्यम से स्वयं को उस मुद्दे से निपटने के लिए पर्याप्त रूप से लैस पाती हैं । उनकी क्षमता–निर्माण के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए जाए;

(v) राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, राष्ट्रीय विमुक्त, घुमन्तु और अर्ध–घुमन्तु जनजाति आयोग, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के सशक्तीकरण और उन्हें आवश्यक कौशल से सज्जित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की आवश्यकता है;

(vi) महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 राजनैतिक दलों और ग्राम पंचायतों को लागू किया जाना चाहिए;

(vii) वर्तमान में, निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के क्षमता–निर्माण कार्यक्रमों में, लिंग आधारित हिंसा का मुद्दा संबंधित विधियों को पुरःस्थापित करने तक सीमित है । ऐसी निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के लिए, जो यह भूमिका निभाने के लिए स्वयं को लैस करने की इच्छुक हैं, विशेष अल्पकालिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं;

(viii) ई.डब्ल्यू.आर. द्वारा 'महिलाओं के प्रति हिंसा और भेदभाव के निवारण के लिए प्रदर्शनीय अच्छे कार्य' को मान्यता देने के लिए एक कार्यपद्धति तैयार की जानी चाहिए;

(ix) क्षमता–निर्माण के पाठ्यक्रम में अपेक्षित सक्षमताओं और कौशल के विकास पर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है । महिला अध्ययन केन्द्रों और सामाजिक कार्य वाले विद्यालय की भागीदारी का पता लगाया जा सकता है;

(x) क्षेत्रीय स्तर पर, भिन्न–भिन्न विभागों या पृष्ठभूमि वाले भिन्न–भिन्न हिताधिकारी एक साथ काम करते हैं । पुलिस पदाधिकारियों, निर्वाचित प्रतिनिधियों, मीडिया, न्यायिककल्प निकायों के सदस्यों, राज्य महिला आयोगों द्वारा नियुक्त कौटुम्बिक परामर्शदाताओं, संरक्षण अधिकारियों, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्यों, गैर–सरकारी संगठनों और चिकित्सा पदाधिकारियों आदि की एक संयुक्त कार्यशाला लिंग आधारित हिंसा के संबंध में एक सामान्य कार्यसूची और परिप्रेक्ष्य तैयार करने में सहायक हो सकती है;

(xi) नागरिक चार्टर की तरह एक लिंग समानता चार्टर तैयार और सार्वजनिक किया जा सकता है;

(xii) लड़कियों की शिक्षा की सहायता के लिए एक ग्राम पंचायत निधि स्थापित की जानी चाहिए क्योंकि अनेक लड़कियों को विद्यालय–शिक्षा के पश्चात् शिक्षा रोकने के लिए मजबूर होना पड़ता है और वे महाविद्यालय शिक्षा/उच्चतर अध्ययनों का खर्च वहन करने में असमर्थ हैं। लड़कियों को महाविद्यालय शिक्षा के लिए ब्याज रहित उधार की प्रस्थापना की जा सकती है;

(xiii) ग्राम स्तर के कृत्यकारियों को महिलाओं के सशक्तीकरण के बारे में सकारात्मक दृष्टिकोण तैयार करने और लिंग आधारित भेदभाव तथा लिंग आधारित हिंसा को समझने के लिए प्रशिक्षित किए जाने की आवश्यकता है;

(xiv) महिला सरपंच और ग्राम पंचायत के सदस्यों को यात्रा आदि के व्यय की पूर्ति के लिए मानदेय के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जानी चाहिए;

(xv) जिला परिषद/सरकार को लिंग आधारित हिंसा रोकने में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के सकारात्मक हस्तक्षेप को मानना और सुकर बनाना चाहिए;

(xvi) सरपंच और ई.डब्ल्यू.आर. को कोई पहचान कार्ड दिया जाना चाहिए। ये विशेष रूप से तब उपयोगी होंगे जब उसे सिविल अस्पताल, पुलिस या किसी अन्य सरकारी स्थान पर जाना हो;

(xvii) यदि कोई निर्वाचित प्रतिनिधि अपराधकर्ता है तो उसका निर्वाचन रद्द किया जाना चाहिए;

(xviii) नए निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को शासन की सब बातों के बारे में व्यवस्थित रूप से निर्देशित और प्रशिक्षित किया जाना चाहिए;

(xix) स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने और महिलाओं की एकजुटता बनाने में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि करने के लिए महिला ग्राम सभा की बैठकें आयोजित की जा सकती हैं;

(xx) जिला परिषद् द्वारा विधिक और परामर्शी विशेषज्ञों के पैनल को मान्यता दी जा सकती है। वे ई.डब्ल्यू.आर. को सहायता प्रदान कर सकते हैं;

(xxi) ग्राम पंचायत के कार्यालय और ग्रामों में अन्य सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के अधिकारों और प्रमुख विधियों के बारे में जानकारी प्रदर्शित की जानी चाहिए।

3.9 भारतीय प्रशासनिक स्टाफ कालेज (ए.एस.सी.आई.), बेला विस्ता, राज भवन रोड, खैराताबाद, हैदराबाद, आन्ध्र प्रदेश द्वारा संचालित "ओडिशा राज्य में महिलाओं और लड़कियों का स्थितिजन्य विश्लेषण" विषय पर अनुसंधान अध्ययन की मुख्य सिफारिशें निम्न प्रकार हैं:–

(i) विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के संबंध में जागरुकता अभियान, कार्यशालाएं और संगोष्ठियां आयोजित की जानी चाहिएं;

(ii) सभी योजनाओं में अंतर्निहित मानीटरिंग और मूल्यांकन संघटक होना चाहिए;

(iii) जनसंख्या के अपात्र वर्गों को स्वास्थ्य संबंधी देखरेख सेवाएं प्रदान करने के लिए एक भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु प्राइवेट सेक्टर के साथ सहयोग करने

पर विचार करना चाहिए;

(iv) सफल स्वास्थ्य सेवा परिदान माडल, जैसे मा ग्रुहा को नियमित मानीटरिंग द्वारा मजबूत संघटक सहित आगे बढ़ाया जाना चाहिए;

(v) बेटी बचाओ पहल की प्रतिकृति – पेराम्बलूर, तमिलनाडु कन्या भ्रूण–हत्या रोकने के लिए है। कन्या–भ्रूण हत्या रोकने के लिए राजस्थान माडल, नियमित मानीटरिंग और प्रोत्साहन को भी अंगीकार किया जा सकता है;

(vi) संस्थागत परिदान को जागरुकता पैदा करके बढ़ाया जाना चाहिए। दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले निर्धन और भेद्य वर्गों को स्वास्थ्य सेवाएं सुगम बनाने के लिए दुपहिया एंबुलेंस का प्रयोग किया जा सकता है;

(vii) दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में लघु स्तर पर "स्वास्थ्य मेलों" का आयोजन किया जा सकता है;

(viii) स्वास्थ्य परिदान प्रणाली में आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी (आयुष) को एकीकृत किया जाना चाहिए। प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा में आयुष डाक्टरों के प्रशिक्षण पर जोर दिया जाए;

(ix) आई.सी.डी.एस., स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, जल एवं स्वच्छता और पंचायती राज संस्थाओं के बीच समयबद्ध, उचित और उच्च क्वालिटी की सेवाओं के लिए विभागीय समन्वय सुनिश्चित किया जाना चाहिए। जिला योजना और मानीटरिंग यूनिटों को समुचित समन्वय और सफल कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख भूमिका निभानी चाहिए;

(x) अकेली महिला के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने, उनके लिए आय सुनिश्चित करने और महिलाओं को परिवार की देखभाल सुकर बनाने के लिए व्यावसायिक और विनिर्दिष्ट व्यवसाय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए;

(xi) विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं को विकसित किया जाना चाहिए;

(xii) सभी विद्यालयों में आवश्यक सुविधाएं, जैसे पेय जल और कार्यात्मक शौचालय उपलब्ध कराने की आवश्यकता है;

(xiii) अवसंरचनात्मक और अन्य अपेक्षाओं के लिए सहायता प्रदान करने हेतु प्रभावी तंत्र के रूप में पब्लिक–प्राइवेट भागीदारी का उपयोग किया जा सकता है;

(xiv) समान कार्य के लिए समान मजदूरी/वेतन सुनिश्चित करना होगा क्योंकि अधिकतर महिलाओं को कम मजदूरी और फायदे संदत्त किए जाते हैं;

(xv) महिलाओं के लिए संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों में रोजगार की सततता, सुरक्षा और सामाजिक संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए कार्यपद्धति का निर्माण

किया जाए;

(xvi) व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी रक्षोपायों से संबंधित विनियमों का समुचित कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए;

(xvii) महिलाओं से संबंधित मुद्दों के समयबद्ध निपटान के लिए नारी अदालतें स्थापित की जानी चाहिएं;

(xviii) महिलाओं के प्रति हिंसा के लिए एक ही स्थान पर संस्थागत प्रतिक्रिया के रूप में 'एकल स्थल संकट केन्द्र' स्थापित किया जाए। एकल स्थल संकट केन्द्र को हिंसा की उत्तरजीवी सभी महिलाओं की देखभाल करनी चाहिए और उन्हें एक ही स्थान पर चिकित्सीय, विधिक और मनोवैज्ञानिक सहायता सेवाएं प्रदान करनी चाहिएं;

(xix) सुरक्षित शहर कार्यक्रम की बाबत, ओडिशा भी मध्य प्रदेश की उत्तम पद्धतियों को अपना सकता है और महिलाओं और लड़कियों की सार्वजनिक और प्राइवेट, दोनों स्थानों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मध्यक्षेपों पर विचार कर सकता है;

(xx) असंगठित क्षेत्र में महिलाओं को न्याय सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के अनुसार स्थानीय शिकायत समिति का गठन किया जाए;

(xxi) महिलाओं के बीच नई श्रम विधियों के बारे में जागरुकता पैदा करना;

(xxii) पेंशन स्कीमों को व्यापक जीविका कार्यक्रमों द्वारा समर्थित करने की आवश्यकता है, जिसके अंतर्गत कृषि में विद्यमान आर्थिक क्रियाकलापों को सुदृढ़ करना, संसाधनों तक पहुंच और उनका उपयोग करना, वैतनिक और स्वनियोजन और प्रशिक्षण और शिक्षा के अवसर भी हैं। पेंशन स्कीमों को चिकित्सा बीमा स्कीमों और सकल मूल्य सूचकांक और न्यूनतम मजदूरी के साथ जोड़ना चाहिए;

(xxiii) महिलाओं के बीच जागरुकता को बढ़ाया जाए जिससे कि वे सभी संरक्षण योजनाओं का फायदा लेने में समर्थ हो सकें;

(xxiv) राज्य में पूर्ण शक्ति केन्द्रों को क्रियाशील बनाया जाए;

(xxv) फायदों के सही निर्धारण, योजनाओं के बेहतर कार्यान्वयन के लिए और बजट के प्रभावी आबंटन और प्राथमिकता के लिए सरकार की सभी स्कीमों और पहलों का लिंग लेखापरीक्षण किया जाए;

(xxvi) इसके कार्यान्वयन में अंतर्वलित प्रक्रियात्मक मुद्दों की रणनीति बनाने और उनके निपटान में सहायता करने के लिए हितधारकों की बैठकों की, जिसके अंतर्गत महिला एस.एच.जी., गैर–सरकारी संगठन, ग्राम पंचायत और सुसंगत सरकारी

विभाग भी हैं, व्यवस्था की जाए;

(xxvii) यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं कि लड़कियों और महिलाओं के लिए ओडिशा राज्य नीति, 2014 में कथित विचारों और रणनीतियों को वास्तविक रूप दिया जाए;

(xxviii) स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत महिलाओं को योजना बनाने, निर्णय लेने और कार्यान्वयन में अंतर्वलित करके सभी गृहस्थियों को ऐसी सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रयासों को बढ़ाया जाना चाहिए;

(xxix) राज्य विधानसभा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व में वृद्धि की जानी चाहिए;

(xxx) संपत्ति पर महिलाओं के अधिकारों, भूमि पर पहुंच और नियंत्रण पर भी विचार किया जाना चाहिए।

3.10 भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, दिल्ली द्वारा संचालित "कार्यस्थलों पर मजबूरियां झेल रही महिलाएं: दिल्ली में सेवा क्षेत्र का एक विश्लेषण" विषय पर अनुसंधान अध्ययन की मुख्य सिफारिशें निम्न प्रकार हैं:–

(i) महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए पर्याप्त बजटीय प्रावधान किए जाएं और आबंटित निधियां समयबद्ध रीति में वितरित की जाएं;

(ii) विद्यालय से ही उच्चतर शिक्षा और व्यावसायिक अध्ययन के लिए बेहतर शिक्षा सुविधाओं के लिए उपबंध किए जाएं। महिलाओं से संबंधित कार्यक्रमों और स्कीमों को यह सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय रूप से मानीटर किया जाए जिससे कि वे लाभार्थियों के पास पहुंच सकें;

(iii) महिलाओं को उनकी बचत को बढ़ावा देने के लिए बेहतर ब्याज दरें दी जाएं। इस नीति में यह उपबंध भी शामिल किया जाना चाहिए कि महिलाओं की कमाई का उपयोग अनन्य रूप से उनके द्वारा ही किया जाएगा;

(iv) महिलाओं के लिए मजदूरी, प्रोन्नति और अवसरों में समान अधिकारों को प्रवर्तित किया जाना चाहिए और शास्ति के लिए उपबंध सहित उसके कार्यान्वयन को मानीटर किया जाना चाहिए;

(v) प्रत्येक कार्यस्थल पर लैंगिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए लैंगिक उत्पीड़न के विरुद्ध लैंगिक संवेदीकरण समिति (जी.एस.सी.ए.एस.एच.) का गठन किया जाए। प्रत्येक बैठक की रिपोर्ट की एक प्रति राष्ट्रीय महिला आयोग को भेजी जा सकती है;

(vi) केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्य और स्थानीय स्तरों पर नियुक्ति के लिए समाजशास्त्र और मनोविज्ञान का विशेष ज्ञान रखने वाले विशेषज्ञ मनोचिकित्सकों का चयन

किया जाए;

(vii) घरेलू हिंसा, महिलाओं के कार्य, कन्या–भ्रूण–हत्या और भ्रूण–हत्या के विरुद्ध जागरुकता कार्यक्रम चलाने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग किया जा सकता है। महिला कल्याण कार्यक्रमों, स्कीमों और उपबंधों के संबंध में जानकारी का भी प्रचार–प्रसार किया जाना चाहिए;

(viii) एक ऐसा वैब पोर्टल विकसित किया जा सकता है जहां महिलाएं शिकायतों से संबंधित अपने विचार लिख और व्यक्त कर सकें। राज्य उस वैब पोर्टल के भाषायी प्ररूप के बारे में विनिश्चय कर सकते हैं;

(ix) प्रत्येक कार्यस्थल पर वैब कैमरे संस्थापित करने के लिए बजटीय आबंटन किए जा सकते हैं। इन्हें किसी विशेषज्ञ समूह द्वारा मानीटर किया जा सकता है;

(x) साधारणतया महिलाओं के लिए और विशेष रूप से कामकाजी महिलाओं के लिए सांराशीकरण के मुद्दे पर विचार किए जाने की आवश्यकता है;

(xi) राज्य को सामाजिक सुरक्षा में विस्तार करके और अनुकूल वातावरण सृजित करके महिलाओं को रोजगार में प्रवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। महिलाओं को हमारे देश के प्रत्येक राज्य में उनकी पूर्ण क्षमता की अनुभूति करने में समर्थ बनाने के लिए उनके पूर्ण विकास के लिए सकारात्मक आर्थिक और सामाजिक नीतियों के माध्यम से एक वातावरण सृजित करने की रणनीति तैयार की जानी चाहिए;

(xii) महिला स्वास्थ्य सेवा, सभी राज्यों में अच्छी शिक्षा, व्यवसाय और व्यावसायिक मार्गदर्शन, नियोजन, समान पारिश्रमिक, व्यावसायिक पारिश्रमिक, व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और सरकारी कार्यालय, आदि तक समान पहुंच सुनिश्चित की जानी चाहिए;

(xiii) विधिक ढांचे को इस रीति में विकसित किया जाए जिससे कि वित्तीय विचारणाओं से लैंगिक भेदभाव को समाप्त किया जा सके। जब महिलाओं को समरूप कार्य करते समय समान भुगतान न किया जाए तब राज्य को हस्तक्षेप करना चाहिए;

(xiv) राज्य को महिलाओं की व्यावसायिक शिक्षा प्रायोजित करनी चाहिए;

(xv) राज्य को आर्थिक नीतियों के लैंगिक विश्लेषण का प्रचार–प्रसार करना चाहिए, जिससे कि आर्थिक विकास में महिलाओं के योगदान की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जा सके और महिलाओं के लिए कार्य करने के अधिक स्थान सृजित किए जा सकें;

(xvi) अधिकांश मामलों में राज्य की नौकरियों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व असंतोषप्रद

है। सभी प्रवर्गों की नौकरियों में महिलाओं के लिए आरक्षण होना चाहिए;

(xvii) राज्य को लैंगिक उत्पीड़न की घटनाओं को सूक्ष्म रूप से मानीटर करना चाहिए। लैंगिक उत्पीड़न के विरुद्ध एक प्रकोष्ठ बनाने की आवश्यकता है। राज्य महिला आयोग को ऐसे प्रकोष्ठों की कार्यात्मक दक्षता का निर्धारण करने का उत्तरदायित्व लेना चाहिए;

(xviii) राज्य को असामान्य व्यवहार वाले सहकर्मियों से निपटने के लिए कार्यालयों में समुचित उपचार और परामर्श के लिए सद्भावी मनोचिकित्सक रखने चाहिएं;

(xix) महिलाओं को उनके कल्याण और सशक्तीकरण के लिए उपलब्ध विधिक उपबंधों का प्रचार–प्रसार करने के लिए सुसंगत सोशल मीडिया की पहचान करनी चाहिए;

(xx) महिला शौचालयों में संक्रमण से बचने के लिए समुचित स्वच्छता सुविधाओं की व्यवस्था की जाए;

(xxi) राज्यों द्वारा संचालित किए जाने वाले भिन्न–भिन्न अनुकूलित संवेदीकरण कार्यक्रमों के माध्यम से कामकाजी महिलाओं के प्रति लोगों की मानसिकता में परिवर्तन करने की आवश्यकता है;

(xxii) महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए स्थानीय स्तरों पर सांविधानिक उपबंधों का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए;

(xxiii) संबंधित पारिवारिक सदस्यों द्वारा पारिवारिक उत्तरदायित्वों को साझा किया जाना चाहिए और नियोजक द्वारा महिलाओं को स्थिति अनुरूप समय का विकल्प दिया जाना चाहिए;

(xxiv) निर्धन महिला कर्मकारों को स्थानीय स्तर पर व्यापक क्षमता–निर्माण कार्यक्रम के माध्यम से कौशल–उन्मुखी क्षमता प्रदान की जानी चाहिए;

(xxv) परिवार के पुरुष सदस्यों और जाति समूह/समुदाय के नेताओं को भी कामकाजी महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए;

(xxvi) स्थानीय समस्याओं से निपटने के लिए स्थानीय स्तर पर कामकाजी महिलाओं के विचारों के आदान–प्रदान के लिए एक मंच स्थापित किया जाना चाहिए;

(xxvii) साधारणतया महिलाओं को और विशेष रूप से कामकाजी महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिएं जिससे कि उनका स्वास्थ्य बना रहे और तनाव की रोकथाम हो;

(xxviii) सभी पी.आर.आई. में लैंगिक जागरुकता कार्यक्रम का संचालन किया जाना चाहिए;

(xxix) स्थानीय सरकार को कामकाजी महिलाओं के लिए सतत आधार पर परिवहन

सुविधाओं का कोई माडल भी तैयार करना चाहिए।

3.11 एकेडमी ऑफ ग्रासरूट्स स्टडीज एंड रिसर्च ऑफ इंडिया द्वारा "ग्रामीण आन्ध्र प्रदेश में शराब के उपयोग के कारण महिलाओं के प्रति बढ़ती घरेलू हिंसाः चित्तूर जिले का मामला" विषय पर संचालित अनुसंधान अध्ययन की सिफारिशें निम्न प्रकार हैं:–

(i) महिलाओं और बच्चों के प्रति घरेलू हिंसा के मामलों के लिए विशेष न्यायालय स्थापित किए जाएं जिनमें अद्यतन तकनीकी सहायता हो, जैसे बलात्कार और यौन शोषण के पीड़ितों के कथनों की वीडियोग्राफी करना। घरेलू हिंसा के मामलों के शीघ्र निपटान के लिए महिला मजिस्ट्रेटों की सेवाओं का उपयोग किया जाए;

(ii) विशेष रूप से महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा और साधारण रूप से महिलाओं के प्रति अपराध के मामलों की पहचान करने और उन पर अधिक प्रभावी रूप से प्रतिक्रिया करने के लिए प्रत्येक जिले में छह मास में एक बार विधि प्रवर्तन अधिकारियों, न्यायाधीशों, न्यायालय कार्मिकों और अभियोजकों के लिए विनियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं;

(iii) पुरुषों को अल्कोहल और अन्य संबद्ध पदार्थों का उपभोग करने के स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों के प्रति संवेदनशील बनाने और उन्हें प्रेरित करने के लिए प्रत्येक जिले में शराबियों के लिए परामर्श केन्द्र स्थापित किए जाएं;

(iv) शराब की दुकानों पर चरणबद्ध रीति में संपूर्ण प्रतिबंध अधिरोपित किया जाए और आन्ध्र प्रदेश को मद्य–निषिद्ध राज्य घोषित किया जाए;

(v) सड़क दुर्घटनाओं और महिलाओं के अपहरण की रोकथाम के लिए राजमार्गों के आसपास सार्वजनिक स्थानों और शराब की दुकानों के निकट शराब पीना प्रतिषिद्ध किया जाए;

(vi) युवाओं को सभी शैक्षिक संस्थाओं में नैतिक मूल्यों, सामुदायिक विकास के प्रति प्रेरित करने के अलावा, आदर्श शिक्षा, नेतृत्व शिक्षा, सामुदायिक शिक्षा भी दी जाए;

(vii) शिक्षित युवाओं को नशीले पदार्थों और अल्कोहल का उपभोग करने की बुराइयों के संबंध में संवेदनशील बनाया जाए। जब बालक अभी किशोर अवस्था में हो तब माता–पिता को इन बुराइयों पर नजर रखनी चाहिए;

(viii) ऐसे किसी स्थान पर कोई शराब की दुकान अनुज्ञात नहीं की जानी चाहिए जहां 50 प्रतिशत से अधिक महिलाएं अल्कोहल पर प्रतिबंध चाहती हैं;

(ix) अप्राधिकृत शराब की दुकानों को प्रतिबंधित किया जाए और अवैध आसवन और गुडुम्बा के निर्माण को प्रतिबंधित किया जाए और संदेहास्पद प्रेक्षण स्थलों पर

अवैध शराब माफिया के विरुद्ध कड़े पुलिस–प्रवर्तित विनियमों को लागू किया जाए;

(x) ऐसे पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए जो अवैध शराब की दुकानें चलाने और अवैध अरक और गुडुम्बा का निर्माण करने का समर्थन करते हैं;

(xi) समुदाय में अल्कोहल के उपभोग को निर्बंधित करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में शराब और अल्कोहल के विक्रय की अनुमति न देने के लिए कदम उठाए जाए;

(xii) प्रत्येक ग्राम पंचायत के निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों और स्वावलंबी समूह के सदस्यों के लिए उनके स्थानीय मुख्यालयों में नियमित रूप से प्रमुख सामाजिक मुद्दों के संबंध में क्षमता–निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए;

(xiii) प्रत्येक ग्राम पंचायत द्वारा प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को अनन्य रूप से अंतरराष्ट्रीय महिला सशक्तीकरण दिवस समारोह का आयोजन किया जाए और उसे 'शुष्क दिवस' के रूप में मनाया जाए;

(xiv) गैर–कानूनी/अवैध अल्कोहल बनाने वालों के विरुद्ध लड़ाई छेड़ने के लिए सफल महिला नेताओं को ग्राम पंचायत में उनके नेतृत्व कौशल के मानस्वरूप प्रोत्साहन दिया जाए और उन्हें सम्मानित किया जाए;

(xv) शराबी व्यक्तियों के विरुद्ध, जब वे महिलाओं के प्रति प्रतिकूल व्यवहार करते हैं, संबंधित ग्राम पंचायतों में जुर्माना अधिरोपित किया जाए।

3.12 शिव चरण माथुर सामाजिक नीति अनुसंधान संस्थान द्वारा "राजस्थान में महिला कृषकों की भूमिका और उनकी स्थिति" विषय पर संचालित अनुसंधान अध्ययन की प्रमुख सिफारिशें निम्न प्रकार हैं:–

(i) महिला कृषकों को, विशेषकर रेगिस्तानी जिलों में सीधे ही अंतर्वलित करके और उन्हें फायदा पहुंचाकर, लिंग विनिर्दिष्ट कार्यक्रमों के माध्यम से पशुपालन में महिलाओं की भागीदारी को बढाया जाए;

(ii) महिला कृषकों को अत्यधिक सहायताप्राप्त दरों पर उन्नत कृषि उपकरण उपलब्ध कराकर महिलाओं के कार्य को कम करने के लिए कठिन श्रम कम करने की तकनीक पर ध्यान केन्द्रित किया जाए;

(iii) कृषि और उससे सहबद्ध क्षेत्रों तथा अन्य सहबद्ध क्रियाकलापों में उत्पादन बढ़ाने के लिए ग्रामीण महिलाओं को सीधे ही तकनीक का अंतरण किया जाए और उसे चालू स्कीमों के साथ जोड़ा जाए;

(iv) महिला कृषकों को समुचित प्रौद्योगिकी में, जिसके अंतर्गत भू–संरक्षण और जल

संचयन पद्धतियां भी हैं, प्रशिक्षण दिया जाए;

(v) ग्रामीण महिलाओं के लिए कृषि पद्धतियों और तकनीक के संबंध में जानकारी सहित प्रौढ़ साक्षरता कार्यक्रम आरंभ किए जाएं जिससे कि वे नई तकनीकों और उन्नत उत्पादन की पद्धतियों का फायदा उठाने में समर्थ हो सकें;

(vi) सहकारी ऋण और अन्य उत्पादन निवेशों पर महिलाओं की पहुंच को प्रोत्साहित किया जाए;

(vii) कृषि जलवायु दशाओं की विविधता और पारिणामिक कृषि प्रणाली के व्यापक परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए, स्थानीय विकास प्रयासों को समर्थन देने के लिए जाति/लिंग पृथक्करणीय जानकारी द्वारा लैंगिक योजना तैयार करने में राज्य स्तर के प्रयासों का समर्थन किया जाए;

(viii) स्थानीय पंचायत स्तर पर तैयार योजना को लिंग संवेदी बनाया जाए और उसमें स्थानीय विकास के प्रयासों का समर्थन करने के लिए जाति/लिंग पृथक्करणीय जानकारी होनी चाहिए;

(ix) महिलाओं और लिंग समानता पर लक्ष्यित विद्यमान नीतियों को महिलाओं सहित विकास कार्य में अंतर्वलित सभी व्यक्तियों को व्यापक रूप से संसूचित किया जाना चाहिए;

(x) भू–अधिकारों संबंधी नीतियों और कृषकों के अधिकारों संबंधी पहलों का पुनर्विलोकन किया जाए और उसमें महिला कृषकों की चिन्ताओं पर सुस्पष्टतया विचार किया जाए;

(xi) पंचायत के नेताओं को लिंग–एकीकृत भागीदारी पहुंच और स्थानीय योजना में प्रशिक्षण देने के लिए कार्यक्रम विकसित किए जाएं;

(xii) ग्रामों में महिलाओं के स्वसहायता समूहों के माध्यम से कृषि समुदाय पर आधारित विकासात्मक क्रियाकलापों के प्रबंधन के लिए नेतृत्व कौशल के निर्माण हेतु ग्रामीण महिलाओं के लिए कार्यक्रम विकसित किए जाएं;

(xiii) लिंग–संवेदनशील विस्तारण कार्य विकसित और प्रशिक्षित किया जाए। स्थानीय क्षेत्रों की शिक्षित लड़कियों/महिलाओं को प्रौद्योगिकी के अंतरण और महिला कृषकों से फीडबैक लेने के लिए विस्तारण अभिकर्ताओं के रूप में कार्य करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा सकता है;

(xiv) बागबानी, पुष्प कृषि, फसल–कटाई के बाद प्रसंस्करण, डेयरी विकास, आदि में महिला प्रबंधित ग्रामीण उत्पाद और विपणन उद्यमों को समर्थन दिया जाए;

(xv) महिलाओं को उभरते उच्च मूल्य के कृषि कारबार क्षेत्र का, जिसके अंतर्गत

जैव–प्रौद्योगिकी और वन उत्पाद भी हैं, फायदा लेने के लिए प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण और निवेश समर्थन प्रदान किया जाए;

(xvi) महिलाओं को पुरुष कृषकों की मात्र पत्नियां मानने की बजाय कृषक माना जाए;

(xvii) कृषि विस्तार प्रणालियों में सुधार किया जाए जिससे कि वे महिला और पुरुष, दोनों कृषकों तक पहुंचने की दृष्टि से साम्यापूर्ण बन जाएं;

(xviii) महिलाओं को स्थानीय विपणन संबंधी जानकारी प्रदान करके, प्रसंस्करण और पैकेजिंग तकनीक में सुधार करके और इन क्षेत्रों में उनकी क्षमताओं में सुधार के लिए ऋण का उपबंध करके उनके विपणन क्रियाकलापों में समर्थन दिया जाए;

(xix) अनुरूप कार्यक्रमों के माध्यम से जैविक कृषि के संबंध में महिलाओं के पारंपरिक ज्ञान का समर्थन किया जाए;

(xx) महिला कृषकों को उन्नत जल–बचत प्रणालियों द्वारा पारंपरिक जल संचयन तकनीकों के लिए संगठित किया जाए;

(xxi) फसल विविधता, बीज बचत, सामूहिक कृषि, खाद्य और चारा बैंक और फसल प्रबंधन में जानकारी दी जाए;

(xxii) ग्रामीण महिलाओं को आय उत्पादन में सहायता देने के लिए कृषि–कारबार में प्रशिक्षण दिया जाए।

3.13 राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान द्वारा "भारत में मनःचिकित्सा संस्थाओं में भर्ती महिलाओं की चिन्ताओं पर विचारः एक गहन विश्लेषण" विषय पर संचालित अनुसंधान अध्ययन से उद्भूत प्रमुख सिफारिशें निम्न प्रकार हैं:–

(i) आवासिक और सामुदायिक, दोनों ढांचों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की आयोजना/सुधार करते समय विनिर्दिष्ट रूप से लिंग संबंधी मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया जाए;

(ii) मानसिक बीमारी से ग्रस्त महिलाओं के अधिकारों को संस्थागत समुदाय तथा पारिवारिक ढांचे में संरक्षित किया जाए;

(iii) मनःचिकित्सा संस्थाओं के भीतर, लिंग–संवेदी पहलुओं, जिसके अंतर्गत व्यक्तिगत स्वच्छता में सुधार लाने की सुविधाएं (प्रसाधन सामग्री और निजी सामान की व्यवस्था, अंतर्वस्त्रों की व्यवस्था, सेनेटरी नैपकिन की नियमित आपूर्ति और उनके व्ययन के संबंध में अनुदेश), अधिक भीड़ को कम करना, गरिमा पर ध्यान केन्द्रित करना (नहाने, वस्त्र बदलने, शौचालय का उपयोग करने के दौरान निजता सुनिश्चित करना; अनिवार्य मुंडन और वर्दी को वर्जित करना), सुख–साधनों में

सुधार करना (आराम, सर्दी में गर्म कपड़ों और हीटर तथा गर्मियों में पंखों और कूलरों के लिए बेहतर प्रबंध) भी हैं;

(iv) महिलाओं के अधिकारों और व्यक्तित्व पर ध्यान केन्द्रित किया जाए – उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरुक किया जाए, उन्हें उनके स्वास्थ्य के बारे में निर्णय लेने में अंतर्वलित करना, उन्हें बीमारी और योजनाबद्ध उपचार के बारे में शिक्षित करना, उपचार से पूर्व और उनके हित में किए गए किसी अन्य हस्तक्षेप या व्यवस्था के लिए संसूचित सहमति;

(v) मनोरंजन, फुर्सत की गतिविधियों और आध्यात्मिक आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त सुविधाएं प्रदान की जाएं;

(vi) मानव संसाधनों की कमी का समाधान किया जाए; सभी स्तरों पर स्टाफ का पर्याप्त लिंगानुपात सुनिश्चित किया जाए;

(vii) वर्ष में एक बार सुविधाओं और उपचार सहित संतोषप्रदता संबंधी नियमित लेखापरीक्षा अवश्य कराई जाए;

(viii) कौटुम्बिक और खुले वार्डों में वृद्धि करके और स्वैच्छिक प्रवेश, मानसिक बीमारी के संबंध में परिवारों की जागरुकता में सुधार करके और न्यायपालिका को संवेदनशील बनाकर लंबी अवधि तक भर्ती को हतोत्साहित किया जाना चाहिए;

(ix) अनिच्छा से भर्ती किए गए रोगियों के लिए भी, अस्पतालों को भर्ती के समय परिवारों से संपर्क स्थापित करना चाहिए और उनकी पहचान को दस्तावेजीकृत करना चाहिए;

(x) राज्य से बाहर की बेघर महिलाओं के लिए मानक प्रक्रियाएं विकसित की जाएं ताकि उन्हें उनके मूल निवास–स्थान के निकट सुविधाओं में अंतरित किया जा सके;

(xi) लंबी अवधि की भर्ती के मुद्दों में सतत देखरेख की आवश्यकता होती है (बेघर और परित्यक्त – भर्ती को कम से कम करना, पहचान स्थापित करना, कुशल बनाना/पुनः कुशल बनाना, श्रेणीबद्ध नियोजन);

(xii) ऐसी महिलाओं के लिए, जो ठीक हो गई हैं किन्तु जिन्हें ठहरने के लिए और स्वयं अपना जीवन आरंभ करने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु स्थान की आवश्यकता है, मिडवे गृह;

(xiii) राष्ट्रीय महिला आयोग/राज्य महिला आयोगों को अस्पतालों की मानीटरिंग समितियों का भाग बनाया जाए जिससे कि महिलाओं के मुद्दों का विनिर्दिष्ट रूप से समाधान किया जा सके;

(xiv) अनिच्छा से भर्ती की गई या भर्ती किए जाने के तीन मास के भीतर डिस्चार्ज न की गई, प्रत्येक महिला के लिए विधिक सहायता की आवश्यकता का निर्धारण अवश्य किया जाना चाहिए। ऐसी सुविधा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्थापित की जा सकती है और आपातकालीन मुद्दों पर अस्पताल समितियों तथा अन्य मानीटरिंग समितियों से विचार–विमर्श किया जा सकता है;

(xv) राज्य महिला आयोग प्रत्येक अस्पताल में उपचार संबंधी ढांचे और समुदाय, दोनों में महिलाओं के मुद्दों का समग्र रूप से समाधान करने और बाल देखरेख के फायदों, सहायता आदि तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए महिला सहायता सेवाओं का निरीक्षण कर सकते हैं। इसमें महिलाओं की संतुष्टि और सुविधाओं में सुधार के लिए सुझावों की वार्षिक लेखापरीक्षा की संवीक्षा अंतर्वलित होनी चाहिए और इसके अंतर्गत अस्पताल स्टाफ, सामाजिक सेवा अभिकरणों और गैर–सरकारी संगठनों से नियमित आधार पर अनुबंध अंतर्वलित होगा;

(xvi) दीर्घकालिक मानसिक बीमारी से ग्रस्त व्यक्तियों की देखरेख करने वाले परिवारों को इन उपायों के माध्यम से सशक्त और समर्थित किया जाना चाहिए, जैसेः

(क) सुगम्य और निःशुल्क/सहायताप्राप्त उपचार;

(ख) प्रोत्साहनों, जैसे विकलांगता फायदा, यात्रा फायदा, आदि तक पहुंच;

(ग) इन फायदों और इन तक पहुंच के बारे में जागरुकता;

(घ) मनोवैज्ञानिक पीड़ा और सहायता के लिए शीघ्र सहायता की ईप्सा करने के महत्व के बारे में महिला–केन्द्रित जानकारी;

(ङ) महिलाओं की मानसिक स्वास्थ्य हैल्पलाइन;

(च) ऐसे मामलों में, जहां उपेक्षा और शोषण का स्रोत परिवार है वहां राष्ट्रीय महिला आयोग/राज्य महिला आयोगों की बचाव और पुनर्वास के लिए सक्रिय भूमिका;

(छ) मानसिक बीमारी से ग्रस्त महिलाओं के मामले में मानवाधिकारों के अतिक्रमण को मानीटर करने के लिए मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ का सृजन करना। इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए संचित निधि विकसित करना।

(xvii) सिकुड़ते परिवारों के कारण उत्पन्न चुनौतियों तथा ऐसे परिवारों के कारण, जिनके पास देखरेख करने की क्षमता नहीं है, सामुदायिक स्तर की सुविधाएं स्थापित करने की आवश्यकता है। इस दिशा में, निम्नलिखित चीजें स्थापित करने की तुरंत आवश्यकता हैः–

(क) महिलाओं के लिए आराम/समझौता गृह सुविधाएं/पुनर्वास, जिसके अंतर्गत व्यसन संबंधी समस्याओं के लिए उपचार भी है;

(ख) ऐसी महिलाओं के लिए, जिन्हें मानसिक स्वास्थ्य संबंधी आश्यकताएं हैं, आश्रय;

(ग) दिवस देखभाल सुविधाएं;

(घ) मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या वाली महिलाओं के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए व्यावसायिक केन्द्रों से जुड़ाव;

(ङ) स्वसहायता समूहों, नियोजन स्कीमों, अन्य सामाजिक फायदा स्कीमों के साथ जुड़ाव।

(xviii) ऐसे स्थानों में जहां मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से ग्रस्त महिलाएं अवस्थित हैं वहां अतिक्रमण होना ज्ञात है। मानसिक स्वास्थ्य विकार की सीमा, ऐसी समस्याओं का पता लगाने और महिलाओं को सहायता देने में स्टाफ की क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए और निम्नलिखित स्थापनों में उपचार और पुनर्वास के लिए नेटवर्क का विकास करने के लिए कदम उठाए जाएंः–

(i) सामाजिक सेवा सुविधाएं;

(ii) भिक्षुकालय;

(iii) युवा लड़कियों के लिए किशोर गृह;

(iv) कारागार;

(v) मन्दबुद्धि बालकों के लिए गृह;

(vi) महिलाओं के लिए वृद्धाश्रम;

(vii) गैर–सरकारी संगठन और प्राइवेट आवासीय सुविधाएं; और

(viii) महिलाओं के लिए संस्थागत देखरेख का अन्य कोई स्थान।

(xix) संपर्क और नेटवर्किंग, विशेष रूप से निम्नलिखित क्षेत्रों में आवश्यक हैः–

(क) मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित महिलाओं की देखरेख और पुनर्वास में अंतर्वलित व्यक्तियों का स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय और सशक्तीकरण, महिला और बाल कल्याण, पुनर्वास, आवासन, न्यायपालिका, विधि, पुलिस, गृह, शिक्षा, श्रम, विधि और अन्यों से प्रभावी अंतर–क्षेत्रीय संपर्क स्थापित किया जाए;

(ख) राष्ट्रीय महिला आयोग को महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सक्रिय रूप से देखरेख के मानक स्थापित करने हेतु अन्य आयोगों (जैसे एन.एच.आर.सी., निःशक्तता आयोग, बाल आयोग), अन्य सरकारी अभिकरणों अन्य गैर–सरकारी संगठनों से तालमेल;

(ग) राष्ट्रीय महिला आयोग का स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित सभी समितियों और नीति बनाने वाले निकायों में एक प्रतिनिधि होना चाहिए; और

(घ) समस्त मानसिक अस्पतालों और अभिरक्षणीय देखरेख स्थापनों में लैंगिक उत्पीड़न समिति का गठन किया जाना है।

(xx) किसी प्रकार के दुरुपयोग को रोकने के लिए देखरेख संबंधी पर्याप्त मानक सुनिश्चित करने के लिए विधिक उपबंध अत्यंत आवश्यक हैं। उनके अंतर्गत निम्नलिखित हो सकते हैं:–

(क) देश की सभी मनोरोग संस्थाएं, जिसके अंतर्गत निजी रूप से प्रबंधित संस्थाएं भी हैं, राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण के अधीन रजिस्ट्रीकृत की जाएं;

(ख) देश की प्रत्येक मनोरोग संस्था की वार्षिक सामाजिक/लैंगिक लेखापरीक्षा भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सम्यक् रूप से मान्यताप्राप्त और पैनलित किसी स्वतंत्र अभिकरण द्वारा कराई जा सकती है;

(ग) ऐसी किसी महिला को, जो स्वस्थ घोषित किए जाने के पश्चात् मानसिक स्वास्थ्य संस्था को छोड़ती है, समाज में ऐसी रीति में, जो विहित की जाए, अपना पुन:एकीकरण सुकर बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा सकती है;

(घ) मानसिक बीमारी से ग्रस्त ऐसी महिलाओं के लिए, जिसके 18 वर्ष की आयु तक के बालक जीवित हैं, बाल देखरेख, दिवस देखरेख सुविधाओं की व्यवस्था अवश्य उपलब्ध होनी चाहिए। छह वर्ष तक की आयु के बालक के लिए किसी नातेदार या संरक्षण के साथ संस्था में ठहरने की व्यवस्था यह सुनिश्चित करने के लिए अनुज्ञात की जा सकती है कि बालक और माता को अलग न किया जाए;

(ङ) मनोरोग संस्थाओं से डिस्चार्ज हो चुके रोगियों के लिए मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा देखभाल के बाद मुआइने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए;

(च) अभिकथित रूप से मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति की भर्ती के लिए प्रत्येक आवेदन के साथ दो चिकित्सा व्यावसायियों से चिकित्सा प्रमाणपत्र लगे होने चाहिएं जिनकी, आदेश के जारी किए जाने से 15 दिन के भीतर सरकारी मनोचिकित्सक द्वारा पुष्टि की गई हो;

(छ) मानसिक बीमारी से ग्रस्त किसी महिला को जन्मे किसी बालक को माता की सहमति और देखरेख प्रदान करने संबंधी उसकी मानसिक स्थिति और क्षमता के समुचित निर्धारण के बिना दत्तक–ग्रहण के लिए मुक्त घोषित नहीं किया जाना चाहिए;

(ज) हिस्टेरेक्टामी, बलात्कार की घटनाओं से गर्भपात या बालक के जन्म आदि के संबंध में विधिक हैसियत के अभाव में मानसिक बीमारी से ग्रस्त अपमानित/

प्रताड़ित महिला और उसके अधिकार सुनिश्चित किए जाने चाहिएं; और

(झ) मनोरोग संस्थाओं के बाह्य पर्यवेक्षण के लिए, विशेष रूप से महिला रोगियों के लिए मुलाकात व्यवस्था के लिए उपबंध किया जाए।

3.14 ई.आर.यू. कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा "महिला और बाल परामर्श यूनिट विशेष पुलिस यूनिट(एस.पी.यू.डब्ल्यू.ए.सी.), दिल्ली पुलिस का मूल्यांकन" विषय पर संचालित अनुसंधान अध्ययन की प्रमुख सिफारिशें निम्न प्रकार हैं:–

1. एस.पी.यू.डब्ल्यू.ए.सी. निम्नलिखित कदमों पर विचार कर सकता है –

- टी.आई.एस.एस. और राष्ट्रीय महिला आयोग के परामर्श से विशेष प्रकोष्ठों की पद्धतियों और रणनीतियों का पुनर्विलोकन और पुनरीक्षण करने के लिए डी.सी.पी.–सी.ए.डब्ल्यू. के अधीन विभाग के भीतर एक कोर समूह के गठन को सुकर बनाना।
- कतिपय प्रकार के मामलों के संबंध में कार्यवाही करते समय आने वाली परेशानियों और विभिन्न हितधारकों द्वारा दिए जा रहे और उपयोग में लाए गए संसाधन समर्थन के विश्लेषण के लिए संयुक्त त्रैमासिक पुनर्विलोकन बैठकों की एक व्यवस्था विकसित करना, जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता, जांच अधिकारी और मध्यस्थ शामिल हों।
- सामाजिक कार्यकर्ताओं को मामलों/डाटा आदि का प्रवृत्तियों की कल्पना करने और ऐसे मामलों से निपटने के लिए नई रणनीतियां विकसित करने के लिए जांच अधिकारियों के साथ विश्लेषण करने में सहायता करना । बुजुर्ग/वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी, परामर्श प्रकोष्ठों, डाटा विश्लेषण और मामलों के प्रबंधन और संप्रेषणों को सुदृढ़ करने के लिए नए कार्यकर्ताओं की योजना/प्रशिक्षण में दल के सदस्यों के रूप शामिल किया जा सकता है।
- स्थानीय क्षेत्र में कौशल विकास पाठ्यक्रमों को सुगम बनाने हेतु उत्तरजीवियों के लिए अन्य सरकारी विभागों के साथ संप्रेषण नेटवर्क आयोजित करने के लिए कदम उठाना । इसके लिए संप्रेषण सेवाओं के लिए डाटाबेस और संपर्क विकसित करने में सहायता हेतु एक संप्रेषण समूह का गठन किया जा सकता है।
- संप्रेषण समूह, उत्तरजीवियों के आर्थिक विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और प्रशिक्षण संसाधनों का संयोजन सुगम बना सकता है/उसका पता लगा सकता है। ऐसे अपराधियों के लिए, जो अल्कोहलिक हैं/नशीले पदार्थों का दुरुपयोग करते हैं, संप्रेषण सेवाएं अनिवार्य हैं।
- ई. ओ. और सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए प्रति वर्ष दो से तीन रिफ्रैशर कार्यशालाओं का आयोजन। इससे उत्तम पद्धतियों और उन मुद्दों का जो उद्भूत

होते हैं, पुनर्विलोकन और मानीटरिंग करने में सहायता मिलेगी।

- एस.पी.यू.डब्ल्यू.ए.सी. यूनिटों के बारे में जानकारी का व्यापक रूप से प्रचार–प्रसार करने की आवश्यकता है। इन यूनिटों के लिए महिलाओं के अधिकारों, विधियों, नियोजन के अवसरों, शिक्षा, प्रशिक्षण के संबंध में अन्य सरकारी विभागों/गैर–सरकारी संगठनों और अभिकरणों के दस्तावेजों और सामग्री को उत्तरजीवियों से साझा करने के लिए उन तक पहुंच रखने की आवश्यकता होती है।
- कुछ अनुकल्पी व्यवस्था भी तैयार की जा सकती है जिससे कि ग्राहक अपनी सुविधा के आधार पर सप्ताहांत और कार्यालय घंटों के पश्चात् आ सकें।
- ऐसे पति/पत्नी/भागीदारों के साथ, जो कठोर और अड़ियल हैं और उत्तरजीवियों को उत्पीड़ित करते रहते हैं, काम करने के लिए कुछ पुरुष परामर्शियों की नियुक्ति पर विचार किया जाए।
- ई.ओ., सामाजिक कार्यकर्ताओं और निरीक्षकों के साथ मुद्दों के पुनर्विलोकन, निगरानी और समाधान के लिए संयुक्त बैठकें आयोजित की जाएं।
- उत्तरजीवी की उसके वैवाहिक गृह में स्थिति का पुनर्विलोकन करने के लिए गंभीर मामलों में गृह भेंटों को पुनरुज्जीवित किया जाए।
- राष्ट्रीय महिला आयोग, विशेष प्रकोष्ठ – दिल्ली के लिए संयुक्त पुनर्विलोकन/मानीटरिंग समिति तथा संपूर्ण देश के लिए राष्ट्रीय सलाहकार समूह स्थापित करने पर विचार कर सकता है।
- संसाधक संगठनों/सरकारी विभागों की ऐसी निर्देशिका विकसित की जाए जो उत्तरजीवियों के लिए सुगम हो सकती है। सामाजिक कार्यकर्ताओं का संगठनों/अभिकरणों से परिचय कराया जा सकता है और वे पुलिस और राष्ट्रीय महिला आयोग के माध्यम से नियमित रूप से संपर्क कर सकते हैं। इससे उत्तरजीवी, नियोजन की ईप्सा करने के लिए प्रशिक्षण, स्वास्थ्य से संबंधित परामर्शों, किसी प्रकार के नियोजन की ईप्सा करने या गृह आधारित कार्य आरंभ करने जैसी सेवाओं तक पहुंच रखने में सशक्त होंगे।
- राष्ट्रीय महिला आयोग, महिलाओं के प्रति हिंसा के संबंध में जानकारी, महिलाओं और बालकों के विधिक अधिकारों, विशेष प्रकोष्ठों के बारे में जानकारी, पोस्टरों और स्टीकरों का जनता की जानकारी के लिए प्रचार–प्रसार कर सकता है जिससे कि वे विशेष प्रकोष्ठों की सेवाओं का लाभ लेने में समर्थ हो सकें। जनता/समुदाय, विशेषकर पुरुषों को इस संबंध में जागरुक करने की आवश्यकता है कि महिलाओं के प्रति किसी प्रकार की हिंसा को बर्दाशत नहीं किया जाएगा।
- राष्ट्रीय महिला आयोग और टी.आई.एस.एस. महिलाओं के जीवन को सकारात्मक

रूप से प्रभावित करने और यदि उनके जीवन में हिंसा अपरक्राम्य है तो उन्हें अपने जीवन का मार्ग बदलने के लिए सशक्त करने, दोनों के लिए विशेष प्रकोष्ठों को सुदृढ़ करने की योजना और रणनीति तैयार कर सकते हैं।

- राष्ट्रीय महिला आयोग को दिल्ली में विशेष प्रकोष्ठों को चिरस्थायी बनाने की दृष्टि से प्रतिबद्ध समय–सीमा के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन सुगम बनाने चाहिए। ये संसाधन न केवल सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए आबंटित किए जाने चाहिएं बल्कि क्षमता–निर्माण, पुनर्विलोकन और मानीटरिंग, संयोजनों/नेटवर्किंग, जानकारी को साझा और प्रचार–प्रसार करने तथा वकालत के लिए भी आबंटित किए जाने चाहिएं।
- राष्ट्रीय महिला आयोग, प्रमुख संस्थागत खिलाड़ी के रूप में, विभिन्न राज्यों में विशेष प्रकोष्ठों के भिन्न–भिन्न माडलों के अनुभवों को साझा करने के लिए कार्यशालाएं/संगोष्ठियां आयोजित कर सकता है। इससे दिल्ली पुलिस और सामाजिक कार्यकर्ताओं के दलों के लिए अन्य माडलों को देखना सुलभ होगा।
- राष्ट्रीय महिला आयोग, यह सुनिश्चित करने के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक कार्य योजनाएं तैयार कर सकता है कि विशेष प्रकोष्ठ, हिंसा से प्रभावित महिलाओं के लिए अधिक सुगम्य बनकर अपने उद्देश्यों को पूरा करें क्योंकि ये दिल्ली के प्रत्येक जिले में स्थापित किए जा रहे हैं। इसके साथ–साथ, इसका हिंसा से प्रभावित महिलाओं तक पहुंचना भी आवश्यक है जिससे कि वे हिंसा के चक्र से बाहर आने में समर्थ हो सकें।
- महिलाओं के प्रति हिंसा के लिए समय–समय पर पुनश्चर्या जानकारी प्रदान करके और कम से कम अर्ध–वार्षिक रूप से कार्यक्रम का पुनर्विलोकन करने में सहायता के लिए एक स्थानीय संसाधक सहायता समूह का सृजन किया जाए जिसमें लिंग विशेषज्ञ, प्रशिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ताओं और जांच अधिकारियों के क्षमता–निर्माण के लिए शिक्षाविद् शामिल हों।
- संभवतः, टी.आई.एस.एस., महिलाओं द्वारा झेली जा रही हिंसा की किस्मों की प्रवृत्तियों और उस प्रभाव की परीक्षा करने के लिए, जो ऐसे प्रकोष्ठ अपनी पहुंच के माध्यम से उनके जीवन पर डाल रहे हैं, पुलिस दल के साथ डाटा विश्लेषण का वृहत्तर मुद्दा पैदा कर सकता है। इससे यह प्रतिबिंबित करने में सहायता मिलेगी कि क्या आवश्यक है और महिलाओं की आवश्यकताओं और प्रत्याशाओं को पूरा करने के लिए रणनीतियां कैसे तैयार की जाएं।
- टी.आई.एस.एस. राष्ट्रीय महिला आयोग की भागीदारी से ऐसे पड़ोसी राज्यों के बीच, जिनमें विशेष प्रकोष्ठ हैं, आर–पार शिक्षा प्रक्रिया को समृद्ध करने के लिए शिक्षण–साझा कार्यशालाएं आयोजित कर सकता है।

3.15 आर्थिक विकास न्यास द्वारा "बिहार के सुपॉल जिले के ग्रामों में महिला साक्षरता का प्रभाव" विषय पर संचालित अनुसंधान अध्ययन की मुख्य सिफारिशें संक्षिप्त में निम्न प्रकार हैं:–

(i) **शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जीविका कार्यक्रम की दशा में:**

- जीविका का ताना–बाना, दूरस्थ शिक्षा प्रणाली अपनाकर और चलत–बस पुस्तकालय–एवं–शिक्षण सुविधा के माध्यम से आधारभूत स्तर पर शिक्षा को बढ़ावा देने से जोड़ा जाना चाहिए; और
- जीविका कार्यक्रम में उन्हें पढ़ाने और 'राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान(एन. आई.ओ.एस.)' के माध्यम से परीक्षा देने के लिए सक्षम बनाने हेतु सेवानिवृत्त जिला स्तर के पदाधिकारियों और अध्यापकों और सेवानिवृत्त सरकारी पदाधिकारियों से सहायता ली जानी चाहिए और उनका पैनल बनाया जाना चाहिए।

(ii) **कृषि उत्पादों का कीमत-नियतन:**

- ठेका कृषि तथा निर्यातकर्ताओं, प्रसंस्करणकर्ताओं, खाद्य सुपर बाजारों और कृषि उपज के अन्य व्यापारियों द्वारा प्रत्यक्ष क्रय के अभाव में, यह सुनिश्चित करने के लिए समुचित कदम उठाए जाए कि लघु और सीमांत कृषक ग्राम में फसलों की उचित कीमत प्राप्त करें;
- बिहार में कुल कृषि क्षेत्र के 90 प्रतिशत से अधिक कृषक लघु और सीमांत कृषक हैं और वे उचित कीमत प्राप्त करने में समर्थ नहीं हैं। वे ठेका कृषि और प्रत्यक्ष क्रय कीमतों की ईप्सा करने के लिए न्यूनतम मानदंड का भी काम करते हैं;
- फसल के लिए उचित कीमत की व्यवस्था की जाए। वर्तमान में, कृषक तुरंत नकदी प्राप्त करने के लिए ग्राम के आड़तिया (ग्राम के बाजार में फसल का थोक विक्रेता) को विक्रय करने के लिए बाध्य हैं;
- अनेक खंडों में सड़क निर्माण, मरम्मत और अनुरक्षण और पहुंच मार्ग चिन्ता के क्षेत्र हैं। अस्पताल सेवा, सड़कों, स्कूलों, आंगनवाड़ी में नवीकरण अपेक्षित है। सुपाल में अधिकांश स्थानों पर, हैंड–पंप ही पीने के प्रयोजन के लिए पानी प्राप्त करने का एकमात्र नियमित तरीका है। ग्रामों में प्रत्येक जगह ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की अत्यधिक आवश्यकता है। डोगमारा में गांव के लोग अधिकतर श्रमिक के रूप में नियोजित हैं और उन्हें सुधार के लिए वैकल्पिक रोजगार विकल्पों की आवश्यकता है;
- महिलाओं को उच्चतर शिक्षा, नियोजन, बचत, गतिशीलता और पूंजी उत्पादन आदि क्षेत्रों में सशक्त करने की आवश्यकता है;

- शिक्षित महिला उद्यमियों को सूक्ष्म और लघु उद्यम आरंभ करने के लिए सुविधाओं से अवगत कराने की आवश्यकता है; और
- स्थानीय प्रशासन को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि महिलाओं को सशक्त करने के लिए सर्व शिक्षा अभियान और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जैसी स्कीमों से अधिकतम फायदा प्राप्त किया जाए।

3.16 कुन्दन वेलफेयर सोसायटी, गुड़गाव द्वारा "राजस्थान में दलित महिलाओं के प्रति हिंसा" विषय पर संचालित अनुसंधान अध्ययन की प्रमुख सिफारिशें निम्न प्रकार हैं:–

(i) लिंग और जाति के आधारों पर सभी दांडिक, आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक डाटा को अलग–अलग किया जाए;

(ii) दलित महिलाओं के लिए दंडमुक्ति पर विचार करने और दांडिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार और कार्यान्वित की जाए;

(iii) सुसंगत राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थाओं को, विधिक रूप से बाध्यकारी सिफारिशें करने और दलित महिलाओं के विरुद्ध भेदभाव और हिंसा से छुटकारा पाने के लिए एक स्वतंत्र शिकायत और मानीटरिंग प्रणाली स्थापित करने में समर्थ बनाने के लिए शक्तियां अनुदत्त की जाएं;

(iv) ऐसी घरेलू हिंसा (निवारण और संरक्षण) विधियां अधिनियमित की जाएं जिसमें दलित महिलाओं की विलक्षण भेद्यता को स्वीकार किया जाए, पर्याप्त संसाधन आबंटित किए जाएं और इन विधियों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए व्यापक मानीटरिंग सुनिश्चित की जाए;

(v) दलित महिलाओं को अपने ही समुदाय में सामाजिक, घरेलू और विकास संबंधी मुद्दों पर निर्बाध रूप से चर्चा करने के लिए और स्थानीय शासन ढांचों के भीतर नेतृत्व को मजबूत करने में समर्थ बनाने के लिए औपचारिक संगठन स्थापित करने में समर्थन प्रदान किया जाए;

(vi) संसद्, राज्य विधानमंडलों और स्थानीय शासन तंत्रों, आदि में सदस्यों के रूप में निर्वाचित किए जाने के लिए दलित महिलाओं के आनुपातिक प्रतिनिधित्व को अनिवार्य बनाया जाए;

(vii) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार का निवारण) अधिनियम, 1989 के उपबंधों के प्रभावी प्रवर्तन की मशीनरी को बुनियादी स्तर पर, अर्थात् पुलिस थानों में ऐसे पृथक् प्रकोष्ठ बनाकर जिनमें ऐसे मामलों पर कार्यवाही करने के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के पदाधिकारी हों, अधिक कठोर बनाने की आवश्यकता है;

(viii) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार का निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 4 में, जिसका संबंध 'कर्तव्यों की उपेक्षा के लिए दंड' से है, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति प्रवर्गों के लोक सेवकों को शामिल करने के लिए संशोधन करने की आवश्यकता है;

(ix) सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1995 के अधीन रजिस्ट्रीकृत 10 प्रतिशत से अधिक मामलों की परिणति निचले न्यायालयों में दोषसिद्धि में नहीं होती, जिसके कारण अन्वेषकों की ओर से और विचारण और न्यायिक स्तरों पर निष्पक्षता बरते जाने के बारे में प्रश्न उद्भूत होते हैं । राज्यों को ऐसे सभी मामलों का पुनर्विलोकन करने और इस बात का पता लगाने के लिए निर्देश जारी किए जाएं कि निचले न्यायालयों के निर्णयों के विरुद्ध उच्चतर न्यायालयों में अपील क्यों नहीं फाइल की जा सकी;

(x) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अधिनियम के प्रवर्तन पर पुलिस थाने से लेकर न्यायालय के स्तर तक उपगत होने वाला शत प्रतिशत व्यय भारत सरकार द्वारा वहन किया जाए;

(xi) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामले लड़ने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करने की शर्त का भी पूर्णतः पुनर्विलोकन करने की आवश्यकता है क्योंकि यह उपबंध औपचारिकता मात्र रह गया है। परिणामस्वरूप, अनेक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के विचारणाधीन व्यक्ति विधिक सहायता से वंचित हो गए हैं और वे अभियोजित या दंडित किए बिना लंबी अवधियों से जेल में बन्द पड़े हैं। उन्हें जमानत पर छुड़ाने के लिए कोई भी आगे नहीं आता जबकि वे केवल छोटे–मोटे अपराधों के अभियुक्त हैं;

(xii) दलित महिलाओं के लिए समर्थकारी वातावरण सुनिश्चित किया जाए जिससे कि उन्हें उन व्यवधानों की पहचान करके और उन्हें हटाकर, जिन्हें इन महिलाओं को न्याय तक पहुंचने के समय झेलना पड़ता है, औपचारिक न्याय सुगम बनाया जा सके;

(xiii) यह सुनिश्चित किया जाए कि विधि प्रवर्तन अभिकरणों और अन्य राज्य तंत्रों, कल्याण विभागों, चिकित्सा और पराचिकित्सा अभिकरणों, स्थानीय निकायों, आदि को दलित महिलाओं और उनके समुदाय की शिकायतों का प्रभावी रूप से निपटारा करने के लिए संवेदनशील बनाया जाए;

(xiv) दलित महिलाओं और शेष जनसंख्या के बीच विकासात्मक अंतर को नियत समय–सीमा के भीतर कम करने के लिए विनिर्दिष्ट रूप से प्रयासों में तेजी लाने के लिए एक राष्ट्रीय भावी योजना तैयार की जाए;

(xv) पुलिस, न्यायपालिका, विधिक व्यवसाय और शिक्षा के क्षेत्र में दलित महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सकारात्मक कार्यात्मक नीतियां पुरःस्थापित की जाएं;

(xvi) दलित महिलाओं की स्थिति, विशेषकर सरकारी योजनाओं और विकास कार्यक्रमों में डाटा को अलग–अलग किया जाए और उसका प्रचार–प्रसार किया जाए;

(xvii) सरकार को, विधियों का प्रभावी कार्यान्वयन और प्रवर्तन सुनिश्चित करते समय, उस दृष्टिकोण और पूर्वाग्रह पर भी विचार करना चाहिए जिसके परिणामस्वरूप हिंसा होती है और दंडमुक्ति की संस्कृति को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्हें समता को बढ़ावा देने के लिए जन अभियान चलाने चाहिएं और जाति पर आधारित भेदभाव को चुनौती देनी चाहिए;

(xviii) गैर–दलित समुदायों और पुरुषों के बीच संवाद के संचालन और उनके संवेदीकरण को प्रोत्साहित करके जाति और लिंग पर आधारित भेदभाव को चुनौती देने के लिए प्रक्रियाएं आरंभ की जाएं;

(xix) स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में हिंसा और भेदभाव के नए रूपों पर तुरंत विचार किया जाना चाहिए, उनका निपटारा किया जाना चाहिए तथा उन्हें एस.सी.(पी.ओ.ए.) के अंतर्गत लाना जाना चाहिए;

(xx) दंड न्याय प्रणाली को अधिक जवाबदेह और प्रतिक्रियाशील बनाया जाना चाहिए। वरिष्ठ महिला पुलिस अधिकारी इसमें सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं;

((xxi) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के बारे में सही और समय पर जानकारी का प्रचार–प्रसार किया जाना चाहिए और दलित महिलाओं को तुरंत विधिक सेवाएं उपलब्ध की जानी चाहिएं तथा चिकित्सा स्थापनों को मानीटर किया जाना चाहिए;

(xxii) पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त करने और महिलाओं, विशेषकर दलित महिला सरपंचों को पर्याप्त संरक्षण प्रदान करने की आवश्यकता है;

(xxiii) दलित महिलाओं के अधिकारों की संरक्षा के लिए विधियों का सख्त और पूर्ण कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाए और 'अस्पृश्यता' की प्रथा का उत्सादन सुनिश्चित करने के उपायों को कार्यान्वित किया जाए; और

(xxiv) उस दलित महिला को, जो हिंसा की रिपोर्ट करती है, अभियुक्तों द्वारा बदला लिए जाने से संरक्षा प्रदान की जाए और उसके विरुद्ध नए सिरे से हिंसा कारित किए जाने को निवारित किया जाए।

3.17 ओडिशा में "रीचिंग द अनरीच्डः कारागार भुगत रही माताओं के बालकों की स्थिति" विषय पर अनुसंधान अध्ययन की मुख्य सिफारिशें निम्न प्रकार हैं:–

(i) आश्रय–गृह में रह रहे बालकों को राज्य सरकार के सभी फायदों और स्कीमों में शामिल करना;

(ii) महिला बन्दी के प्रत्येक बालक के लिए नियत मासिक भत्ता अनुज्ञात करना;

(iii) मानसिक स्वास्थ्य और ट्रामा देखरेख के संबंध में परामर्श सेवा की व्यवस्था;

(iv) आश्रय–गृहों में रहने वाले बालकों की प्रत्येक छमाही में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच;

(v) आश्रय–गृहों में रुकने वाले युवाओं की शिक्षा, व्यक्तिगत सफाई और स्वच्छता;

(vi) आश्रय–गृहों में युवा लड़कियों को नियमित आधार पर सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराए जाएं;

(vii) शिक्षा संस्थाओं को बन्दियों के बालकों को किसी भी समय स्वीकृत स्थानों से परे अतिरिक्त स्थान सृजित करके प्रवेश देना चाहिए। उन्हें ट्यूशन फीस, परीक्षा फीस से छूटप्राप्त होनी चाहिए और उनके लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए;

(viii) ऐसी माताओं के, जिनकी बच्चे 0–12 वर्ष के आयु–प्रवर्ग में आते हैं, मामलों को फास्ट ट्रैक के आधार पर चलाया जाए;

(ix) महिला बन्दियों के साथ आने वाले 0–5 वर्ष के आयु समूह वाले बच्चों को उनके साथ विशेष रूप से व्यवस्थित शिशु–गृहों में रखा जा सकता है;

(x) आश्रय–गृहों को वार्षिक सहायता अनुदान दिया जाना चाहिए जिससे कि उन्हें बालकों की पर्याप्त देखरेख करने में समर्थ बनाया जा सके;

(xi) महिला बन्दियों में, उन विधिक उपबंधों के बारे में, जो उनके अधिकारों और विशेषाधिकारों के संबंध में है, जागरुकता पैदा करने के लिए कदम उठाए जाए;

(xii) सभी जिला मुख्यालयों में आश्रय–गृह स्थापित किए जाने चाहिएं जिससे कि उन्हें सुरक्षित और उचित देखरेख और ध्यान सुनिश्चित किया जा सके;

(xiii) राष्ट्रीय सर्वोत्कृष्ट स्कीमों, जैसे कि बालकों के लिए एस.एस.ए., आई.सी.डी.एस. में बन्दियों के बालकों को भी शामिल किया जाना चाहिए;

(xiv) अपनी माताओं से दूर रहने वाले बालकों के ट्रामा और पीड़ा को कम करने के लिए व्यक्तिगत परामर्शी सत्र आयोजित किए जाने चाहिएं।

3.18 राष्ट्रीय शिशु–गृह और दिवस देखरेख सुविधा कार्यक्रम के संबंध में विशेषज्ञ समिति ने निम्नलिखित प्रमुख सिफारिशें की हैं:–

(i) 8 घंटे की अवधि का एक शिशु–गृह कार्यक्रम, जिसमें माता–पिता की आवश्यकताओं

के अनुरूप समय–सारणी, पर्याप्त स्थान और पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित और वैतनिक कार्मिक हों, आरंभ किया जाए;

(ii) मातृभाषा या देशी भाषा में आयु और विकास की दृष्टि से समुचित बाल केन्द्रित पाठ्यक्रम, जिसके अंतर्गत प्रेरित करना और शीघ्र शिक्षण क्रियाकलाप भी हैं, आरंभ किया जाए;

(iii) दिशानिर्देशों के अनुसार पर्याप्त पोषण सुनिश्चित किया जाए;

(iv) अद्यतन स्वास्थ्य कार्ड सहित नियमित स्वास्थ्य जांच और विकास मानीटरिंग कराई जाए;

(v) विकास की दृष्टि से उपयुक्त खिलौने और शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जाए;

(vi) बच्चों के अनुकूल पर्याप्त और पृथक् शौचालय और हाथ धोने की सुविधाएं प्रदान की जाए;

(vii) भवन संरचनात्मक दृष्टि से सुरक्षित होना चाहिए और उसमें आसानी से पहुंचा जा सके तथा पहुंच के संबंध में आई.सी.डी.एस. मानकों का अनुसरण किया जाए । इसके चारों और स्वच्छ हरा–भरा क्षेत्र होना चाहिए;

(viii) पर्याप्त और सुरक्षित पेय जल, अधिमानतः बहता जल, सफाई के प्रयोजनों के लिए उपलब्ध कराया जाए;

(ix) बच्चों के अनुकूल पर्याप्त और पृथक् शौचालय, जिसमें मलमूत्र के व्ययन के लिए समुचित सीवरेज/सोक पिट हो, व्यवस्था की जाए;

(x) पौष्टिक भोजन पकाने के लिए पृथक् स्थान और बर्तन उपलब्ध कराए जाएं;

(xi) 3–6 वर्ष के लिए 1:15 और तीन वर्ष से कम आयु के लिए 1:8 वयस्क, बाल–देखरेख दाता अनुपात की व्यवस्था की जानी चाहिए;

(xii) कोई भी शिशु–गृह एक ही कार्यकर्ता की सहायता से नहीं चलाया जाएगा; और

(xiii) बच्चों को किसी भी समय अकेला नहीं छोड़ा जाना चाहिए ।

## सेमीनारों/कार्यशालाओं/सम्मेलनों की सिफारिशें

3.19 स्मार्ट शहरों को लिंग समावेशी और लिंग संवेदी बनाने के लिए उपबंधों का सुझाव देने के लिए भारतीय स्त्री शक्ति, मुम्बई, महाराष्ट्र द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रत्यायोजित 'समावेशी लिंग सशक्तीकरण पर संकेन्द्रित स्मार्ट शहर' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। मुख्य सिफारिशों में वेश्यापूर्ण क्षेत्र (रैड लाइट एरिया) में अच्छी अवसंरचना का उपबंध करना और पुनर्वास के लिए समग्र

प्रयास करना और महिलाओं के सभी वर्गों के लिए, विशेषकर प्रवासियों और समाज के अन्य वंचित क्षेत्रों के लिए नगरपालिकाओं और महिला सहकारी समितियों द्वारा कौशल विकास के लिए परामर्शी और प्रशिक्षण सुविधाओं सहित रोजगार का सृजन करना शामिल है। उद्यमियों के लिए अनुज्ञप्ति, ब्रांडिंग, बार कोडिंग, पैकेजिंग, बाजार श्रृंखला, ई–कामर्स आदि के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एकल स्थल केन्द्र स्थापित करना। नगरपालिका परिषदों की स्थायी समिति में महिला पार्षदों का समान प्रतिनिधित्व होना चाहिए जिससे कि वे नीति तैयार करने में समान रूप से भाग ले सके। कामकाजी महिलाओं के लिए होस्टल, महिलाओं के लिए अल्पावास और राहगीर महिलाओं के लिए रैन बसेरों की व्यवस्था की जाए। ऐसे क्रियाकलापों का प्रधान मंत्री आवास योजना के साथ सम्मिलन सुनिश्चित किया जाए जिससे कि महिलाओं के लिए आवासन और महिला भवन–निर्माण श्रमिकों के लिए निर्माण–स्थलों पर वास सुविधा सुकर बनाई जा सके। ऐसे भवन–निर्माताओं को प्रोत्साहन दिया जाए, जो बुजुर्गों के लिए विशेष स्कीमों की पेशकश करते हैं। प्रत्येक पुलिस थाने में सक्रिय महिला डेस्क, पुलिस कार्मिकों का व्यवहार कुशल प्रशिक्षण, आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए नियंत्रण–कक्ष और सुरक्षित परिवहन सुविधाओं सहित पर्याप्त खेलकूद और मनोरंजन सुविधाओं की व्यवस्था की जाए।

3.20 मुस्लिम महिलाओं के संबंध में "मुसलमान औरतों की आवाजः सड़क से संसद् तक" विषय पर एक राष्ट्रीय कन्वेशन का आयोजन आवाज–ए–निस्वान, मुम्बई, महाराष्ट्र और राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा 27–29 फरवरी, 2016 को किया गया था, जिसमें मुस्लिम महिलाओं के लिए प्राण, गरिमा, समता के मूल अधिकार और धर्म और अभिव्यक्ति की भेदभाव–रहित स्वतंत्रता की मांग की गई थी। इसमें यह सिफारिश की कि मुस्लिम लड़कियों के बीच स्कूल छोड़ने की दर में कमी लाने और उच्चतर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ग्राम और खंड स्तरों पर मुस्लिम महिला छात्रों को निःशुल्क होस्टल सुविधा और अल्पावास गृह उपलब्ध कराए जाने चाहिएं। इसमें यह सिफारिश की गई कि मदरसा स्कूलों में विज्ञान की शिक्षा और भाषा पाठ्यक्रमों को आरंभ किया जाए और मदरसों को आधुनिक बनाया जाए। सरकारी योजनाओं और हकदारियों का, जिनके अंतर्गत पहचान कार्ड बनाना, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, जीविका, राशन, पेंशन आदि हैं, लाभ उठाने के लिए एकल खिड़की स्वीकृति और उपयोक्ता–अनुकूल प्रक्रियाएं चालू की जाएं। मुस्लिम युवाओं, विशेषकर मुस्लिम लड़कियों और महिलाओं के कौशल विकास के लिए अवसर प्रदान किए जाने की आवश्यकता है। समान अवसर आयोग का गठन करने पर विचार किया जाए, जो कि सभी व्यक्तियों के लिए गैर–भेदभाव और समान नागरिकता के मूल अधिकारों को सुनिश्चित कर सकता है। मुस्लिम आबादियों में आई.सी.डी.एस. की पहुंच को बढ़ाया जाए। इन्दिरा आवास योजना में कतिपय प्रतिशत मकान मुसलमानों के लिए निर्धारित किए जाएं। साधारण रूप से महिलाओं और विशेष

रूप से मुस्लिम महिलाओं के लिए उच्चतर शिक्षा लेने या लाभप्रद नियोजन के लिए अपने जन्म संबंधी/वैवाहिक गृह से बाहर रहने संबंधी सहायता प्रदान की जाए। अल्पसंख्यकों के लिए धार्मिक ब्यौरे सहित सूचनात्मक नीति गठन और प्रभावी विकास हस्तक्षेप के लिए अल्पसंख्यकों के सामाजिक–आर्थिक, शैक्षिक और नियोजन स्थिति के दस्तावेजीकरण के लिए एक राष्ट्रीय डाटा बैंक सृजित करने और बनाए रखने के लिए कदम उठाए जाएं। केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों के समस्त मंत्रालयों और विभागों में मुस्लिम जनसंख्या के लिए निधियां और संसाधन आरक्षित रखने के लिए जनजाति उप–योजना और अनुसूचित जाति उप–योजना के समरूप अल्पसंख्यक विशेष घटक योजना बनाने पर विचार किया जाए। सरकारी स्कीमों के बारे में अल्पसंख्यक समुदाय को जानकारी का बेहतर प्रचार–प्रसार भी आवश्यक है।

3.21 हैदराबाद के चुने गए खंडों में आजीविका क्रियाकलापों के माध्यम से मुस्लिम महिलाओं के सामाजिक–आर्थिक समावेश विषय पर सफा सोसाइटी, हैदराबाद द्वारा संगोष्ठी आयोजित की गई थी, जो कि राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रायोजित थी। इसमें यह सिफारिश की गई कि राज्य अभिकरणों को सक्रिय रूप से ऐसी नीतियां विकसित और क्रियान्वित करनी चाहिएं जो मुस्लिम महिलाओं और साधारण रूप से मुस्लिम समुदाय की सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए तैयार की गई है जिससे कि भारतीय नागरिकों के रूप में सार्वजनिक जीवन में उनकी पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित हो सके। प्रशासन को मुस्लिम महिलाओं के लिए आशयित कार्यक्रमों तथा चालू राष्ट्रीय कार्यक्रमों के समुचित कार्यान्वयन के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों को मुस्लिम महिलाओं के लिए प्राथमिक और गौण शिक्षा कार्यक्रमों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना चाहिए। मदरसों के आधुनिकीकरण के लिए कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन की आवश्यकता है। ग्रामीण महिलाओं के लिए व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण के अंतर्गत नए और अपारंपरिक क्षेत्र शामिल किए जाने चाहिएं, जैसे सूचना और संचार प्रौद्योगिकी या नवीकरणीय ऊर्जा, विद्युत, प्रशीतन आदि। विभिन्न सरकारी स्कीमों और कार्यक्रमों के संबंध में मुस्लिम महिला समुदाय के बीच जागरुकता को बढ़ाया जाना है। मनरेगा को मुस्लिम महिला शिल्पकारों के पारंपरिक व्यवसाय से जोड़ने की आवश्यकता है। आर्थिक विकास के लिए बैंक का ऋण एकल खिड़की के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि निर्धन मुस्लिम महिलाओं को आसानी से उधार मिल सके। स्वास्थ्य की ईप्सा करने के व्यवहार में परिवर्तन लाने में सहायता करने के लिए मुस्लिम संस्कृति के लिए उपयुक्त स्वास्थ्य सेवाओं की उपलभ्यता और सुगमता सुनिश्चित की जाए। निर्वाचन आयोग द्वारा मुस्लिम महिला समुदाय के लिए विशेष अभियान आरंभ किए जाने चाहिएं क्योंकि विभिन्न अन्य नागरिकता संबंधी अधिकारों का उपभोग करने के लिए मताधिकार आवश्यक है।

3.22 "शहरी क्षेत्रों में रहने वाली अकेली महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले आवास–सुविधा की उपलभ्यता से संबंधित मुद्दे" विषय पर जय मां भवानी प्रतिष्ठान, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रायोजित संगोष्ठी की प्रमुख सिफारिशें निम्न प्रकार हैं:–

(i) अपने घरों से दूर रहने वाली कामकाजी महिलाओं या नियोजन, आदि के लिए प्रशिक्षित की जाने वाली महिलाओं के लिए सुरक्षित और किफायती होस्टल वास–सुविधा की व्यवस्था की जाए;

(ii) वास–सुविधा की उपलभ्यता के संबंध में विधियों और नियमों के बारे में समुचित शैक्षिक और प्रशिक्षण कार्यक्रम और संगोष्ठियां आरंभ की जाएं;

(iii) अकेली महिला के लिए आवास के संबंध में भारत में प्रचलित विधियों और नियमों के संबंध में जागरुकता शिविर आयोजित किए जाएं; और

(iv) दहेज विधियों, लैंगिक विधियों और महिलाओं से संबंधित अन्य विधियों के बारे में संगोष्ठी/शिविर आयोजित करने के लिए विधियों और अधिनियमों के बारे में समुचित दिशानिर्देश तैयार किए जाएं।

3.23 "सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षाः योजना और डिजाइन प्रणाली" विषय पर अलगप्पा विश्वविद्यालय, तमिलनाडु द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय सम्मेलन की मुख्य सिफारिशें निम्न प्रकार हैं:–

(i) स्कूल पाठ्यक्रम में लैंगिक समानता सन्निहित करना, राष्ट्रीय और नगर स्तर पर लिंग–वार अलग–अलग किए गए सही आकड़े का संग्रहण, विश्लेषण और प्रचार–प्रसार;

(ii) समाज में लिंग संवेदीकरण के माध्यम से लैंगिक जागरुकता और क्षमता–निर्माण और सभी स्तरों पर लैंगिक बजट तैयार करना तथा महिलाओं के अनुकूल सार्वजनिक परिवहन प्रणाली आरंभ करना;

(iii) महिलाओं और लड़कियों के प्रति हिंसा का मुकाबला करने के उद्देश्य वाली नीतियों, कार्यक्रमों, पहलों और परिणामों के लिए महिला संगमों और स्वैच्छिक संगठनों के साथ सहयोग स्थापित करना;

(iv) महिलाओं की सुरक्षा पर ध्यान देने के लिए अर्थपूर्ण नगरपालिक बृहत योजनाएं और पहल विकसित करना, लड़कियों और महिलाओं में विश्वास और आत्म–सम्मान पैदा करने की दृष्टि से उनके लिए सुरक्षित स्थानों हेतु संसाधन आबंटित करना;

(v) महिलाओं और लड़कियों के लिए विश्वसनीय और सुरक्षित परिवहन सेवा उपलब्ध कराना जिससे कि वे स्कूल, घर, काम पर और सरकारी कार्यालयों में हर समय आसानी से आ–जा सकें;

(vi) संपूर्ण शहर में, विशेष रूप से कोने–कोने, उपनगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जाए;

(vii) महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में, विशेष रूप से ग्रामीण और उपनगरीय क्षेत्रों में जागरुकता कार्यक्रमों और कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए; और

(viii) महिलाओं और हिंसा से पीडितों के लिए सार्वजनिक सेवाओं या सिविल सोसाइटी और गैर–सरकारी संगठनों के माध्यम से पर्याप्त आपातकालीन सेवाओं का उपलब्ध सुनिश्चित किया जाए।

3.24 महिला सशक्तीकरण और सामाजिक विकास विषय पर जी. एच. जी. खालसा कालेज, लुधियाना, पंजाब द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की मुख्य सिफारिश, लैंगिक संवेदीकरण और महिला सशक्तीकरण के लिए मीडिया, फिल्मों और विज्ञापन अभिकरणों को प्रभावित करने वाली महिलाओं से संबंधित भिन्न–भिन्न मुद्दों पर जानकारी का बेहतर प्रचार–प्रसार करना और ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों की अधिक से अधिक लड़कियों को शिक्षित करने के प्रयास करना है जिससे कि वे स्वतंत्र बन सकें।

3.25 "महिला–प्रधान परिवारों द्वारा अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते समय मुद्दे और परेशानियां" विषय पर अमृत विश्व विद्यापीठम, कोयम्बटूर द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय कार्यशाला की प्रमुख सिफारिशें निम्न प्रकार हैं:–

(i) मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित परेशानियां, जैसे तनाव, भावनात्मक अशांति और आत्महत्या के प्रयासों पर वृत्तिक रूप से विचार किया जाना चाहिए, मानसिक–सामाजिक देखरेख ही मानसिक स्वास्थ्य संबंधी देखरेख का केन्द्र बिन्दु होना चाहिए; और महिलाओं और परिवार के सदस्यों को निर्बाध संचलन में समर्थ बनाने के लिए उनकी शारीरिक विकलांगता का अवश्य ध्यान रखा जाना चाहिए;

(ii) अकेली महिलाओं के बच्चों को छात्रवृत्ति और निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाए और बाल विवाह की बुराइयों के बारे में जागरुकता पैदा करने के काम को तेज किया जाए;

(iii) महिलाओं को आय उत्पादन के क्रियाकलापों में आलिप्त होने के अवसर प्रदान किए जाने चाहिएं और महिलाओं को कौशल विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी उपलब्ध कराए जाने चाहिएं;

(iv) महिलाओं को स्वरोजगार आरंभ करने के लिए सांपार्श्विक प्रतिभूति के बिना बैंक उधार दिए जाने चाहिएं;

(v) विपरीतलिंगियों (ट्रांसजेंडर्स) को महिला–प्रधान परिवार की सभी सेवाओं में शामिल किया जाना चाहिए;

(vi) महिला–प्रधान परिवारों वाले क्षेत्रों में विशेष अनुसंधान कराया जा सकता है;

(vii) महिलाओं की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संपत्तियों का रजिस्ट्रीकरण पति और पत्नी दोनों के नाम में किया जाना चाहिए;

(viii) पति के परिवार से पत्नी और बच्चों के लिए मिलने वाले भरण–पोषण के संबंध में विधिक उपबंधों के बारे में और घरेलू हिंसा से संबंधित विधियों के बारे में जागरुकता पैदा की जाए;

(ix) ऐसी महिलाओं को, जिन्हें भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक सहायता की आवश्यकता है, परामर्शी सेवाएं अवश्य उपलब्ध कराई जानी चाहिएं और गैर–सरकारी संगठन जमीनी स्तर पर पुनर्वास कार्यक्रम आरंभ कर सकते हैं;

(x) वर्दीधारी सेवाओं में की महिलाओं को अपने बालकों की शिक्षा का ध्यान रखने के लिए सेवा के 20 वर्ष पश्चात् स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का विकल्प दिया जाना चाहिए; और

(xi) प्रवासी अकेली महिलाओं की समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए।

3.26 'महिलाओं के प्रति हिंसा – सार्वजनिक स्थानों और शिक्षण केन्द्रों पर छेड़छाड़" विषय पर हील इंडिया, पटना, बिहार द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रायोजित राज्य स्तरीय परामर्श एवं संगोष्ठी की मुख्य सिफारिशों का संबंध भेद्यता कम करने के लिए महिलाओं का सशक्तीकरण करने और महिलाओं के प्रति हिंसा से संबद्ध मुद्दों पर जागरुकता पैदा करने के लिए महिला समूहों का सृजन करने और विभिन्न विधियों के संबंध में कानूनी जागरुकता कार्यशालाएं आयोजित करने और सभी हितधारकों के लिए लिंग संवेदीकरण से है।

3.27 "कौशल विकास और प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं का सशक्तीकरण; लिंग के संबंध में सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों का समालोचनात्मक विश्लेषण" विषय पर विशाला महिला मंडली, आनंतपुर, आन्ध्र प्रदेश द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रायोजित संगोष्ठी की मुख्य सिफारिशें निम्न प्रकार हैं:–

(i) व्यावसायिक प्रशिक्षण को नियोजन की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप नम्य और प्रतिक्रियाशील बनाया जाए;

(ii) यह भी महत्वपूर्ण है कि परंपरावादी व्यवस्था को सुदृढ़ करने की बजाय उन्हें बदला जाना चाहिए और लड़कियों को नए कैरियर विकल्पों के लिए प्रोत्साहित और समर्थित किया जाना चाहिए;

(iii) युवाओं की उद्यमशीलता की पहलों को समर्थन और प्रोत्साहन देने के लिए नियोजन और नियोजन के पश्चात् अनुवर्ती कार्यवाही के लिए एक प्रणाली लागू की जाए;

(iv) महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए राज्य–व्यापी नीति तैयार की जाए और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा संस्थाओं में समुचित अवसंरचनात्मक सुविधाओं का विकास किया जाए;

(v) महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों के मामलों में ट्रैक न्यायालय विचारण;

(vi) अपराधों की शिकार महिलाओं को धनीय अनुतोष और अर्थपूर्ण जाविका के माध्यम से पुनर्वास के रूप में अनुतोष प्रदान किया जाए;

(vii) ग्राम सभा स्तर पर महिलाओं की भागीदारी के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता संवेदी कार्यक्रम और ग्राम के मुखिया से बातचीत का आयोजन किया जाए;

(viii) विधियों के कार्यान्वयन में कमियों की पहचान की जाए;

(ix) विद्यालयों में लिंग–संवेदी पाठ्यक्रम आरंभ किया जाए और शिक्षा संस्थाओं, विश्वविद्यालयों, गैर–सरकारी संगठनों और समुदाय, आदि की भागीदारी और सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जाए;

(x) महिलाओं और बालकों से संबंधित सामाजिक विधानों और कल्याण के संबंध में कार्यवाही करने वाले सभी सरकारी विभागों में तालमेल स्थापित करना, विकल्प सृजित करने के लिए संस्थाओं की बजाय अभ्यर्थियों का वित्तपोषण करने पर ध्यान केन्द्रित करना;

(xi) भवन और अन्य आस्तियों की बजाय क्रियाकलापों के लिए अधिक निधियां लगाना;

(xii) अभ्यर्थियों को रोजगार, प्रशिक्षुता और प्रशिक्षण की ओर मोड़ने के लिए रोजगार कार्यालयों को व्यवसाय मार्गदर्शन केन्द्रों के रूप में पुनर्गठित किया जाए;

(xiii) कौशल असंतुलन को श्रम बाजार के रूप में मांग की पूर्ति करके कम किया जाए;

(xiv) क्षमताओं की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रूप से मान्य मानदंडों के अनुरूप मान्यता और प्रमाणन;

(xv) विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा को क्रियान्वित किया जाए, विद्यालय और विश्वविद्यालय शिक्षा के दौरान कौशल, जीवन कौशल और उद्योग विनिर्दिष्ट कौशल दोनों में शिक्षा प्रदान की जाए।

3.28 कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न के निवारण के बारे में जागरुकता पैदा करने के संबंध में अक्का महादेवी महिला मंडल, बीदर, कर्नाटक द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की सिफारिशें निम्न प्रकार हैं:–

(i) समस्त कार्यस्थलों पर आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना और सी.सी.टी. वी. कैमरे लगाना;

(ii) महिलाओं के कार्यस्थल पर सुझाव पेटी रखना;

(iii) अपनी सरकारी वैबसाइट पर आंतरिक शिकायत समितियों के विवरण प्रदर्शित करना;

(iv) ऐसे अपराधियों के लिए, जो महिलाओं को तंग करते हैं, कठोर शास्तिक विधि बनाना, जिसके अंतर्गत कारावास और भारी शास्ति भी है; और

(v) खंड, ग्राम, पंचायत और तालुक तथा जिला स्तर पर टोल फ्री नंबर सृजित करना और उसे क्रियाशील बनाना।

3.29 "शैक्षिक संस्थानों में महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न" विषय पर हेमचन्द्राचार्य उत्तरी गुजरात विश्वविद्यालय, पतन, गुजरात द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रायोजित संगोष्ठी की सिफारिशों के अंतर्गत निम्नलिखित हैं:–

(i) शैक्षिक संस्थानों, जिसके अंतर्गत विद्यालय भी हैं, महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न के बारे में सार्वजनिक राय और जागरुकता पैदा करना;

(ii) प्रशासन की ओर से आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य बनाना और आंतरिक शिकायत समितियों को सुदृढ़ करना;

(iii) आंतरिक शिकायत समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण;

(iv) लैंगिक उत्पीड़न के मुद्दों से संबंधित कार्यक्रमों में पुरुषों और महिलाओं, दोनों की समान भागीदारी; और

(v) छात्रों को उस सुविधा के बारे में स्पष्ट करने के लिए, जो सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए सृजित की है, पुलिस के महिला प्रकोष्ठ को संस्थानों में बुलाया जाना चाहिए।

3.30 "निःशक्त महिलाओं द्वारा अपनी सेवाओं और शिक्षा तक पहुंच रखने में सहन की जाने वाली बाधाएं" विषय पर यूनीक विकास संस्थान, लखनऊ, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की सिफारिशें निम्न प्रकार हैं;–

(i) निःशक्त महिलाओं के संबंध में मामला अध्ययन और प्रेरणा–स्रोत कहानियां तैयार की जाए और उनका व्यापक रूप से प्रचार–प्रसार किया जाए;

(ii) एक ऐसा राष्ट्रीय आंकड़ा–कोष विकसित किया जाए, जिसमें निःशक्त महिलाओं के बारे में जिला–वार/राज्य–वार आकड़ा अंतर्विष्ट हो;

(iii) ऐसे मुकदमों पर कार्यवाही करने के लिए, जिनमें निःशक्त महिलाएं अंतर्वलित हों, विधिक प्राधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाए;

(iv) प्रशिक्षण, कार्यशालाओं और सेमीनारों के संचालन के लिए नई संकेत भाषा संस्थाएं स्थापित की जानी चाहिएं;

(v) सार्वजनिक स्थानों, जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सिनेमा हाल और बाजार में आने–जाने की सुगमता के संबंध में लेखापरीक्षणों का संचालन किया जाए;

(vi) निःशक्त व्यक्तियों से संबंधित सभी सरकारी स्कीमों का डिजिटलीकरण किया जाए और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा दिया जाए। डिजिटल इंडिया अभियान सुगम्य इंडिया अभियान के सहयोग से चलाया जाना चाहिए;

(vii) जिला ओर राज्य स्तर पर, निःशक्त महिलाओं के मुद्दों पर चर्चा करने, उनका समाधान ढूंढने और उनकी सफलता की कहानियां दिखाने के लिए अनेक संगोष्ठियां और कार्यशालाएं आयोजित की जाएं;

(viii) निजी और पब्लिक सेक्टर को निःशक्त महिलाओं को नियोजित करने और निगमित क्षेत्र और सिविल सोसाइटी के बीच संवाद के लिए एक राष्ट्रीय मंच तैयार करने की आवश्यकता के बारे में संवेदनशील बनाया जाए।

3.31 "उपेक्षित महिलाओं, अविवाहित माताओं और कठिन परिस्थितियों वाली महिलाओं के लोकतांत्रिक अधिकार और विद्यमान स्थिति" विषय पर धरती फाउंडेशन, कालाहंडिया, ओडिशा द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय स्तर के परामर्श की सिफारिशें निम्न प्रकार हैं:–

(i) शोषणात्मक लैंगिक संबंधों से छुटकारा पाने के लिए कानूनी समर्थन और अधिकार संबंधी शिक्षा कार्यक्रमों का विस्तार किया जाए;

(ii) सामाजिक सहायता समूह (एस.एस.जी.) के माध्यम से मनोवैज्ञानिक समर्थन बढ़ाने के लिए आवश्यक मध्यक्षेप आरंभ किए जाएं जो कि अविवाहित माताओं के सामाजिक जीवन की बेहतर क्वालिटी को बढ़ाने के लिए और उनके प्रभावी सशक्तीकरण के लिए महत्वपूर्ण हैं;

(iii) जनजाति समुदायों तक बेहतर पहुंच बनाने के लिए सार्वजनिक अभियान आरंभ किए जाएं और संचार मीडिया का उपयोग किया जाए;

(iv) मनोवैज्ञानिक–सामाजिक देखरेख और व्यष्टि विनिर्दिष्ट नैदानिक सामाजिक कार्य मध्यक्षेपों के माध्यम से, जैसे संकट हस्तक्षेप, व्यक्तिगत और पारिवारिक परामर्श और गृह मुलाकातों की व्यवस्था की जाए;

(v) उन्हें अपनी स्थानीय भाषा में जानकारी का सुगम अंतरण सुकर बनाने में सहायता करने के लिए शिक्षित जनजाति स्वयंसेवकों के माध्यम से अनुकूलित शैक्षिक और साक्षरता सेवाओं का विस्तार करना; और

(vi) लाभप्रद नियोजन के अवसर सृजित करना और सामाजिक स्वीकृति में सुधार लाने की दिशा में काम करना और अविवाहित माताओं को सामुदायिक और सामाजिक भागीदारी के माध्यम से सामाजिक जीवन की मुख्य धारा में एकीकृत करना।

3.32 राष्ट्रीय महिला आयोग ने राज्य महिला आयोगों के सहयोग से राष्ट्रीय महिला प्रारूप नीति, 2016 के संबंध में जानकारी की ईप्सा करने के लिए पांच भिन्न–भिन्न क्षेत्रों में पांच क्षेत्रीय परामर्शों का संचालन कियाः पश्चिमी क्षेत्रः मुम्बई, महाराष्ट्रः दक्षिणी क्षेत्रः हैदराबाद, तेलंगाना; उत्तरी क्षेत्रः नई दिल्ली; पूर्वी क्षेत्रः भुवनेश्वर, ओडिशा; और पूर्वोत्तर क्षेत्रः गुवाहाटी और अपनी सिफारिशें/जानकारी महिला और बाल विकास मंत्रालय को उपलब्ध कराई।

**********

अध्याय-4

# अनिवासी भारतीय (एनआरआई) प्रकोष्ठ

4.1 काफी समय से, अनिवासी भारतीयों के साथ विवाहित महिलाओं का उत्पीड़न करने की बाबत बड़ी संख्या में शिकायतें प्राप्त हो रही है। उत्पीड़न की प्रकृति अलग–अलग हो सकती हैं और इसी प्रकार मामलों की जटिलाएं भी अलग–अलग हो सकती हैं। तत्कालीन प्रवासी भारतीय (कार्य) मंत्रालय के तारीख 28 अप्रैल, 2009 के पत्र सं. ओआई–19021/3/2006–एसएस द्वारा अनिवासी भारतीय विवाहों से संबंधित विवाद्यकों पर कार्यवाही करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर नोडल/समन्वय अभिकरण के रूप में राष्ट्रीय महिला आयोग को नामनिर्दिष्ट किया गया है। तारीख 24 दिसंबर, 2009 से अनिवासी भारतीय प्रकोष्ठ कार्य कर रहा है। इस प्रकोष्ठ को, महिलाओं के अधिकारों के किसी वंचन या ऐसे विवाह में महिलाओं के साथ हुए घोर अन्याय के किसी विवाद्यक में भारत और विदेश से प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही करने को अधिदिष्ट किया गया है। यह प्रक्रिया अनिवासी भारतीय विवाहों के समस्यामूलक विवाद्यकों के साथ तालमेल बनाने में सफल रही है और व्यथित महिलाओं को उनकी गरिमा के अनुसार उचित हल अभिप्राप्त कराने में समर्थ रहीं है।

4.2 अनिवासी भारतीय प्रकोष्ठ को जो मुख्य कृत्य और उत्तरदायित्व सुपुर्द किए गए हैं वे निम्नलिखित है:

(i) अनिवासी भारतीय/प्रवासी पतियों द्वारा छोड़ी गई अथवा परित्यक्त भारतीय महिलाओं से संबंधित सभी शिकायतों को प्राप्त करने और कार्यवाही करने का समन्वय अभिकरण है;

(ii) शिकायतकर्ता को हर संभव सहायता देने जिसमें पक्षकारों के बीच सुलह कराना, मध्यस्थता करना भी है और संबंधित विवाद्यकों पर शिकायतकर्ता को सलाह देना भी है;

(iii) भारत और विदेश में गैर–सरकारी संगठनों, सामुदायिक संगठनों और राज्य महिला आयोगों के साथ भागीदारी में कार्य करना तथा अनिवासी भारतीय विवाहों को सहायता सेवा प्रदान करना;

(iv) विभिन्न सरकारी अभिकरणों/संगठनों जैसे राज्य सरकारों, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, भारतीय राजदूतावासों और विदेशी मिशन तथा संबंधित मंत्रालयों/विभागों आदि के साथ समन्वय स्थापित करना;

(v) विधिक मामलों में व्यथित महिलाओं को सहायता प्रदान करना;

(vi) आंकड़ा कोष/दर्ज मामलों का अभिलेख बनाए रखना और नीतिगत हस्तक्षेप के लिए उनका विश्लेषण करना;

(vii) फाइल की गई शिकायतों और उन पर की गई कार्रवाई के संबंध में राज्य सरकारों और अन्य प्राधिकारियों से रिपोर्ट प्राप्त करना;

(viii) अनिवासी भारतीय विवाहों से संबंधित किन्ही नीतिगत मुद्दों पर सरकार को सलाह देना और सिफारिश करना;

(ix) विभिन्न अभिकरणों जैसे कि न्यायपालिका, पुलिस, प्रशासन आदि के साथ मिलकर प्रशिक्षण माड्यूल विकसित करना और संवेदनग्राही कार्यक्रम आयोजित करना;

(x) सुसंगत मुद्दों पर जनता के लिए जागरुकता अभियान चलाना;

(xi) दोहरी नागरिकता, नए विधान का अधिनियमन, अन्तरराष्ट्रीय संधियों पर हस्ताक्षर, अन्य देशों की वैवाहिक विधियों से सम्बद्ध विवाद्यकों के क्षेत्रों से संबंधित अनुसंधान और अध्ययन में सहायता प्रदान करना; और

(xii) वर्ष 2016–17 के दौरान अनिवासी भारतीय प्रकोष्ठ में 496 मामले दर्ज किए गए है। दर्ज किए गए मामलों का ब्यौरा राज्य–वार नीचे दिया गया है:

**2016–17 के दौरान अनिवासी भारतीय प्रकोष्ठ में दर्ज शिकायत**



4.4 अनिवासी भारतीय प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों का मुख्य रूप से संबंध निम्नलिखित से है:

(i) पति/ससुराल के व्यक्तियों द्वारा पासपोर्ट जब्त करना;

(ii) बालक अभिरक्षा मुद्दे;

(iii) प्रत्यर्थियों के देश छोड़ने की आशंका से संबंधित शिकायतें;

(iv) अभित्यजन;

(v) दहेज की मांग;

(vi) प्रवासी भारतीय (कार्य) मंत्रालय की योजना के अधीन वित्तीय सहायता;

(vii) पत्नी को पति के देश/निवास स्थान पर न ले जाना;

(viii) पत्नी/बालकों का भरण–पोषण करने में असफल रहना;

(ix) विदेश में दस्तावेजों की तामीली;

(x) शिकायतकर्ता को पति के बारे में अता–पता न होना;

(xi) भारत में ससुराल वालों द्वारा सेवक के रूप में पत्नी का उपयोग; और

(xii) प्रकीर्ण ।

4.5 राष्ट्रीय महिला आयोग देश और विदेश के भीतर संबंधित प्राधिकारियों से सहायता प्राप्त करने के विषय पर विचार करते समय विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के साथ अधिकतर समन्वय करता है। शिकायतों की प्रकृति पर निर्भर रहते हुए, इनके संबंध में निम्नलिखित रीति से कार्यवाही की जाती है:

(i) शिकायत का संज्ञान लेने के पश्चात् विरोधी पक्षकार को शिकायत का उत्तर देने के लिए सूचना जारी की जाती है। यदि आवश्यक हो तो किसी विनिर्दिष्ट दिवस पर उपस्थित होने को सुनिश्चित करने के लिए समन भी जारी किए जा सकते हैं।

(ii) ऐसे मामलों में जहां किसी मामले का अन्वेषण लंबित है या शिकायत की बाबत समुचित कार्रवाई करने में संबंधित प्राधिकारियों के भागरूप कोई चूक होती है तब उस मामले के संबंध में संबंधित प्राधिकारियों को की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए कहा जाता है। यदि आवश्यकता हो तो शिकायतों को भारतीय राजदूतावासों/विदेश में भारतीय मिशनों को भी प्रेषित किया जाता है।

(iii) विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय और विधि और न्याय मंत्रालय से, जहां ऐसा आवश्यक हो जिसमें समनों की तामीली, जारी किए वारंट या समुचित न्यायालय द्वारा पारित कोई आदेश भी हैं, सहायता प्राप्त की जाती है।

(iv) लागू होने वाली योजना के अनुसार पीड़ित की सहायता के लिए विधिक और वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विदेश मंत्रालय या विदेश में भारतीय मिशनों से भी संपर्क किया जा सकता है।

(v) पासपोर्ट से संबंधित किसी मामले में पासपोर्ट प्राधिकरण से सहायता ली जाती है।

(vi) शिकायतों को, जहां समीचीन समझा जाए, प्रतिवादी पति के नियोजको को भी प्रेषित किया जाता है;

4.6 राष्ट्रीय महिला आयोग अन्य साझेदारों के सहयोग से विचार–परामर्श/चर्चा करने के विषय पर नीति से संबंधित मामलों की परीक्षा करता है। वर्ष 2016–17 के दौरान आयोग ने तेलंगाना राज्य महिला आयोग के साथ मिलकर नवम्बर, 2016 में हैदराबाद में अनिवासी भारतीय विवाहों पर राष्ट्रीय परामर्श बैठक आयोजित की थी।

4.7 आयोग ने तारीख 30 अगस्त, 2016 को इन्टरनेशनल सेन्टर, नई दिल्ली में ''अन्तरराष्ट्रीय बालक अपसारण और प्रतिधारण विधेयक, 2016'' पर चर्चा और प्रस्तावित प्रारूप विधान का पुनर्विलोकन करने के लिए एक परामर्श बैठक भी आयोजित की थी।

**********

अध्याय-5

# पूर्वोत्तर प्रकोष्ठ

5.1 राष्ट्रीय महिला आयोग ने, पूर्वोत्तर राज्यों से संबंधित क्रियाकलापों के समन्वय के लिए आयोग में पूर्वोत्तर प्रकोष्ठ स्थापित किया है। यह प्रकोष्ठ महिला सशक्तीकरण से संबंधित विषयों में, जिसके अंतर्गत पूर्वोत्तर राज्यों के लिए विनिर्दिष्ट स्थानीय विधियों, रूढ़ियों, सभी संहिताओं/प्रथाओं की समीक्षा करना भी है, आयोग के भीतर और अन्य सभी हितधारकों, दोनों से समन्वय करता है और सरकार को सिफारिशें करता है। वर्ष 2016–17 के दौरान किए गए क्रियाकलापों का संक्षिप्त विवरण आगामी पैराओं में दिया गया है।

5.2 आयोग देश भर में कानूनी साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है, इसलिए समाज में न्याय को अग्रसर करने के लिए साक्षरता को आवश्यक समझा जाता है। आयोग ने पूर्वोत्तर राज्यों में महिलाओं से संबंधित कानूनों और अधिकारों के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए विशेष पहल की हैं। आयोग ने, पूर्वोत्तर राज्यों की ऐसी महिलाओं/विद्यार्थियों को, जो दिल्ली में निवास कर रही हैं, उनके अधिकारों के बारे में और इस संबंध में कि यदि उन्हें उत्पीड़ित किया जाता है तो कानून का आश्रय कैसे लेना है और किसके पास जाना है, संवदेनशील बनाने के लिए, राष्ट्रीय महिला आयोग प्रेक्षागृह, नई दिल्ली में 7 और 8 अप्रैल, 2016 को दो द्विसीय कानूनी जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम विभिन्न सत्रों में विभाजित किया गया था ।

5.3 श्री किरण रिजिजु, माननीय राज्यमंत्री (गृह मंत्रालय) और डा. टी. मैन्या, माननीय संसद सदस्य ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। माननीय मंत्री ने कहा कि देश भर में महिलाएं भेद्य हैं और राष्ट्रीय महिला आयोग को इनके मुद्दों को हाथ में लेने की आवश्यकता है। उन्होंने यह उल्लेख किया कि पूर्वोत्तर राज्यों की महिलाओं को शहरों में अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आगे यह कहा कि सैद्धांतिक रूप से महिलाओं को समता का अधिकार पहले से प्राप्त है तथापि वास्तव में महिलाओं के साथ सभी प्रकार का भेदभाव बरता जाता है। उन्होंने आगे यह कहा कि इस तथ्य से ही कि हमें महिलाओं के अधिकारों की संरक्षा के लिए विशेष विधियों की आवश्यकता है, यह उपदर्शित होता है कि सामाजिक व्यवस्था में कमी है और इन कमियों को दूर करने की आवश्यकता है। उन्होंने सामाजिक सुधार करने की आवश्यकता पर बल दिया और यह कहा कि ऐसे सुधारों के साथ–साथ विचारधारा में सुधार होना चाहिए क्योंकि कानून अपने आप में कभी भी पर्याप्त नहीं हो सकता। मंत्री महोदय ने यह आश्वासन दिया कि भारत सरकार लैंगिक न्याय को वास्तविक रूप देने के लिए पूर्ण रुप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे यह कहा कि लैंगिक दृष्टि से न्यायपूर्ण विधियां केवल समर्थकारी है और वे अपने आप में पूर्ण नहीं हो सकती ।

5.4 इस कार्यक्रम में निम्नलिखित सत्र शामिल थेः

- साइबर अपराध और महिलाएं, जिसका प्रारंभ श्री गुरूचरण सिहं, संकाय सदस्य, केन्द्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण विद्यालय, चंडीगढ़ ने किया;
- दंड विधियां और महिलाएं, जिसका संचालन प्रोफेसर वेद कुमारी, विधि संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा प्रश्नोत्तरी के रूप में किया गया;
- महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, जिसका आयोजन श्रीमती सुधा चौधरी, विधि अधिकारी, राष्ट्रीय महिला आयोग ने किया; और
- 'शिकायत एवं अन्वेषण प्रकोष्ठ', राष्ट्रीय महिला आयोग में शिकायतों पर कार्यवाही करने की प्रणाली को सुश्री कंचन खट्टर, समन्वयक, शिकायत एवं अन्वेषण प्रकोष्ठ द्वारा स्पष्ट किया गया।

इस कार्यक्रम में काफी लोगों ने भाग लिया, जिन्होंने अनेक प्रश्न पूछे।

5.5 पूर्वोत्तर राज्यों में महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक सशक्तीकरण से संबंधित विशेषज्ञ समिति की दो–द्विसीय बैठक का आयोजन राष्ट्रीय महिला आयोग के सम्मेलन हॉल में 20 और 21 जुलाई, 2016 को किया गया। पूर्वोत्तर राज्यों की महिलाओं को सभी क्षेत्रों में मुख्य धारा में लाने और विनिर्दिष्ट रूप से पूर्वोत्तर क्षेत्रों में उनके सशक्तीकरण के तरीके और माध्यम विकसित करने से संबंधित सभी मुद्दों पर

विस्तारपूर्वक चर्चा की गई थी। इस विचार–विमर्श से अनेक व्यावहारिक सुझाव सामने आए।

5.6 आयोग ने इन्द्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से, पूर्वोत्तर क्षेत्रों की ऐसी महिलाओं/विद्यार्थियों को, जो दिल्ली में निवास करती हैं, उनके कानूनी अधिकारों और उन्हें इस शहर में उपलब्ध सहायता के बारे में संवदेनशील बनाने के लिए महाविद्यालय के परिसर में 17 अगस्त, 2016 को एक–दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम भी आयोजित किया। इस कार्यक्रम के दौरान विधिक और अन्य मुद्दों के संबंध में अनेक प्रश्न पूछे गए और उनके उत्तर दिए गए ।

5.7 राष्ट्रीय महिला आयोग के एक दल ने मणिपुरी महिलाओं की समस्याओं और संवेदीकरण और जागरुकता पैदा करने की आवश्यकता के निर्धारण करने के लिए 26 से 28 जुलाई, 2016 तक मणिपुर का दौरा किया। इस दल ने सभी संबंधित व्यक्तियों के साथ कई बैठके कीं। इस दल ने 'इमा कैथेल' का भी दौरा किया और अस्थायी बाजार का निर्धारण किया क्योंकि मूल बाजार जनवरी, 2016 में आए भूकंप से क्षतिग्रस्त हो गया था। बाजार के व्यापारियों ने यह शिकायत की कि अस्थायी बाजार हवादार नहीं है। उन्होंने यह भी सूचित किया कि प्रस्तुत रूप में जो बाजार है उससे उनके कारोबार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस दल ने सिविल सोसाइटी और राज्य महिला आयोग के प्रतिनिधियों से भी चर्चा की। इस संवाद बैठक में गैर–सरकारी संगठन के 25 प्रतिनिधियों और 'मीरा पायबी' सामाजिक आंदोलन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था।

5.8 यह दल, राज्य के माननीय मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक और समाज कल्याण मंत्री से भी मिला। दल ने उन्हें गैर–सरकारी संगठन की चिन्ताओं से अवगत कराया। इस दल ने, पुलिस महानिदेशक के साथ महिलाओं से संबंधित मुद्दों के संबंध में पुलिस के संवेदीकरण की आवश्यकता पर भी चर्चा की ।

5.9 राष्ट्रीय महिला आयोग ने, पूर्वोत्तर राज्यों में महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक सशक्तीकरण के संबंध में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया। पूर्वोत्तर राज्यों के सभी राज्य महिला आयोगों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। अध्ययन के पूरा होने पर संकलित की गई रिपोर्ट में महिलाओं के सामाजिक–आर्थिक सशक्तीकरण और समावेशी विकास के लिए व्यापक सिफारिशें की गई हैं। इस रिपोर्ट

की प्रतियां केन्द्रीय सरकार के नोडल विभागों और राज्यों के साथ भी आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई के लिए साझा की गई हैं।

5.10 इस रिपोर्ट में, अन्य बातों के साथ–साथ इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि इस क्षेत्र में महिला कृषकों को निम्नलिखित समस्याओं का सामना करना पड़ता है:–

- मणिपुर, मिजोरम और नागलैंड में अधिकतर महिला कृषक उस भूमि की मालिक नहीं हैं जिसमें वे खेती करती हैं। संभवतः यह समस्या इस तथ्य से उत्पन्न होती है कि मेघालय के सिवाय, रूढिजन्य विधियों के अधीन महिलाओं को विरासत के अधिकार प्राप्त नहीं है;
- सड़कों की खराब स्थिति, विशेषकर ग्रामों की दशा में, खराब सड़क–संयोजन की समस्या को और बढ़ा देती है;
- सिंचाई की सुविधाओं में कमी से खेती की पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है;
- वित्त की कमी ऋण पर विद्यमान ब्याज की ऊंची दर और अपर्याप्त परिक्रमी निधियों के कारण भी महिला कृषकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है;
- ग्राम/ग्रामों के समूह में कोई शीतागार (कोल्ड स्टोरेज) सुविधा उपलब्ध नहीं है जिसके परिणामस्वरूप कृषि उपज बर्बाद होती है। रिपोर्ट में यह सिफारिश की गई है कि उनकी कृषि उपज के परिरक्षण के लिए शीतागार सुविधा उपलब्ध हो जाने से उन्हें उनकी उत्पाद की अच्छी कीमत मिलने में सहायता मिलेगी;
- बीज की गुणवत्ता अच्छी नहीं है और इसलिए पैदावार कम है;
- अच्छी गुणवत्ता के अंथूरियम और आर्किड पैदा करने के लिए आयातित फूल बल्बों की आवश्यकता है;
- भूमि की उर्वरता कम हो गई है और कीटों की संख्या बढ़ गई है;
- कृषि उपज का विक्रय करने के लिए निर्मित विपणन शैडों की कमी है;
- सिंचाई/खेती के लिए बिजली की नियमित आपूर्ति आवश्यक है। ग्रामीण महिलाओं के लिए 24×7 के लिए स्वचलित/ग्रिड से अलग किफायती सौर फोटोवोल्टिक ऊर्जा के उत्पादन का पता लगाया जा सकता है;
- कृषि उपज के परिरक्षण के लिए और फसल की पैदावार बढ़ाने की तकनीकों के बारे में कौशल की आवश्यकता है।

5.11 इस रिपोर्ट में निम्नलिखित विनिर्दिष्ट और कार्रवाई–योग्य सिफारिशें की गई हैं:

- ग्राम स्तर (लघु आकार) पर शीतागार की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए; परिवहन में (प्रशीतित वैन), और/या बाजार स्थल के पास (लघु आकार–आवश्यकता के आधार पर निर्भर करता है) शीतागार की सुविधा।

- कृषि और कृषक कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन किसानों के लिए विद्यमान शीतागार आर्थिक सहायता शीतागार की श्रृंखला के अनुरूप प्रस्ताव का पता लगाए जाने की आवश्यकता है।
- कृषि मंत्रालय के अधीन भारत सरकार की आर्थिक सहायता योजना में– पूर्वोत्तर और हिमालय क्षेत्र के राज्यों के लिए (एचएमएनईएच) उद्यान मिशन के लिए बड़े आकार के शीतागार स्थापित करने के लिए 50% की पूंजीगत आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। तथापि, कृषि उत्पाद की मात्रा को ध्यान में रखते हुए ग्रामों के लिए बड़े आकार के शीतगार उपयुक्त नहीं है।
- योजना के अधीन छोटे आकार के ग्रामों के लिए शीतागार संयंत्र, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र में महिला किसानों के लिए उपयुक्त है उपलभ्य नहीं हैं। इसलिए, विद्यमान योजना में परिवर्तन करने की आवश्यकता है।
- यह भी सुझाव दिया गया है कि एनईएसएचजी की महिला किसानों के लिए ग्राम स्तर या ग्राम या ग्राम समूह पर छोटे आकार के शीतागार स्थापित करने के लिए पूंजी आर्थिक सहायता को बढ़ाकर 100% किया जाए।
- यह सुझाव दिया गया कि एचएमएनईएच के अधीन इस समय हिमशीतित गाडियों (वैन) के लिए 50% आर्थिक सहायता दी जाती है, इसे एनईएसएचजी महिला किसानों के लिए 100% किया जाए।
- पूर्वोत्तर महिला किसानों के लिए प्रस्तावित शीतागार और प्रशीतित गाडियों की योजना को 10 वर्ष की अवधि के लिए क्रियान्वित किया जाना चाहिए।
- आरंभ में इस परियोजना में प्रत्येक राज्य में महिला बाजारों में 5 शीतागार स्थापित किए जाए और उनके कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन किया जाए ।

## सूक्ष्म/लघु सिंचाई

5.12 पूर्वोत्तर राज्यों में के कई क्षेत्रों में छत पर खेती करना व्यावहारिक है। इसमें ऊचांई पर के खेतों में जल ले जाने के लिए उत्थान सिंचाई की आवश्यकता होती है। सिंचाई सुविधाओं में सुधार करने के लिए निम्नलिखित सिफारिशें की गई हैः

- त्वरित सिंचाई प्रसुविधा कार्यक्रम के अधीन शीघ्रगामी सिंचाई परियोजना द्वारा विभिन्न प्रकार की सूक्ष्म और लघु सिंचाई जैसे जलमार्ग, उत्थान सिंचाई आदि के माध्यम से अधिक भूमि को सम्मिलित किया जाए जिसके लिए केन्द्रीय अनुदान 90% और सिंचाई परियोजनाओं के लिए 10% ऋण की व्यवस्था की गई है।
- स्थानीय पहाड़ी महिला किसानों के लिए लघु सिंचाई के लिए सोलर वाटर पपिंग उपयुक्त है।

- नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार को पूर्वोत्तर की एसएचजी की महिला किसानों के लिए, जो अपनी भूमि पर लघु सिंचाई सोलर वाटर पपिंग स्थापित करना चाहती है, उन्हें 100% पूंजीगत आर्थिक सहायता देने की नई योजना बनानी चाहिए।
- मेघालय में उत्तम टपकना (ड्रिप) पद्धति जिसमें एक नदी से बांस के पाइपों का प्रयोग करके लगभग प्रति मिनट 18–20 लीटर पानी बांस के पाइपों में भरा जाता है और उन बांसों को कई किलोमीटर तक ले जाया जाता है जिससे प्रति मिनट 20 से 80 पानी की बूंद कम हो जाती है इसलिए इस पद्धति को पूर्वोत्तर राज्यों में अन्य स्थानों पर भी इस देशी टपकना सिंचाई पद्धति को दोहराना चाहिए। इस योजना को प्रधानमंत्री जी कृषि सिंचाई योजना–'प्रति बूंद अधिक फसल' के अधीन आरंभ किया जा सकता है।

## महिला व्यापारी

5.13 पूर्वोत्तर में कई महिला किसान अपने उत्पाद की खुदरा व्यापारी भी है। महिला किसानों की सहायता करने के लिए यह वांछनीय है कि ग्राम समूह/ब्लाक स्तर पर महिला किसानों के बाजारों का निर्माण किया जाए, जिससे आसपास के ग्रामों को इसका लाभ मिल सके। ऐसे बाजारों में बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए, जिसमें शौचालय और बालगृह भी शामिल है और वे खेत से बाजार तक खेती उत्पाद को ले जाने के लिए गाड़ियों (वैन) का उपयोग कर सके। बाजार में शीतागार होने चाहिए जिससे दिन के अन्त में बिना बिकी सब्जी और फलों को भंडारित किया जा सके।

5.14 इस अध्ययन के मुख्य निष्कर्ष में माल का परिवहन और बेहतर सड़क–संयोजन की समस्याएं, ब्याज की ऊंची दरें और प्रतिभूति के बिना बैंकों द्वारा ऋण को मंजूर न किया जाना, विद्रोहियों द्वारा कर वसूली, महिलाओं के बाजारों में उचित शौचालओं अन्य सुविधाएं की कमी और अधिक नगर पालिका कर से संबंधित समस्याएं है। बहुत कम महिलाओं के पास अपनी पक्की दुकानें हैं। मणिपुर में इमा कैथेल है जो कि केवल महिलाओं का बाजार है और सभी दुकानों की मालिक महिलाएं है। मेघालय की तरह अन्य राज्य भी निर्मित भवन में इमा कैथेल 'मदर्स' बाजारों (सबसे पुराना और एशिया में अपने प्रकार का केवल एक ही बाजार है) की मांग कर रहे हैं।

5.15 इसलिए विशेषज्ञ समिति/अध्ययन में निम्नलिखित सिफारिशें की गई हैं:–

- पूर्वोत्तर क्षेत्र के नगरों/शहरों, जहां 100% महिला व्यापारी हैं, उनकी सामूहिक मांग पर ब्लाक स्तर और ग्राम स्तर पर स्थानीय सरकारों द्वारा पक्के बाजारों का निर्माण किया जाना चाहिए।

- केवल महिलाओं को नाममात्र किराए पर स्थल आबंटित किए जाने चाहिए।
- इन बाजारों में (i) भंडारण जिसमें छोटे शीतागार भी है; (ii) स्वच्छता/शौचालय/सेनेटरी नेपकिन वेंडिग मशीनें; (iii) नगर से बाहर के व्यापारियों के लिए रात्रि में रूकने के लिए आश्रय स्थल; ((iv) पावर बैकअप; (v) महिलाओं के लिए सुरक्षा व्यवस्था जिसमें महिला पुलिस की उपलभ्यता शामिल है; (vi) बालगृह के लिए उचित सुविधाएं होनी चाहिए।

## पुष्पकृषि– पुष्प बाजार–विपणन

5.16 कई पूर्वोत्तर राज्यों, जैसे सिक्किम, मिजोरम, अरूणाचल प्रदेश, मेघालय का मौसम और भूमि आर्किड और एनथूरियम के लिए बहुत अच्छा है। इन राज्यों की महिलाओं के पास पुष्पकृषि के लिए देशी निपुणता है और 90% पुष्प कृषक महिलाएं है। इस क्षेत्र की महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार करने के लिए इसमें बढ़ावा देने की आवश्यकता है। विद्यमान योजना में उपयुक्त रूप से परिवर्तन किया जा सकता है जिससे इन क्रियाकलापों को प्रोत्साहित किया जा सके।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

5.17 इस क्षेत्र में स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए कई विनिर्दिष्ट सिफारिशें की गई हैं जिनमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में तत्काल उपयुक्त रूप से सुधार करने की आवश्यकता है।

5.18 आयोग ने अपनी भूमिका के अनुसरण में राज्य महिला आयोगों और अन्य हितबद्ध संगठनों के साथ भागीदारी में इस क्षेत्र में कई सेमिनार/कार्यशालाएं/अध्ययन और विधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में तारीख 1 अप्रैल, 2016 से 31 दिसम्बर, 2016 के दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रायोजित विधिक जागरुकता कार्यक्रम के राज्य–वार ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:–

| क्रम सं. | राज्यों का नाम | कार्यक्रमों की सं. |
|---|---|---|
| 1. | अरूणाचल प्रदेश | 10 |
| 2. | असम | 4 |
| 3. | मणिपुर | 9 |
| 4. | मेघालय | 5 |
| 5. | नागालैंड | 11 |
| 6. | सिक्किम | 1 |
| 7. | त्रिपुरा | 10 |
| | कुल | 50 |

5.19 वित्तीय वर्ष के दौरान निम्नलिखित अनुसंधान अध्ययन किए गए:

| क्रम सं. | संगठन | विषय/मुद्दा |
|---|---|---|
| 1. | मेघालय राज्य महिला आयोग | अकेली माताओं की सामाजिक–आर्थिक प्रास्थिति और समस्याएं |
| 2. | मिजोरम विश्वविद्यालय मनोविज्ञान विभाग | मिजो महिलाओं के सकारात्मक चित्रण के साथ ग्रामीण लोक साहित्य के साथ भेदभाव |

5.20 पूर्वोत्तर राज्यों में निम्नलिखित सेमिनार आयोजित किए गए:

| क्रम सं. | संगठन | विषय/मुद्दा |
|---|---|---|
| 1. | मानवीय वातावरण और संसाधन संगठन, मणिपुर | लैंगिक शोषण के लिए महिलाओं और बालकों का दुर्व्यापार |
| 2. | मानव संसाधन के लिए पूर्वोत्तर विकास परिषद्, नौगांव, असम | जिला–नौगांव में महिलाओं के दुर्व्यापार का असर और महाविपदा |
| 3. | मानव कल्याण और शिक्षण सोसाइटी, मणिपुर | मणिपुर में अकेली महिला द्वारा सामना की जा रही समस्याएं और कठिनाइयां |

**********

अध्याय-6

# विधिक प्रकोष्ठ

## प्रस्तावना

6.1 महिलाओं की क्षमता का पता लगाने के लिए एक ऐसा वातावरण प्रदान करने की आवश्यकता है जो उन्हें ऐसे कानूनों से परिचित कराए जिन्हें समाज में अधिकतर लोग जानते हैं, इन कानूनों के प्रवर्तन में लगी हुई मशीनरी को इन कानूनों को लागू करने के संबंध में समुचित रूप से इतना संवेदनग्राही होना चाहिए जिससे महिलाओं की गरिमा सुनिश्चित की जा सके और विद्यमान कानूनों में उपांतरण तथा परिवर्तित हो रही अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए नए कानूनों को अधिनियमित करना चाहिए। राष्ट्रीय महिला आयोग का विधिक प्रकोष्ठ ऐसे सभी क्रियाकलापों के समन्वय के लिए उत्तरदायी है। तदनुसार, आयोग के अधिदेश के अनुसार और राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 के निबन्धनों के अनुसार, संविधान और महिलाओं को प्रभावित करने वाले अन्य कानूनों के विद्यमान उपबंधों का पुनर्विलोकन करने और उनमें संशोधनों की सिफारिश करने, जिससे कि ऐसे कानूनों में किसी कमी, अपर्याप्तता या त्रुटियों को दूर किया जा सके, का उत्तरदायित्व इस प्रकोष्ठ का है। वर्ष 2016–17 के दौरान आयोग ने विभिन्न कानूनों का पुनर्विलोकन किया और ऐसे कई कानूनों में समुचित संशोधन करने की सिफारिशें की।

### (i) व्यक्तियों कों दुर्व्यापार

6.2. भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट याचिका (सि.) सं. 56/2004, प्रांजावाला बनाम भारत संघ वाले मामले में पारित किए गए आदेश के अनुपालन में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा गठित मानव दुर्व्यापार पर व्यापक विधान पर आन्तर–मंत्रालय समिति की परामर्शी बैठकों में आयोग ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

### (ii) महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013

6.3 तारीख 28 नवम्बर, 2016 को महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग के सहयोग से महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के संबंध में मुम्बई में एक परामर्श बैठक आयोजित की गई। आयोग इस विषय के संबंध में और आगे जांच कर रहा है।

## स्त्री अशिष्ट रूपण

6.4 आयोग ने स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1986 का पुनर्विलोकन करने के लिए तारीख 28 सितम्बर, 2016 को इंडिया हैबिटेट सेन्टर, नई दिल्ली में एक परामर्श बैठक भी आयोजित की थी। इसकी सिफारिशों को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को भेजा गया था।

**सुश्री एल. कुमारमंगलम, माननीय अध्यक्ष, सुश्री रेखा शर्मा (सदस्य), सुश्री सुषमा साहू (सदस्य), सुश्री वंदना गुप्ता, संयुक्त सचिव, ''स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1986'' के पुनर्विलोकन पर तारीख 28 सितम्बर, 2016 को आयोजित राष्ट्रीय परामर्श बैठक।**

**सुश्री एल. कुमारमंगलम, माननीय अध्यक्ष, सुश्री रेखा शर्मा (सदस्य), सुश्री सुषमा साहू (सदस्य), सुश्री वंदना गुप्ता, संयुक्त सचिव, ''स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1986'' के पुनर्विलोकन पर तारीख 28 सितम्बर, 2016 को आयोजित राष्ट्रीय परामर्श बैठक।**

## बाल देखरेख छुट्टी

6.5 बच्चे का विकास करने में माता–पिता दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस बात को मान्यता देते हुए कि बच्चे का पालन–पोषण करना केवल महिलाओं की जिम्मेदारी नहीं है, इस संबंध में भारतीय अन्तरराष्ट्रीय केन्द्र में तारीख 3 मार्च, 2017 को एक परामर्श बैठक आयोजित की गई। विचार–परामर्श करने के पश्चात् अंतिम रूप से यह सिफारिश की गई ''बाल देखरेख छुट्टी'' मंजूर करने के लिए लिंग निरपेक्ष दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। तदनुसार यह सिफारिश की गई कि माता–पिता दोनों में से कोई एक बच्चे की देखरेख करने की जिम्मेदारी साझा करना चाहता है तो उनमें से कोई भी एक बच्चों की देखरेख के लिए छुट्टी ले सकता है।

**सुश्री एल. कुमारमंगलम, माननीय अध्यक्ष, डा० सतबीर बेदी (सदस्य-सचिव) और सुश्री वन्दना गुप्ता, संयुक्त सचिव, तारीख 3 मार्च, 2017 को ''केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए बाल देखरेख छुट्टी का पुनर्विलोकन'' पर आयोजित राष्ट्रीय परामर्श बैठक**

6.6 इस परामर्श बैठक में विभिन्न मंत्रालयों, जिसके अंर्तगत कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय, वित्त मंत्रालय, विधि और न्याय मंत्रालय, भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, रेल मंत्रालय, दूर संचार विभाग, विधि विशेषज्ञों और सिविल सोसाइटी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। इस परामर्श बैठक से जो मुख्य सिफारिशें उभर कर सामने आईं थी वे निम्नलिखित हैं:–

(i) बाल देखरेख छुट्टियां समान रूप से पुरूष और महिला दोनों कर्मचारियों के लिए लागू की जाए;

(ii) दो वर्ष अर्थात् 730 दिन की छुट्टियों के विद्यमान ढ़ांचे को माता और पिता के बीच बांटा जा सकता है;

(iii) यह हक समान रूप से निजी और औपचारिक/अनौपचारिक/संगठित/असंगठित सैक्टर के कर्मचारियों को भी दिया जाएगा।

(iv) कार्यस्थल पर बालगृह (क्रैच) की सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए; और

(v) नियत समयावधि के लिए पुरूष कर्मचारियों के लिए छुट्टियां अनिवार्य की जानी चाहिए।

## हिन्दू विवाह

6.7 हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 9, जिसका संबंध दांपत्य अधिकारों के प्रत्यास्थापन से है, के संबंध में तारीख 25 मार्च, 2017 को इंडियन सोसाइटी ऑफ इंटरनेशनल लॉ, भगवानदास रोड़, नई दिल्ली में एक परामर्श बैठक आयोजित की गई थी। दिल्ली विश्वविद्यालय इस रिपोर्ट को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है।

### विधिक जागरूकता कार्यक्रम

6.8 कानूनों की जानकारी न होने के आधार पर कोई आदमी बच नहीं सकता है, फिर भी मुख्य बातों में से एक बात यह है कि इससे नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं के अधिकारों का प्रत्याख्यान होता है। इसलिए नागरिकों को अपने कानूनी अधिकारों और हक की जानकारी होनी चाहिए। महिलाओं के सशक्तीकरण, जिसके अंर्तगत ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहीं महिला भी हैं, को सुनिश्चित करने के लिए कानूनी जागरुकता पैदा करना एक अति महत्वपूर्ण क्रियाकलाप है। आयोग राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण/ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों/विधि विभागों/महाविद्यालयों के साथ सहयोग करके पूरे देश में महिलाओं से संबंधित कानूनों के बारे में विधिक जागरुकता कार्यक्रम चला रहा है। वर्ष 2016–17 के दौरान आयोग द्वारा आयोजित विधिक जागरुकता कार्यक्रमों के राज्य–वार ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:

## 2016–17 के दौरान आयोजित विधिक जागरूकता कार्यक्रम

| क्रम सं. | गैर सरकारी संगठन/ संगठनों/ संस्थान का नाम और पता | विधिक जागरूकता कार्यक्रम की सं./महत्व वाले क्षेत्र और किस स्थान पर आयोजित किए गए |
|---|---|---|
| 1. | जिला महिला और बाल विकास विशाखापट्नम, आ.प्र. | विशाखापट्नम में महिलाओं से संबंधित कानूनों के बारे में एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 2. | छत्तीसगढ़ राज्य समाज कल्याण बोर्ड, रायपुर, छत्तीसगढ़ | जिला–बिलासपुर, बालोद, राजनंदगांव, रायपुर, गरीयाबंद, दुर्ग, काबिरधाम, बेमतारा, रायगढ़, बस्तर में महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर बारह विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 3. | छत्तीसगढ़ महिला राज्य आयोग, रायपुर, छत्तीसगढ़ | जिला–कंकर, उत्तर बस्तर, कोन्दागांव, दन्तेवाड़ा, दक्षिण बस्तर, कोरबा, सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर, धामतरी, जानीगीर–चम्पा, जशपुर में महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर दस विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 4. | दिल्ली विश्वविद्यालय उत्तर दिल्ली | जिला–उत्तर दिल्ली में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में दो विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 5. | व्यक्तिगत विधि के लिए केंद्रीय राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय दिल्ली | जिला–दक्षिण पश्चिम दिल्ली में महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 6. | गुजरात राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, गांधीनगर, गुजरात | जिला–अहमदाबाद में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 7. | महिला अध्ययन विभाग, गोवा विश्वविद्यालय, उत्तर गोवा | जिला–उत्तर गोवा में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 8. | कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र, हरियाणा | जिला–कुरूक्षेत्र में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 9. | बीपीएस महिला विश्वविद्यालय सोनीपत, हरियाणा | जिला–सोनीपत में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | जमशेदपुर महिला महाविद्यालय जिला–पूर्व सिंहभूम, झारखंड | जिला–पूर्वी सिंहभूम में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 11. | बीवीवीएस एस.सी. नन्दीमठ विधि महाविद्यालय, बगलकोट, कर्नाटक | जिला–बगलकोट में महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 12. | कर्नाटक विश्वविद्यालय, हेवेरी, कर्नाटक | जिला–हेवेरी में महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 13. | सरकारी पी.जी. महाविद्यालय, रेहली, जिला–सागर, मध्य प्रदेश | ब्लाक–रेहली, जिला–सागर में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में पांच विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 14. | अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी वी.वी. भोपाल, म.प्र. | जिला–भोपाल में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 15. | मध्य प्रदेश राज्य महिला आयोग भोपाल, म.प्र. | जिला–दतिया, विदिशा, शिवपुरी, पन्ना, बेतुल, छिंदवाडा, शाजापुर में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में आठ विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 16. | पी.जी. विधि विभाग, बेरहामपुर विश्वविद्यालय, गंजम, ओडिशा | जिला–गंजम में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 17. | पंजाब राज्य महिला आयोग चंडीगढ़ | जिला–मोहाली, होशियारपुर, अमृतसर, पटियाला, जालंधर में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में पांच विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 18. | तेलंगाना राज्य महिला आयोग सिकन्दराबाद, तेलंगाना | जिला–तेलंगाना में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में दस विधिक जागरूकता कार्यक्रम। |
| 19. | पीएसजी कला और विज्ञान महाविद्यालय, जिला–कोयम्बटूर, तमिलनाडु | जिला–कोयम्बटूर में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 20. | पेरियार विश्वविद्यालय, सेलम, तमिलनाडु | जिला–सलेम, कृष्णागीरी, धर्मापुरी, नमक्कल में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में पांच विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 21. | सरकारी विधि महाविद्यालय, कोयम्बटूर, तमिलनाडु | जिला–कोयम्बटूर में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |

| | | |
|---|---|---|
| 22. | अन्नामलाई विश्वविद्यालय कुड्डालोर, तमिलनाडु | जिला– कुड्डालोर में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 23. | तमिलनाडु राज्य महिला आयोग चेन्नई, तमिलनाडु | जिला–चेन्नई में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में चार विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 24. | मदूरै कामराज विश्वविद्यालय मदूरै, तमिलनाडु | जिला–मदूरै में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 25. | मनोनमनियम सुन्दरनार विश्वविद्यालय तिरूनेलवेली, तमिलनाडु | जिला–तिरूनेलवेली में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 26. | लेडी डार्क महाविद्यालय, मदूरै, तमिलनाडु | जिला–मदूरै में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 27. | महिला अध्ययन केंद्र, अल्गप्पा विश्वविद्यालय, शिवगंगा, तमिलनाडु | जिला–शिवगंगा में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 28. | राष्ट्रीय पी.जी. महाविद्यालय, लखनऊ, उ.प्र. | जिला–हरदोई, बाराबंकी में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में पांच विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 29. | पंडित दीन दयाल उपाध्याय सरकारी डिग्री महाविद्यालय, शाहजहांपुर, उ.प्र. | जिला–शाहजहांपुर, लखीमपुर खेड़ी में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में पांच विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |
| 30. | उत्तराखंड राज्य महिला आयोग देहरादून, उत्तराखंड | जिला–पौडी गढ़वाल परभूम में महिलाओं से संबंधित विधियों के बारे में एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम। |

6.09 आयोजित किए गए विधिक जागरुकता कार्यक्रमों के राज्यवार ब्यौरे नीचे दी गई सारणी में दर्शाए गए हैं:

1 अप्रैल, 2016 से 31 मार्च, 2017 के दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित किए गए विधिक जागरुकता कार्यक्रम

| क्रम सं. | राज्यों के नाम | शिविरों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आन्ध्र प्रदेश | 1 |
| 2. | छत्तीसगढ़ | 22 |
| 3. | दिल्ली | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | गुजरात | 1 |
| 5. | गोवा | 1 |
| 6. | हरियाणा | 2 |
| 7. | झारखण्ड | 1 |
| 8. | कर्नाटक | 2 |
| 9. | मध्य प्रदेश | 14 |
| 10. | ओडिशा | 1 |
| 11. | पंजाब | 5 |
| 12. | तेलंगाना | 10 |
| 13. | तमिलनाडु | 16 |
| 14. | उत्तर प्रदेश | 10 |
| 15. | उत्तराखण्ड | 1 |
| | **कुल** | **90** |

## राज्य महिला आयोगों के साथ नेटवर्किंग

6.10 आयोग ने तारीख 18 मई, 2016 को राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली के परिसर में राज्य महिला आयोगों के साथ एक संवाद बैठक आयोजित की। ऐसी संवाद बैठकों से राष्ट्रीय और राज्य आयोगों के बीच तालमेल स्थापित करने में सहायता मिलती है और विधिक जागरुकता बढ़ाने के लिए अपनाई जाने वाली योजना बनाने के लिए सामान्य सहमति बनाने में भी सहायता मिलती है।

केरल, उड़ीसा, पंजाब, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोगों के अध्यक्षों के साथ सुश्री लालडिंगलियानी सैलो (सदस्य) राष्ट्रीय महिला आयोग और सुश्री रेखा शर्मा (सदस्य) राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय महिला आयोग के कर्मचारी।

**पुलिस कर्मचारियों का क्षमता निर्माण**

6.11 कानून तभी बेहतर है जब इसका क्रियान्वयन भी बेहतर हो। इस बात को ध्यान में रखते हुए आयोग ने पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो (बीपीआरएनडी), गृह मंत्रालय के सहयोग से निम्नलिखित के लिए तीन दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया:

(i) सीडीटीएस रामअंथपुर, हैदराबाद, तेलंगाना में महिलाओं के विरूद्ध अपराध पर विशेष ध्यान केन्द्रित करते हुए महिला पुलिस अधिकारियों के लिए तारीख 14 नवम्बर, 2016 से 16 नवम्बर, 2016 तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और उड़ीसा राज्यों से 40 पुलिस अधिकारियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया।

(ii) तारीख 17 से 19 दिसम्बर, 2016 तक केरल पुलिस अकादमी, थ्रीसूर, केरल में महिला पुलिस अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में केरल से हेड कांस्टेबल/सहायक–उपनिरीक्षक से लेकर निरीक्षकों की रैंक की पुलिस महिला अधिकारियों ने भाग लिया।

(iii) झारखंड पुलिस अकादमी, हजारीबाग, रांची में तारीख 13 फरवरी से लेकर 15 फरवरी, 2017 तक महिलाओं के विरूद्ध अपराध पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित करते हुए महिला पुलिस अधिकारियों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया। इस कार्यक्रम

में झारखंड से सहायक उपनिरीक्षक से निरीक्षकों तक की रैंक की 21 महिला पुलिस अधिकारियों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया।

(iv) महाराष्ट्र पुलिस अकादमी, नासिक, महाराष्ट्र में तारीख 13 फरवरी से लेकर तारीख 15 फरवरी, 2017 तक महिलाओं के विरूद्ध अपराध पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए महिला पुलिस अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों से सहायक उप–निरीक्षक से की रैंक लेकर निरीक्षक की रैंक तक की 21 महिला पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।

(v) पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, अशोक नगर, चेन्नई, तमिलनाडु में महिलाओं के विरूद्ध अपराधों पर विशेष ध्यान केन्द्रित करते हुए महिला पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तमिलनाडु राज्यों से निरीक्षक की पंक्ति की 28 महिला अधिकारियों ने भाग लिया।

(vi) सीडीटीएस, रामअंथपुर, हैदराबाद, तेलंगाना में तारीख 6 मार्च, 2017 से तारीख 10 मार्च, 2017 तक महिलाओं के विरूद्ध अपराध पर विशेष ध्यान केन्द्रित करते हुए महिला पुलिस अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में तेलंगाना राज्य की सहायक पुलिस अधीक्षक की रैंक से लेकर उप–पुलिस अधीक्षक की रैंक तक की 14 महिला पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।

**जेल और आश्रय गृह का दौरा**

6.12 राष्ट्रीय महिला आयोग जेलों, सुधार गृहों, महिलाओं की संस्थाओं या अभिरक्षा का कोई अन्य स्थान जहां पर महिलाओं को कैदियों के रूप में रखा जाता है का दौरा करता है या करवाता है। आयोग संबंधित प्राधिकारियों के साथ सुधारात्मक कार्रवाई, जहां ऐसा अपेक्षित हो, के लिए विचार–विमर्श करता है, अभिरक्षा में महिलाओं की दशा का निर्धारण और विश्लेषण करने के लिए वर्ष 2016–17 के दौरान आयोग के सदस्यों ने निम्नलिखित जेलों का दौरा किया:

(i) तारीख 8 अप्रैल, 2016 को शक्तिधाम महिला पुर्नवास और विकास केन्द्र तथा आश्रय गृह, मैसूर, कर्नाटक।

(ii) तारीख 6 अप्रैल, 2016 को एन.आई.एम.एच.ए.एन.एस. में महिला सहवासियों की दशा का निरीक्षण किया।

(iii) तारीख 28 अगस्त, 2016 से तारीख 31 अगस्त, 2016 तक डम डम जेल, कोलकात्ता, पश्चिम बंगाल में महिला सहवासियों की दशा का निरीक्षण किया;

(iv) तारीख 3 जून, 2016 को नारी निकेतन, चंडीगढ़ का दौरा किया।

(v) तारीख 24 मई, 2016 को गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नौएडा में अवस्थित विश्व निर्मला प्रेम आश्रम का दौरा किया।

(vi) तारीख 7 जून, 2016 को जिला जेल हैदराबाद, तेलंगाना का दौरा किया और

(vii) तारीख 4 मई 2016 को निर्मल छाया (नारी निकेतन) और अल्प अवधि के लिए रूकने का गृह ''आशा किरण आश्रय गृह अवन्तिका, रोहिणी, दिल्ली का भी दौरा किया।

6.13 उपर्युक्त संस्थाओं की दौरों की रिपोर्ट और आगे की जाने वाली कार्रवाई के लिए संबंधित प्राधिकारियों को भेजा गया। दौरों और निरीक्षणों के आधार पर आयोग ने निम्नलिखित सिफारिशें कीः

(i) सरकार नियमित आधार पर सफाई सामग्री और उपस्कर के लिए निधि प्रदान करे;

(ii) स्नानागार और शौचालयों में नई फिटिंग और बुनियादी सफाई करने के उपस्कर के साथ, जैसे कि सफाई के लिए द्रव्य, कपड़ा आदि अपग्रेड किए जाएं;

(iii) मलप्रवाह पाइपों की जांच की जाए और जहां आवश्यकता हो उन्हें बदला जाए;

(iv) सेनेटरी नेपकिनों के निष्कासन के लिए उचित व्यवस्था की जाए;

(v) सभी को साबुन, शेम्पू, टूथपेस्ट, टूथब्रश आदि प्रदान किए जाए;

(vi) महिला डाक्टरों का साप्ताहिक दौरा आयोजित किया जाए;

(vii) एक पूर्ण अस्पताल बनाया जाए;

(viii) मनोरंजन क्रियाकलापों, जैसे कि इन्डोर गेम्स और टेलीविजन, के लिए व्यवस्था की जाए;

(ix) एक सेनेटरी नेपकिन वेंडिंग मशीन लगाई जाए जिसके लिए कैदियों को मुफ्त टोकन दिए जाए;

(x) जेल के आसपास बालगृह सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए;

(xi) राष्ट्रीय महिला आयोग और राज्य महिला आयोगों को पुलिस और न्यायिक अधिकारियों के साथ अधिक से अधिक संवाद करते रहना चाहिए;

(xii) सिद्धदोष को अधिकार की दृष्टि से, सभी कागजपत्र जिसमें वह न्यायिक निर्णय भी है जिसके आधार पर उसे सिद्धदोष किया गया है, दिए जाने चाहिए;

(xiii) कैदी सहवासियों के लिए नियमित रूप से विधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए जिससे उनकी विधिक शिक्षा सुनिश्चित हो सके; और

(xiv) साफ चादरें, तकिए के गिलाफ प्रदान किए जाने चाहिए।

*******

अध्याय-7

# स्वप्रेरणा प्रकोष्ठ

